वर्ष- 12 अंक - 166
लखनऊ, मंगलवार 04 फरवरी 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



5,200 किलोमीटर की नई रेल पटरियां बिछाई गईं : अश्विनी वैष्णव 03
आप ने दिल्ली के साथ किया धोखा : अमित शाह 12

# संसद में गूंजा दलित युवती की हत्या का मामला

## राज्यसभा में नेता विपक्ष व कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खरगे ने मुद्दे को उठाते हुए देश में दलितों पर बढ़ रहे अत्याचारों का दिया हवाला

### जब सांसद ही सुरक्षित नहीं तो आम जनता का क्या होगा : खरगे

एजेंसी





**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में एक दलित युवती की हत्या किए जाने का मामला आज संसद में गूंजा। राज्यसभा में नेता विपक्ष एवं कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खरगे ने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि देश में दलितों पर अत्याचार तेजी से बढ़ रहे हैं।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान खरगे ने दो दिन पहले अयोध्या में एक दलित युवती की हत्या की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि देश में दलितों पर किस कदर अत्याचार बढ़ रहा है, यह मीडिया से पता चल रहा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में वह दलित युवती किसी धार्मिक कार्यक्रम में गई थी, जो सुरक्षित घर नहीं लौटी। उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया और उसके बाद बर्बर तरीके से हत्या कर दी गई। इसके अलावा उन्होंने बिहार के सासाराम में दलित सांसद मनोज राम पर जानलेवा हमले की घटना का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब सांसद सुरक्षित नहीं हैं तो आम जनता के बारे में सहजता से अंदाजा लगाया जा सकता है।

नेता विपक्ष ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में कई विफलताओं को भी सफलता के रूप में बताया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा जब सत्ता में आई तो सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का दावा किया गया लेकिन आज देश का किसान और युवा आत्महत्या करने पर मजबूर है। बेरोजगारी और महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ दी है। ये सरकार चंद अमीरों के विकास की गारंटी देती है। इसलिए आम जनता परेशान है। अमृतकाल पर व्यंग्य करते हुए उन्होंने इसे विषकाल बताया। उन्होंने कहा कि किसानों को एमएसपी और उपज का दोगुना मूल्य देने का वादा आज तक पूरा नहीं किया गया। खरगे ने कहा कि 2013 में गुजरात के मुख्यमंत्री रहने के दौरान मोदी ने कहा था कि रुपया अस्पताल में है। उस वक्त डॉलर के मुकाबले रुपया 60 से कुछ ज्यादा था। इस पर नीरज शेखर ने तीखा प्रतिवाद किया तो खरगे उन पर भड़क गए। खरगे ने गुस्से में लगभग फटकारते हुए कहा, 'तेरे बाप का भी मैं साथी रहा उसको साथ में लेकर मैं घूमता था..चुप बैठ...तू चुप कर बैठ...। इसके बाद नीरज शेखर भी गुस्से में आ गए और उन्होंने कुछ कहा। इस दौरान कुछ देर के लिए सत्ता और विपक्षी सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक हुई और विवाद बढ़ता देख सभापति जगदीप धनखड़ ने मामले को ठंडा किया। खरगे ने कहा कि रुपया अब आईसीयू में है लेकिन मोदी चुप हैं। खरगे ने मणिपुर हिंसा पर मोदी सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने वहां जाना ही मुनासिब नहीं समझा।

### महाकुंभ भगदड़ में हुई मौतों को लेकर हंगामा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को कहा कि पिछले सप्ताह महाकुंभ में मची भगदड़ में हजारों लोगों की मौत हो गई, जिन्हें मैं श्रद्धांजलि देता हूं। उनके इस बयान को लेकर सदन में जोरदार हंगामा हुआ और सभापति जगदीप धनखड़ ने उनसे यह बयान वापस लेने को कहा। खरगे ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सोमवार को राज्यसभा में हुई चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि मेरा कहना है कि वहां (महाकुंभ भगदड़ में) हजारों लोग मारे गए। अगर आप कहते हैं कि मैं गलत हूं तो कम से कम वहां हुई मौतों की सही संख्या की रिपोर्ट जारी कर दें। उनके इस बयान पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा किया। इस पर खरगे ने कहा, मैंने किसी को दोषी ठहराने के लिए हजारों नहीं कहा लेकिन कितने लोग मारे गए, कम से कम यह जानकारी तो दें।

### विपक्ष ने किया सदन से वॉकआउट

**महाकुंभ त्रासदी पर तत्काल चर्चा से इनकार के बाद विपक्ष आक्रोशित**

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में विपक्षी दलों ने महाकुंभ में पिछले सप्ताह हुई भगदड़ की घटना पर सोमवार को तत्काल चर्चा की मांग को स्वीकार न किये जाने पर सदन से वॉकआउट किया। सोमवार को सुबह सदन की कार्रवाई शुरू होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि उन्हें नियम 267 के तहत दिन के सूचीबद्ध कार्य को स्थगित करने और नोटिस में उल्लिखित मुद्दों को उठाने के लिए नौ नोटिस मिले हैं, जिसमें महाकुंभ मामले पर चर्चा भी शामिल है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी के प्रमोद तिवारी और दिग्विजय सिंह, तृणमूल कांग्रेस की सागरिका घोष, समाजवादी पार्टी के जावेद अली और रामजी लाल सुमन और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जॉन ब्रिटास ने महाकुंभ मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हुए नोटिस दिए थे। सभापति धनखड़ ने नियम 267 के तहत नोटिस के बारे में अपने पहले के फैसलों का हवाला देते हुए इन नोटिसों को मंजूरी नहीं दी।

### भगदड़ की घटना पर पर्दा डालने की हो रही कोशिश



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी की राज्यसभा सदस्य एवं फिल्म अभिनेत्री जया बच्चन ने आरोप लगाया कि महाकुंभ में हुई भगदड़ की घटना पर पर्दा डालने की कोशिश हो रही है। जया बच्चन ने सोमवार को संसद परिसर में मीडियाकर्मियों से कहा कि महाकुंभ में गरीबों और आम आदमी की कोई सहायता नहीं की जा रही है और न ही उसके लिए कोई व्यवस्था की जा रही है। बच्चन ने आरोप लगाया कि भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के शवों को नदी में फेंक दिया गया है, जिससे जल प्रदूषित हो गया है। उल्लेखनीय है कि सपा महाकुंभ में हुई भगदड़ की घटना को जोर-शोर से उठा रही है। मेला प्रशासन के मुताबिक भगदड़ में 30 लोगों की मौत हुई और 60 के करीब लोग घायल हैं। जया बच्चन ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश सरकार आंकड़े छिपा रही है।

# महाकुंभ का आखिरी अमृत स्नान, 2.57 करोड़ लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी



समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** वसंत पंचमी पर महाकुंभ का तीसरा और अंतिम अमृत स्नान देर रात जारी रहा, खबर लिखे जाने तक 2.57 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने अमृत स्नान किया ।

हाथों में तलवार-गदा, डमरू और शंख। शरीर पर भभूत। आंखों पर काला चश्मा। घोड़े और रथ की सवारी। हर-हर महादेव का जयघोष करते हुए साधु-संत स्नान के लिए संगम पहुंचे। सबसे पहले पंचायती निरंजनी अखाड़े के संत संगम में अमृत स्नान किया। फिर सबसे बड़े जूना अखाड़े के साथ किन्नर अखाड़े ने डुबकी लगाई। शाम 5 बजे तक सभी 13 अखाड़ों ने स्नान कर लिया। संतों का आशीर्वाद लेने के लिए लाखों श्रद्धालु संगम पर थे। लोग नागा साधुओं की चरण रज माथे पर लगाते नजर आए। 30 से ज्यादा देशों के लोग भी अमृत स्नान देखने के लिए संगम पहुंचे। हेलिकॉप्टर से संगम पर 20 क्विंटल फूल बरसाए गए। संगम जाने वाले सभी रास्तों पर 10 किमी तक श्रद्धालुओं का रेला है। प्रयागराज जंक्शन से 8 से 10 किमी पैदल चलकर लोग संगम पहुंच रहे हैं। भीड़ को देखते हुए लेटे हनुमान मंदिर को बंद कर दिया गया है। मेला क्षेत्र के सभी रास्ते वन-वे हैं। महाकुंभ मेले में 60 हजार से ज्यादा जवान तैनात हैं। भीड़ संभालने के लिए 100 से ज्यादा नए आईपीएस को भी उतारा गया है। हेलिकॉप्टर से भीड़ की मॉनिटरिंग की जा रही है। 2750 सीसीटीवी भी लगाए गए हैं। लखनऊ में सीएम आवास पर कंट्रोल रूम बनाया गया है।

#### काशी में होगा चौथा अमृत स्नान

तीर्थराज प्रयाग में समंग की पावन रेती पर चल रहे महाकुम्भ का समापन होली के बाद काशी में रंगपंचमी के दिन होली खेलने के बाद होगा। यही नहीं, संगम में तीन अमृत स्नान पूरे करने के बाद प्रमुख अखाड़ों के सन्यासी महादेव की नगरी वाराणसी में महाशिवरात्रि के दिन अमृत स्नान (शाही स्नान) करेंगे। इसके पहले वहां पेश्वाई की रस्म अदा की जायेगी। महंत रविंद्र पुरी ने बताया कि, 7 फरवरी को अखाड़े कुम्भ क्षेत्र से काशी के लिये रवाना हो जाएंगे।



## संक्षिप्त समाचार

### उप-सभापति पैनल का पुनर्गठन आठ सदस्यों को मिली जगह

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आज राज्यसभा के 267वें सत्र के लिए उप-सभापतियों के पैनल का पुनर्गठन करते हुए सदन के आठ सदस्यों को इसमें शामिल किया है। इनमें चार महिला सदस्य भी हैं। धनखड़ ने बजट सत्र के तीसरे दिन सदन को बताया कि उप-सभापतियों के पैनल का पुनर्गठन किया गया है। मनोनीत किए गए कुल आठ उप-सभापतियों में से चार महिला सदस्य हैं। पैनल की चार महिला सदस्यों में सुनेत्रा अजित पवार, सुष्मिता देव, किरण चौधरी और संगीता यादव हैं। चार अन्य सदस्यों में घनश ?याम तिवाड़ी, डॉ. दिनेश शर्मा, पी. विल्सन और विक्रमजीत सिंह साहनी हैं।

### भारत की अंडर-19 महिला टीम को पांच करोड़ का पुरस्कार

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप का खिताब जीतने वाली भारत की अंडर-19 महिला टीम को पांच करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। बीसीसीआई ने टूर्नामेंट में भारतीय टीम के असाधारण प्रदर्शन के लिए यह पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की है। इसी के साथ टीम की मुख्य नूशिन अल खादीर के साथ-साथ उनके सहयोगी स्टाफ की भी सराहना की। बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा, अंडर-19 महिला विश्वकप को बरकरार रखने के लिए हमारी लड़कियों को बधाई।

### कांकेर मुठभेड़ में आठ लाख का इनामी नक्सली मारा गया

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के सीमावर्ती क्षेत्रांतर्गत थाना कोयलीबेड़ा के पानीडोबीर के जंगल में हुई मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर हो गया। सोमवार सुबह घटना स्थल की सर्चिंग करने पर एक वर्दीधारी पुरुष नक्सली का शव और एक नग एसएलआर रायफल व अन्य नक्सल सामग्री बरामद की गई है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गये नक्सली की पहचान उत्तर बस्तर डिवीजन मिलिट्री कंपनी नम्बर 5 सदस्य 8 लाख का इनामी जतिन मंडावी के रूप की गयी है। उन्होंने बताया गया कि वर्ष 2025 में नक्सल विरोधी अभियान संचालित के दौरान बीते 34 दिनों में कुल 34 हार्डकोर नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं।

### बंगाल में उज्ज्वला कनेक्शन के 14 लाख मामले लंबित

**हुगली।** पश्चिम बंगाल सरकार की जिला उज्ज्वला समितियों का गठन नहीं करने के लिए आलोचना की गई है, कई गरीब परिवारों को उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने में देरी हुई है। भाजपा के राज्यसभा सांसद शामिक भट्टाचार्य द्वारा कहा गया है कि केंद्र सरकार के आग्रह के बावजूद जनवरी-2024 तक बंगाल के किसी भी जिले में कोई भी जिला उज्जवला समिति का गठन नहीं किया गया।

### भूटान नरेश का सीएम योगी ने किया भव्य स्वागत



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भूटान के नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक अपने आधिकारिक दौरे पर पहली बार लखनऊ पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया। उनके इस दौरे को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। शहर में कई इलाकों में ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया गया है। भूटान नरेश होटल ताज में ठहरेंगे और अपने प्रवास के दौरान राजभवन में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के साथ डिनर करेंगे। 4 फरवरी को लखनऊ से प्रयागराज कुम्भ स्नान करने जाएंगे। वह अक्षयवट, हनुमान मंदिर और डिजिटल महाकुंभ एक्सपीरियंस सेंटर का दौरा करेंगे।

# यूपी : प्रिंसिपल-टीचरों की कमी से छात्र परेशान

**हाईकोर्ट ने यूपी सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने में हुई देरी के संबंध में 10 दिनों के भीतर हलफनामा दाखिल करने के दिए निर्देश**

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी में टीचरों की कमी को लेकर तीखी टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि उत्तर प्रदेश में यह सर्वविदित तथ्य है कि प्रधानाचार्यों और सहायक अध्यापकों की अनुपलब्धता के कारण छात्र परेशान हैं।

जस्टिस प्रकाश पाडिया ने यह आदेश कमेटी आफ मैनेजमेंट कृषि औद्योगिक विद्यालय एएयू अतर्रा बांदा की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। याचिका के मार्फत स्वीकृत पदों के अनुसार शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्तियां न किए जाने से व्यथित होकर स्कूल ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। याचिका के अनुसार स्कूल में एक प्रधानाध्यापक, दो सहायक अध्यापक, एक क्लर्क और दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद जून 2022 से रिक्त हैं। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार के अधिकारियों के बीच कई बैठकों के बावजूद अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया जा सका है। दरअसल, पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने हेडमास्टर और शिक्षकों की नियुक्ति की समय सीमा को लेकर अस्पष्टता की ओर इशारा किया था। 10 दिसम्बर, 2024 को न्यायालय ने विशेष रूप से टिप्पणी की थी कि बड़ी संख्या में रिक्तियों के कारण राज्य की शिक्षा की गुणवत्ता से समझौता हो रहा है तथा इस मुद्दे के समाधान में कोई प्रगति नहीं हुई है। केस की सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा महानिदेशक, बेसिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश को स्पष्ट रिपोर्ट या प्रस्ताव के लिए शासन के पत्र भेजे जाने के बावजूद आज तक ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं भेजा गया है। इस तथ्य का संज्ञान लेते हुए एकल न्यायाधीश ने उत्तर प्रदेश के शिक्षा महानिदेशक बेसिक को राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने में हुई देरी के संबंध में दस दिनों के भीतर अपना व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।

### आतंकवादी हमले से दहला कश्मीर, पूर्व सैनिक की मौत

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकवादियों द्वारा हमला किए जाने के बाद घायल हुए एक पूर्व सैनिक की सोमवार को मौत हो गई। पूर्व सैनिक की पत्नी और बेटी भी हमले में घायल हुए बताए जा रहे हैं। जानकारी देते एक अधिकारी ने बताया कि कुलगाम के बेहीबाग इलाके में आतंकवादियों द्वारा हमला किए जाने के बाद एक पूर्व सैनिक, उनकी पत्नी और बेटी घायल हो गए। उन्होंने कहा कि तीनों को घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया, जहां मंजूर अहमद वागे नामक पूर्व सैनिक की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी और बेटी की हालत स्थिर बताई जा रही है। इस बीच हमलावरों को पकड़ने के लिए सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है।

# श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र की हालत गंभीर

समृद्धि न्यूज

**संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान ने जारी किया हेल्थ बुलेटिन**

**लखनऊ ।** अयोध्या के राम जन्म-भूमि मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सत्येंद्र दास (85) की 'ब्रेन स्ट्रोक (मस्तिष्काघात) के कारण तबीयत बिगड़ गई और उन्हें लखनऊ के संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

एसजीपीजीआई ने सोमवार को एक बयान में कहा, ''सत्येंद्र दास जी को रविवार को भर्ती कराया गया और न्यूरोलॉजी वॉर्ड में उनका उपचार किया जा रहा है। उन्हें 'ब्रेन स्ट्रोक हुआ है। मधुमेह तथा उच्च रक्तचाप की समस्या है। इसमें कहा गया, ''उनकी हालत गंभीर है, लेकिन फिलहाल वह देख-सुन पा रहे हैं। वह चिकित्सकों की कड़ी निगरानी में हैं। गौरतलब है कि छह दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद विध्वंस के समय दास अस्थायी राम मंदिर के पुजारी थे। सबसे लंबे समय तक राम मंदिर में सेवा देने वाले दास की उस समय उम्र मात्र 20 वर्ष थी और उन्हें सेवा देते हुए मुश्किल से नौ माह हुए थे।

### राहुल गांधी का राजनीतिक झूठ राष्ट्र के लिए नुकसानदायक : जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने सोमवार को लोकसभा में राहुल गांधी की टिप्पणी को झूठ करार देते हुए कहा है कि उनकी राजनीतिक टिप्पणी विदेश में राष्ट्र को नुकसान पहुंचाती है। जयशंकर ने एक्स पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री के निमंत्रण के बारे में उनकी अमेरिकी यात्रा के दौरान किसी भी स्तर पर चर्चा नहीं की गई। यह सामान्य ज्ञान है कि प्रधानमंत्री इस तरह के आयोजनों में शामिल नहीं होते हैं। वास्तव में भारत का प्रतिनिधित्व आम तौर पर विशेष दूत करते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जानबूझकर दिसंबर-2024 में उनकी अमेरिकी यात्रा के बारे में एक झूठ बोला है।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार थमा, कल पड़ेंगे वोट

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार सोमवार शाम 5 बजे थम गया। चुनाव के आखिरी दिन प्रमुख पार्टियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। दिल्ली विधानसभा में इस बार आम आदमी पार्टी (आआपा) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच में कड़ा मुकाबला दिख रहा है। इसी बीच कांग्रेस पार्टी भी अपना खोया जनाधार वापस पाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है।

दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए 5 तारीख को वोट डाले जाएंगे। इस चुनाव में 699 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आआपा सभी 70 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इस चुनाव में भाजपा ने 68 सीटों पर उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं, जबकि दो सीटें उसने अपने गठबंधन के दलों के लिए छोड़ी हैं।

चुनाव आयोग ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। दिल्ली में 1 करोड़ 56 लाख 14 हजार मतदाता हैं दिल्ली में मतदाताओं की कुल संख्या एक करोड़ 56 लाख 14 हजार है। इनमें से 83 लाख 76 हजार 173 पुरुष और 72 लाख 36 हजार 560 महिला मतदाता है। इसके अतिरिक्त 1,267 ट्रांसजेंडर मतदाता और 12,736 सेवा मतदाता हैं। 79,885 दिव्यांग मतदाता हैं।

वहीं पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं की संख्या 2,39,905 है। इनके लिए आयोग ने 13766 मतदान केंद्र बनाए हैं। यह मतदाता दिल्ली के 699 उम्मीदवारों का फैसला 5 फरवरी को करेंगे। 8 फरवरी को होने वाली मतगणना के लिए 11 जिलों में 19 गिनती केंद्र बनाए गए हैं।

चुनाव

**10 प्रत्याशी आजमाएंगे अपनी किस्मत, मुख्य मुकाबला बीजेपी और समाजवादी पार्टी के बीच**

# मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए थमा प्रचार अभियान, मतदान कल

समृद्धि न्यूज




**अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार का शोर सोमवार सायंकाल से थम गया है। मिल्कीपुर में 5 फरवरी को उपचुनाव के लिए मतदान होगा। 8 फरवरी को मतों की गिनती के बाद परिणाम घोषित किए जायेंगे। यहां पर कुल 10 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। हालांकि मुख्य मुकाबला बीजेपी और समाजवादी पार्टी के ही बीच माना जा रहा है।

इस सीट पर उपचुनाव समाजवादी पार्टी (सपा) विधायक अवधेश प्रसाद के फैजाबाद सीट से सांसद चुने जाने के बाद हो रहा है। सपा ने अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद पर दांव लगाया है। भाजपा ने प्रत्याशी चन्द्रभानु पासवान को प्रत्याशी बनाया है। सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर के साथ मिल्कीपुर विधानसभा निर्वाचन उपचुनाव 2025 को निष्पक्ष, पारदर्शिता से सम्पन्न कराये जाने हेतु अब तक की गयी तैयारियों के सम्बंध में बताया कि मिल्कीपुर में 414 मतदेय स्थलों पर मतदान कराने की पूर्ण तैयारी कर ली गयी है। उपनिर्वाचन को शांतिपूर्ण कराने के लिए 210 मतदेय स्थल पर वेवकास्टिंग, 25 पर वीडियोग्राफी, 71 मतदान केन्द्र पर माइको आब्जर्बर, 09 टीम उड़नदस्ता, 09 टीम स्टेटिक निगरानी टीम, 06 टीम वीडियो निगरानी टीम, 02 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, 04 जोनल मजिस्ट्रेट व 41 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किये गये है।

### लोग वस्त्र से नहीं, विचार से योगी होते हैं : अखिलेश

**अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मिल्कीपुर के मतदाता भाजपा की सांप्रदायिक राजनीति को हराने जा रहे हैं। अखिलेश यादव ने सपा सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद के पक्ष में मतदाताओं से वोट करने की अपील की। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी का नाम लिए बगैर हमला करते हुए कहा कि लोग वस्त्र से नहीं विचार से योगी होते हैं, लेकिन कई लोग कपड़े पहनने से अपने आप को योगी समझ लेता है। जो सत्य के राह पर चले वही योगी होता है लेकिन जो सत्य को छुपाए वह योगी नहीं होता है। अखिलेश यादव ने महाकुम्भ के हादसे पर कहा कि मृत्यु से बड़ा कोई सत्य नहीं होता लेकिन यह लोग मृत्यु पर भी सत्य नहीं बोल रहे हैं। हमारी सनातन परंपरा को बदनाम करने का काम इस सरकार ने किया है।

# सिफ्त कौर सामरा व जोनाथन एंथनी ने शूटिंग में जीता स्वर्ण

समृद्धि न्यूज



**देहरादून।** उत्तराखंड के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज त्रिशूल हॉल में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल में सोमवार को पंजाब की सिफ़्त कौर सामरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला 50 मीटर 3 पोजीशन इवेंट में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पंजाब की ही अंजुम मौदगिल ने रजत पदक जीता जबकि तेलंगाना की सुरभि भारद्वाज रपोले ने कांस्य पदक हासिल किया।

इस कड़े मुकाबले में भारत की शीर्ष निशानेबाजों ने भाग लिया। केरल की विदर्शा विनोद ने नील पोजीशन के बाद बढ़त बना ली थी, लेकिन अंत तक उसे बरकरार नहीं रख सकीं। सिफ़्त कौर सामरा ने 461.2 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीत लिया, जबकि अंजुम मौदगिल ने 458.7 के स्कोर के साथ रजत पदक और सुरभि भारद्वाज रपोले ने 448.8 के स्कोर के साथ कांस्य पदक हासिल किया। अपनी जीत पर खुशी जाहिर करते हुए सिफ़्त कौर सामरा ने कहा, ओलंपिक्स के बाद यह मेरे लिए एक तरह की वापसी थी। मैंने कोई ब्रेक नहीं लिया और लगातार अभ्यास किया।

## उत्तर प्रदेश में रेलवे के विकास के लिए वर्ष 2025-26 के लिए 19,858 करोड़ रुपए आवंटित

# 5,200 किलोमीटर की नई रेल पटरियां बिछाई गईं

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/गोरखपुर।** रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार अश्विनी वैष्णव ने वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु उत्तर प्रदेश में रेल परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने हेतु रिकार्ड बजट आवंटन हेतु प्रधानमंत्री मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में रेल के विकास के लिए कुल 1,04,000 करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है। जिससे प्रदेश में दोहरी लाइन, तीसरी लाइन, अमृत भारत स्टेशन आदि का कार्य तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में रेलवे के विकास के लिए वर्ष 2025-26 हेतु 19,858 करोड़ रुपए आवंटित किए गए है, जो कि यूपीए सरकार (वर्ष 2009-14) की तुलना में 18 गुना ज्यादा है। श्री वैष्णव ने वीडियो




कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये उत्तर, उत्तर-मध्य एवं पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक एवं मंडल रेल प्रबन्धक की उपस्थिति में स्थानीय पत्रकारों को बजटीय प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश में पिछले 10 सालों में 5,200 किलोमीटर के रेलवे ट्रैक बिछाए गए हैं जो कि पूरे स्विट्जरलैंड अथवा बेल्जियम के रेलवे ट्रैक की लंबाई से अधिक है। उन्होनें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होनें उत्तर प्रदेश हेतु स्वीकृत रेल परियोजनाओं को समय से पूरा कराने के लिए विशेष रूचि ली और उन्हें पूरा कराने में सराहनीय योगदान दिया। श्री योगी ने कानपुर में एलिवेटेड ट्रैक परियोजना में आ रही अड़चनों को दूर कर विशेष योगदान दिया है। रेल मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 157 स्टेशनों को अमृत स्टेशन के रूप में विकसित कर उनकी क्षमता बढ़ाई जा रही है। उत्तर प्रदेश में 14 वंदे भारत ट्रेनों का संचलन 20 जिलों से होकर किया जा रहा है तथा उनका ठहराव 25 स्टेशनों पर दिया गया है। दरभंगा-आनन्द विहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस का उत्तर प्रदेश के 10 जिलों में अवस्थित 10 स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है।

गोरखपुर, लखनऊ एवं वाराणसी से अमृत भारत एक्सप्रेस के संचलन संबंधी प्रश्न का उत्तर देते हुए रेल मंत्री ने स्पष्ट किया कि अमृत भारत ट्रेनों के लिए सुनियोजित तरीके से कार्य किया जा रहा है। पुणे, बैंग्लोर, चेन्नई, दिल्ली में नये टर्मिनल बनाये जा रहे है। आगामी चार वर्षों में इन स्टेशनों से/के लिए कई गाड़ियां चलाई जा सकेंगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक यात्रा टिकट पर 55 प्रतिशत की रियायत दी जाती है। इस वर्ष 740 करोड़ यात्रियों ने भारतीय रेल पर यात्रा की। जुलाई, 2024 से अबतक 40,000 करोड़ के लागत की रेल परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2009-14 में आवंटित पूंजीगत व्यय ? 45,900 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए में भारतीय रेल पर पूंजीगत व्यय के लिए 2,65,200 करोड़ आवंटित किया गया है।

भारतीय रेल पर संरक्षा हेतु बजट में 1,16,514 करोड़ का आवंटन किया गया। रोड ओवर ब्रिज/रोड अण्डर ब्रिज के लिए वर्ष 2009-14 में औसतन प्रतिवर्ष आवंटित ? 916 करोड़ की तुलना में वर्ष 2025-26 हेतु ? 7,000 करोड़ का आवंटन किया गया। वर्ष 2025-26 में ट्रैक रिन्यूवल हेतु 22,800 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

### तेजी से चल रही कवच प्रणाली लागू करने की प्रक्रिया

श्री वैष्णव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 4800 किमी रेल नेटवर्क में कवच प्रणाली लागू करने हेतु कार्यवाही तेजी से चल रही है और आगामी छः वर्षों में सम्पूर्ण भारतीय रेल पर कवच प्रणाली लागू कर दी जायेगी। इसके उपरान्त पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर ने कहा कि गोरखपुर जं. स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य तीन वर्षों में पूरा कर लिया जायेगा। गोरखपुर जं. रेलवे स्टेशन पर नये फुट ओवर ब्रिज का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। उन्होनें कहा कि सहजनवा-दोहरीघाट, घुघली-महराजगंज-आनन्द नगर तथा खलीलाबाद-बहराइच नई लाइन निर्माण के संबंध में तेजी से कार्यवाही चल रही है। गोरखपुर कैंट-गोरखपुर के मध्य तीसरी लाइन निर्माण का कार्य शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जायेगा।

# नगर निगम में कर्मचारियों का हंगामा
# पूरे शहर में कूड़ा उठाने का काम किया बंद

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** लखनऊ नगर निगम मुख्यालय पर सफाई कर्मियों ने हंगामा किया। कर्मचारी पिछले तीन दिनों से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। सोमवार को निगम कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी की और अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है।

सफाई कर्मचारी नगर निगम की तरफ से सफाई का टेंडर हैदराबाद की निजी कंपनी 'रामकी' को देने के विरोध में एकजुट हैं। शहर के सभी आठ जोन में कूड़ा उठाना और सफाई का काम बंद कर दिया है। राजधानी में सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए नगर निगम ने बड़ा बदलाव किया है, लेकिन इस बदलाव के खिलाफ सफाई कर्मचारियों ने मोर्चा खोल दिया है।

नगर निगम के सभी जोन के सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी, जिससे




कई इलाकों में कूड़ा जमा हो गया। उत्तर प्रदेश कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राहुल वाल्मीकि ने कहा नगर निगम ने 'रामकी कंपनी को टेण्डर दिया है। कंपनी को सफाई कार्य का कोई अनुभव नहीं है। इस मामले की जांच होनी चाहिए। नई व्यवस्था से सफाई कर्मचारियों और आम लोगों को समस्या होगी।

### एलडीए ने बिना रजिस्ट्री व नक्शा पास कॉलोनी को किया ध्वस्त

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने सोमवार को बख्शी का तालाब क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। जोन-5 के टिकारी गांव में बजरंग प्रॉपर्टीज द्वारा अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी पर बुलडोजर चलाया गया। बजरंग प्रॉपर्टीज के मालिक विशाल यादव ने लगभग 5 बीघा जमीन पर बिना नक्शा पास कराए अवैध आवासीय प्लॉटिंग की थी। करीब तीन साल पहले प्रॉपर्टी डीलर ने किसान से जमीन का एग्रीमेंट कराया था, लेकिन रजिस्ट्री नहीं कराई। इतना ही नहीं, किसान को दबाव में लेकर जमीन पर पक्का निर्माण, कमरा, सड़क और बाउंड्री वॉल का निर्माण कर लिया। एलडीए की कार्रवाई में जेसीबी से बजरंग प्रॉपर्टीज का कार्यालय, सड़क और साइड डिमार्केशन को ध्वस्त किया गया। जोन-5 के अवर अभियंता इम्तियाज अहमद ने बताया कि प्रॉपर्टी डीलर ने एलडीए से ले-आउट स्वीकृत कराए बिना ही निर्माण और विकास कार्य शुरू कर दिया था। प्रवर्तन टीम ने प्राधिकरण पुलिस और बीकेटी थाने के पुलिस बल की मदद से यह कार्रवाई की और जमीन को कब्जा मुक्त करा लिया।

## खबरें एक नजर में

### कराटे चैम्पियनशिप में सी.एम.एस. छात्र ने जीते दो गोल्ड



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस के कक्षा-7 के प्रतिभाशाली छात्र अर्णव पाण्डेय ने द्वितीय इण्टर-स्कूल वाडो काई कराटे चैम्पियनशिप में 2 गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस चैम्पियनशिप के अन्तर्गत अर्णव ने 70 किग्रा से अधिक भार वर्ग में इण्डिविजुअल काटा एवं इण्डिविजुअल क्यूमिटे प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल अर्जित किया है। चैम्पियनशिप का आयोजन वाडो काई कराटे एसोसिएशन, उ.प्र. के तत्वाधान में सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, अलीगंज, लखनऊ में किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस चैम्पियनशिप में विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के चुने हुए छात्र खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर कराटे में अपनी प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस होनहार बाल खिलाड़ी के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### सनतकदा मेले में आग से भगदड़, फ्रिजों के कम्प्रेसर हुए ब्लास्ट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ बारादरी परिसर में चल रहे सनतकदा मेले में आग लगने से भगदड़ मच गई। मौके पर दमकल की 4 गाड़ियां पहुंची हैं। आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। घटना के कारण बारादरी की तरफ जाने वाले लोगों को रोक दिया गया है। यहां मेले में खाने-पीने के स्टॉल लगे हैं। इसकी फायर एनओसी नहीं होने की भी बात सामने आई है। कार्यक्रम सनतकदा संस्था द्वारा संचालित कराया जा रहा है। इसकी संयोजक माधवी कुकरेजा हैं। बारादरी परिसर में 31 जनवरी से महिंद्रा सनतकदा लखनऊ महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। मेला चार फरवरी तक चलेगा। आग सोमवार दोपहर 2 बजे मेला परिसर में स्टॉलों से धुआं उठता दिखा। देखते ही देखते कई स्टॉल आग की चपेट में आ गए। मेले में जो खाने पीने के स्टॉल लगे हैं वहां घरेलू सिलेंडर का उपयोग हो रहा था। आग के कारण फ्रिज के कम्प्रेसर फटने लगे। धमाके की आवाज से लोग भागे। मौके पर मौजूद सीएफओ मंगेश कुमार का कहना है कि खाना बनाते समय आग लगी थी। शॉर्ट सर्किट को लेकर भी जांच की जा रही है।

### जनपथ मार्केट में आग से स्कूल यूनीफार्म की दुकान जली

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में हजरतगंज स्थित जनपथ मार्केट में स्कूल यूनीफार्म की दुकान में सोमवार सुबह आग लग गई। दुकान से धुआं निकलता देख मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गई। दमकल की दो गाड़ियों ने 25 मिनट में आग पर काबू पा लिया। जनपथ मार्केट की पार्किंग में स्कूल यूनीफार्म की दुकान में आग निकलते देख गुरुमीत बत्रा ने फायर स्टेशन को घटना की सूचना दी। एफएसओ हजरतगंज के मुताबिक पार्किंग में स्थित दुकान में शार्ट सर्किट से आग की सूचना मिली थी। मौके पर दो गाड़ियों के साथ पहुंचे दमकल कर्मियों ने पानी डालकर आग को बुझाना शुरू किया। 25 मिनट पर में आग पर काबू पा लिया गया। दुकान बंद होने से आग बुझाने में दिक्कत आई। छोटे एरिया में आग लगी होने के साथ समय पर आग पर काबू पाने से बड़ा हादसा होने से बच गया। वहीं मार्केट भी खुली नहीं थी, जिससे दमकल की गाड़ियों को पहुंचने में कोई दिक्कत नहीं हुई।

### कूड़े के पटाव से गाजी हैदर नाले का अस्तित्व समाप्त

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के तालकटोरा,, धनिया महरी पुल, राजाजीपुरम् के एक बड़े हिस्से से होकर गुजरने वाले हैदर कैनाल नाले का अस्तित्व समाप्त होने की कगार पर पहुंच गया है। राजाजीपुरम् वार्ड के क्षेत्र से होकर गुजरने वाले नाले पर दोनों तरफ अवैध अतिक्रमण और कूड़े के पटाव के चलते नाला विलुप्त हो रहा है। वार्ड के सभासद सहित विधायक अपने क्षेत्र में नाली व नाले की सफाई व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं दे रहे है। सफाई का कार्य कागजों पर ही हो रहा है। गाजी हैदर कैनाल के दोनों तरफ बसे अवैध बाग्लादेशी और रोहिग्याओं ने नाले को ही कूड़ा घर बना रखा है। नाले की हालत देखकर तो यही लगता है कि सफाईकमी एकत्र कूड़ा नाले में ही फेक कर नाले को पाटने का प्रयास कर रहे है। जोन-2 के जोन अधिकारी भी आंखों पर पट्टी बांधे हुये है। महापौर सारे अधिकारियों से शहर में सफाई व्यवस्था की रिपोर्ट मांग रही है एक बार केवल गाजी हैदर कैनाल की दुर्दशा को देख ले तो शहर की सफाई व्यवस्था का सारा सच उजागर हो जायेगा।

### प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करेंगी राज्यपाल

**लखनऊ-गोरखपुर,समृद्धि न्यूज।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित हो रहे हीरक जयंती समारोह को कुशलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए कुलपति प्रो. पूनम टंडन की अध्यक्षता में अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष एवं अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन ने बताया कि हीरक जयंती के अवसर पर आयोजित हो रहे हीरक जयंती अन्तर्जनपदीय प्रतियोगिता के विजेताओं को कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल द्वारा 03 मार्च को विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। कुलाधिपति ने विश्वविद्यालय में अपने आगमन की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस अवसर पर कस्तूरबा आवासीय विद्यालयों की छात्राओं में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए सामूहिक टीकाकरण अभियान भी आरंभ किया जाएगा। विश्वविद्यालय द्वारा सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए जागरूकता मुहिम नोडल अधिकारी प्रोफेसर दिव्या रानी सिंह द्वारा आरंभ किया जा चुका है।

### 15 को सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ लखनऊ के तत्वाधान में वार्षिक सम्मेलन, सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान एवं नवनियुक्त शिक्षक परिचय समारोह का आयोजन 15 फरवरी 2025 को क्वींस इंटर कॉलेज आयोजित किया गया है। इस आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए मंगलवार को क्वींस इंटर कॉलेज लालबाग में तैयारी समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक का आयोजन संघ के प्रादेशिक उपाध्यक्ष/प्रवक्ता एवं जिला संरक्षक डॉक्टर आरपी मिश्र के निर्देशन में तथा जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा की अध्यक्षता में किया जाएगा। बैठक में सभी पदाधिकारियों को आने का आह्वान किया गया है। संघ ने जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं वरिष्ठ सक्रिय शिक्षकों से अनुरोध किया है कि वे बैठक में समय से उपस्थित हों।

### सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को परशुराम शौर्य समाज द्वारा सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का वृहद आयोजन हुआ जिसमें संस्था के संस्थापक स्वामी राम अवस्थी के शुभ कर कमल द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसमें मुख्य रूप से आलोक दीक्षित, अंकुर दिक्षित, करण शुक्ला, महेंद्र नाथ पांडे, हिमांशु शेखर आवस्थी, शशि प्रभा, चंद्रमणि मिश्रा, रागिनी अवस्थी, स्नेह अवस्थी, सुधीर पांडे, अर्चना अवस्थी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहकर सहयोग की सेवा प्रदान की।

# प्रशिक्षण केंद्र में औद्यानिक फसलों की पौधशाला नर्सरी तैयार करने की देंगे तकनीकी ट्रेनिंग

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उद्यान, कृषि विपणन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने सोमवार को नवनिर्मित किसान प्रशिक्षण भवन एवं प्रशिक्षण केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि किसानों को औद्यानिक फसलों, फल एवं सब्जियों की पौधशाला नर्सरी तैयार करने की तकनीकी ट्रेनिंग दी जायेगी। किसानों को नर्सरी लगाने, बीजों की बुवाई और अंकुरण से लेकर पौध तैयार करने तक की नर्सरी प्रबंधन की नई विधियां और तकनीकें सिखाई जाएंगी। यहां पर किसानों को प्रदेश की मिट्टी और जलवायु के अनुसार खेती करने की जानकारी भी दी जायेगी।

आलमबाग में राजकीय उद्यान के राष्ट्रीय कृषि विकास योजना में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर आर्नामेंटल प्लांट्स के तहत नवनिर्मित किसान प्रशिक्षण भवन एवं प्रशिक्षण केंद्र का उद्यान, कृषि विपणन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने उद्घाटन किया। देश व प्रदेश के सभी किसान भाईयों को आधुनिक सुविधायुक्त इस प्रशिक्षण केन्द्र के संचालित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि योगी सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। जिसके लिए केन्द्र एवं प्रदेश की सरकार किसानों के कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं चला रही है। आधुनिक तकनीकी व सुविधाओं से युक्त इस प्रशिक्षण भवन को संचालित किया गया है। इसके माध्यम से उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की जानकारी दी जायेगी। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार ने कहा कि चार करोड़ 98 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित इस किसान प्रशिक्षण भवन में क्लास रूम, प्रशिक्षक कक्ष, प्रदेश और प्रदेश के बाहर से आने वाले किसानों के रुकने के लिए सौ बेड की डॉरमेट्री, लाइब्रेरी, स्टोर, किसान प्रशिक्षण हॉल सहित कई सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। यह भवन प्रदेश के किसानों एवं बागबानों के लिए महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा और उन्हें आत्मनिर्भर बनाएगा।

### बिरजू महाराज जयंती समारोह आज, पर्यटन मंत्री करेंगे उद्घाटन

**लखनऊ ।** बिरजू महाराज कथक संस्थान लखनऊ, संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा कल 04 फरवरी को पं. बिरजू महाराज जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन संत गाडगे महाराज प्रेक्षागृह संगीत नाटक अकादमी गोमती नगर में सांय 05 बजे से शुरू होगा। समारोह का उद्घाटन संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह करेंगे। समारोह में पं. बिरजू महाराज जी की शिष्या डॉ. दीपान्विता सिंधा राय द्वारा एकल नृत्य की प्रस्तुति भी दी जायेगी। पं बिरजू महाराज शास्त्रीय कथक नृत्य के लखनऊ कालिका बिंदादीन घराने के अग्रणी नर्तक थे। वह बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। कथक नृत्य के अलावा उनको गायन, तबला, पखावज इत्यादि के वादन में भी महारथ हासिल थी। उन्होंने ठुमरी, भजन और कवित्त आदि की रचना की थी। कथक क्षेत्र में उनका अद्वितीय योगदान है। पं. बिरजू महाराज ने अपने जीवन के 35 वर्ष दिल्ली कथक केंद्र को दिए थे।

# बिजली निजीकरण के खिलाफ कर्मियों को मिला राष्ट्रीय समर्थन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण के खिलाफ चल रहे आंदोलन को रेलवे, रक्षा, डाक विभाग, शिक्षा सहित विभिन्न केंद्रीय महासंघों का खुला समर्थन मिला है। ऑल इंडिया फोरम अगेंस्ट प्राइवेटाइजेशन की ऑनलाइन बैठक में इन संगठनों ने यूपी के बिजली कर्मचारियों के संघर्ष को मजबूती से समर्थन देने की घोषणा की।

बैठक में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, यूपी के संयोजक और ऑल इंडिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने बिजली निजीकरण की मौजूदा स्थिति और संघर्ष समिति के आंदोलन की विस्तृत जानकारी दी। ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लॉइज के महासचिव मोहन शर्मा ने प्रीपेड मीटर के माध्यम से बड़े पैमाने पर निजीकरण की आशंका जताई। बैठक में प्रमुख रूप से ऑल इंडिया डिफेंस इम्प्लॉइज

**▸ देश स्तर पर आंदोलन की बनाई जा रही है रणनीति**

फेडरेशन के महासचिव सी श्रीकुमार, ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय सचिव इंदर सिंह बडाना, ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट जेएन शाह, श्रमिक मुक्तिदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सम्पत देसाई, नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन के अध्यक्ष विजय कुमार बंधु और सर्वजन हिताय संरक्षण समिति की महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष रीना त्रिपाठी ने निजीकरण के विरोध में यूपी के बिजली कर्मचारियों के संघर्ष को पूर्ण समर्थन देने का ऐलान किया। ऑल इंडिया फोरम अगेंस्ट प्राइवेटाइजेशन के संयोजक डाक्टर ए मैथ्यू ने कहा कि यूपी के बिजली कर्मचारियों के समर्थन में राष्ट्रीय स्तर पर सभी ट्रेड यूनियन महासंघों की अगली बैठक में विस्तृत रणनीति तय की जाएगी।

# रहमान खेड़ा में बाघ की दहशत से पलायन पर मजबूर हैं कई परिवार

समृद्धि न्यूज

**▸ 50 गांव में बाघ की चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत बरकरार**

**लखनऊ ।** रहमान खेड़ा के 40 बीघे के घने जंगल में करीब 60 दिनों से भी बाघ मिश्रित और घनी आबादी के आने-जाने वाले मार्गो पर घूम रहा है। जिससे ग्रामीणों के जेहन में दहशत बनी हुई है। दिन और रात के समय बाघ रहमान खेड़ा जंगल में लगी लोहे की जाली के नीचे से निकलकर बेहता नाला के किनारे होते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में निकल जाता है। फिर वापस आकर दिन में जंगल में पनाह लेता है।

बाघ को सुरक्षित रेस्क्यू करने में जुटे वनकर्मी अब तक बाघ की ठिकाने को खोज नहीं सके हैं। यही वजह है कि बाघ हर बार वन विभाग को गच्चा देकर उनकी रणनीति पर पानी फेर देता हैं। ऐसे में ग्रामीणों का भरोसा वन विभाग पर धीरे-धीरे उठने लगा है। दरअसल मलिहाबाद सर्किल के रहमानखेड़ा के 40 बीघे में फैले घने जंगल और 15 किलोमीटर के दायरे में सीआईएसएच परिसर (केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान) सहित करीब 50 गांव में बाघ की चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत बरकरार है।

बाघ की तलाश में दो महीने से भी ज्यादा का वक्त गुजर चुका है। जंगल, सीआईएसएच परिसर और आसपास गांव के बाहर आने-जाने वाले मार्गों पर बाघ के नए-नए पगचिन्ह मिलते है, लेकिन कॉम्बिंग टीम को अब तक बाघ नहीं मिल पाया है। वनमंत्री डॉ. अरुण सक्सेना के आदेश पर कानपुर, लखनऊ, पीलीभीत, उन्नाव, हरदोई और बाराबंकी की टीमें बाघ को सुरक्षित रेस्क्यू करने के लिए जंगल में खाक छान रही है। 80 से ज्यादा वनकर्मियों को चकमा देकर बाघ 17 मवेशिया का शिकार कर चुका है। सोमवार को सीआईएसएच परिसर में बाघ के पगचिन्हों सहित गतिविधियां पाई गई हैं। डीएफओ सितांशु पांडेय ने बताया कि सीआईएसएच परिसर में पिंजरे में पड़वे को बांधकर निगरानी की जा रही है।

### लखनऊ एयरपोर्ट पर बिजली गुल, अधिकारियों के हाथ-पैर फूले

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ स्थित अमौसी एयरपोर्ट पर बिजली गुल हो गई। लगभग 1.5 घंटे लाइट न आने से एयरपोर्ट पर अंधेरा छा गया। एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी मच गई। इसकी वजह से यात्रियों को भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। हालांकि, तकनीकी टीम ने जल्द ही बिजली व्यवस्था को फिर से बहाल कर दिया। सीसीएसआईए प्रवक्ता ने बताया कि चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर आज सुबह करीब 7.30 बजे अचानक से लाइट चली गई। इसके बाद पूरे एयरपोर्ट बिल्डिंग में अंधेरा छा गया। बिजली गुल होने की वजह से यात्रियों को आने-जाने में देरी हो गई। बिजली करीब 1.5 घंटे तक बाधित रही। इस दौरान एयरपोर्ट पर कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सब बंद हो गए। एयरपोर्ट पर इस तरह से अचानक बिजली गुल होने से एयरपोर्ट अथॉरिटी घबरा गई। पूरे एयरपोर्ट बिल्डिंग में अंधेरा छा गया। जनरेटर के सहारे एयरपोर्ट पर लाइट लाइट जलाया गया। अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए। कई विमान देरी से चले।

# यूपी में बढ़ रही ईको-टूरिज्म की लोकप्रियता

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने एक संदेश में कहा है कि किसी भी क्षेत्र के विकास में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसी उद्देश्य से आईआईटी कानपुर में आयोजित कॉन्क्लेव में ईको-टूरिज्म बोर्ड ने सहभागिता किया। टूरिज्म के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश विश्व का ध्यान खींचेगा।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि ईको-टूरिज्म पर्यटन का ऐसा क्षेत्र है जहां पर पर्यटक जैवविविधता को नुकसान पहुंचाये बगैर पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर सके। साथ ही स्थानीय मान्यताओं, परम्पराओं, सांस्कृतिक परिवेश को करीब से जान सके। उन्होंने कहा कि इसको दृष्टिगत रखते हुए एग्री-टूरिज्म तथा होम-स्टे कांसेप्ट को बढ़ावा दिया जा रहा है। ईको-टूरिज्म एक उभरता हुआ पर्यटन है। ईको-टूरिज्म से स्थानीय लोगों को रोजगार के साथ जुड़कर आमदनी बढ़ाने का एक सुनिश्चित जरिया भी है। उन्होंने कहा कि इसको दृष्टिगत रखते हुए उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड ने 31 जनवरी से 2 फरवरी तक



आईआईटी कानपुर में आयोजित तीन दिवसीय पॉलिसी कॉन्क्लेव में हिस्सा लिया। बोर्ड की ओर से स्टॉल लगाकर ईको टूरिज्म स्थलों का प्रचार-प्रसार किया गया। कतर्नियाघाट, दुधवा नेशनल पार्क और पीलीभीत टाइगर रिजर्व आदि का वर्चुअल भ्रमण भी कराया गया। कॉन्क्लेव में क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित हुई।

मुख्य वन संरक्षक (कानपुर), के.के. सिंह ने कहा 'उत्तर प्रदेश का नैसर्गिक सौंदर्य अद्भुत है। यहां विविध प्रकार के वन्यजीव, विलुप्तप्राय पक्षियों समेत कई अन्य आकर्षण के केन्द्र हैं, जो देश-दुनिया को आकर्षित करते हैं। उत्तर प्रदेश में इको पर्यटन के क्षेत्र में असीमित संभावनाएं हैं। उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड का गठन किया गया है। बोर्ड ईको टूरिज्म के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। कॉन्क्लेव के दूसरे दिन बोर्ड की ओर से क्विज प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें 54 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। क्विज में पार्थ आर्यन भट्ट प्रथम, मोहम्मद वकार मोइद द्वितीय, आशीष तृतीय, पीयूष चतुर्थ और आदित्य श्रीवास्तव पांचवें स्थान पर रहे। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

### मंत्री दिनेश सिंह ने किया किसान प्रशिक्षण भवन व केंद्र का उद्घाटन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने सोमवार को राजकीय उद्यान, आलमबाग में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत सेंटर ऑफएक्सीलेंस फॉर आर्नामेंटल प्लांट्स के तहत नवनिर्मित किसान प्रशिक्षण भवन एवं प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रशिक्षण केन्द्र में किसानों को विभिन्न औद्यानिक फसलों, फल एवं सब्जियों की, पौधशाला व नर्सरी तैयार करने की तकनीकी ट्रेनिंग दी जायेगी। किसानों को नर्सरी लगाने, बीजों की बुवाई और अंकुरण से लेकर पौध तैयार करने तक की नर्सरी प्रबंधन की नई विधियां और तकनीकें सिखाई जाएंगी।

# सरस्वती पूजा के बाद सत्यप्रेमी नगर में ANSY किड्ज़ी का उद्घाटन

## बाराबंकी की चेयरपर्सन शीला सिंह ने किया नई शाखा का शुभांरभ, ANSY समूह के अध्यक्ष डॉ. आशीष ने उत्कृष्ट शिक्षा की जताई प्रतिबद्धता

समृद्धि न्यूज





**बाराबंकी।** बसंत पंचमी के पवित्र अवसर पर, ANSY ग्रुप ने सत्यप्रेमी नगर, बाराबंकी में अपनी नई शाखा, ANSY किड्ज़ी का उद्घाटन करके एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर चिह्नित किया। उद्घाटन समारोह में बाराबंकी की चेयरपर्सन शीला सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने पवित्र सरस्वती पूजा के बाद रिबन काटकर संस्था का आधिकारिक उद्घाटन किया।

सभा को संबोधित करते हुए, शीला सिंह, सादिक हुसैन, दुर्गापुरी सभासद, देवेन्द्र प्रसाद ग्यानु, सत्यप्रेमी नगर सभासद, आलोक वर्मा, आज़ाद नगर सभासद ने हार्दिक आशीर्वाद व्यक्त किया और बाराबंकी में गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक बचपन की शिक्षा लाने में ANSY समूह की पहल की सराहना की।

ANSY समूह के अध्यक्ष डॉ. आशीष यादव ने बाराबंकी के छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए अपना दृष्टिकोण साझा किया, और उत्कृष्टता और नवीनता के साथ युवा दिमागों को पोषित करने के लिए समूह की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

ANSY किड्ज़ी सत्यप्रेमीनगर की हेडमिस्ट्रेस शिवांगिनी श्रीवास्तव ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को आकार देने में प्रारंभिक बचपन की शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने व्यावहारिक शब्दों से इस अवसर की शोभा बढ़ा दी।

यह आयोजन एक बड़ी सफलता थी, जो अपनी शैक्षिक पहुंच का विस्तार करने और बाराबंकी में युवा शिक्षार्थियों के लिए एक उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करने के लिए ANSY समूह के समर्पण को दर्शाता है।

किड्ज़ी लखपेड़ाबाग की हेडमिस्ट्रेस अंजू कौल ने अभिभावको व आये हुए बच्चों का अभिनंदन किया। द ANSY स्कूल की

> ANSY समूह की निदेशिका **डॉ नेहा सिंह** ने बाराबंकी के छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें ANSY किड्ज़ी में सर्वोत्तम शैक्षिक अवसरों और एक पोषण वातावरण का आश्वासन दिया।

प्रधानाचार्य आरती बाजपेई ने द ANSY स्कूल के द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं व विद्यार्थियों के लिए दी जा रही सुविधाओं का उल्लेख किया व ANSY समूह के विस्तार और सत्यप्रेमी नगर, बाराबंकी में ANSY किड्ज़ी के उद्घाटन के बारे मे बताया कि यह उद्घाटन न केवल संस्थान के विकास को दर्शाता है, बल्कि प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

# वनटांगिया ग्राम में मिली प्राथमिक विद्यालय के निर्माण की स्वीकृति

- डीएम ने की वनटांगिया ग्रामों के विकास से संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक
- डीएम नेहा शर्मा का प्रयास लाया रंग




**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा की अध्यक्षता में वनटांगिया ग्रामों के विकास से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में वनटांगिया ग्रामों के विकास से संबंधित शिक्षा विभाग, बिजली विभाग, प्रोबेशन विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, चकबंदी विभाग, पशुपालन विभाग, पंचायती राज विभाग, पेंशन विभाग सहित सभी अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी ने बैठक की।


बैठक में सभी अधिकारियों से विभागवार गांवों में विकास से संबंधित समीक्षा की गई, तथा संबंधित विभाग के अधिकारी से गांव में किए गए कार्यों के संबंध में जानकारी ली गई। वहीं बैठक के दौरान सभी विभाग के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित कराए गए कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में बेसिक शिक्षा विभाग के डीसी निर्माण ने अवगत कराया की वनटांगिया गांव महेशपुर एवं बुटहनी में प्राथमिक विद्यालय का निर्माण कराए जाने की स्वीकृति शासन से मिल गई है, धन आवंटन होते ही उपरोक्त दोनों ग्रामों में विद्यालय निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इसी प्रकार जिला पंचायत राज अधिकारी लाल जी दुबे ने अवगत कराया की वनटांगिया के सभी ग्रामों के लाभार्थियों को शौचालय का लाभ दे दिया गया है, साथ ही सामुदायिक शौचालय का भी निर्माण हो गया है।

बैठक के दौरान चकबंदी अधिकारी ने अवगत कराया कि वनटांगिया ग्रामों के सभी परिवारों को भूमि अधिकार पत्र दे दिया गया है, तथा उनके भूमि चिन्ह्यांकन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जिला पूर्ति अधिकारी ने अवगत कराया की वनटांगिया गांव के सभी परिवारों का राशन कार्ड जारी कर दिया गया है, सभी लाभार्थियों को बराबर राशन का लाभ दिया जा रहा है।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, चकबंदी अधिकारी, बिजली विभाग, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला दिव्यांग जनशक्तिकरण अधिकारी सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारी का उपस्थित रहे।

# अपार आईडी बनाने में छूट रहा पसीना

**धानेपुर /गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**




अपार आई डी बनाने मे आधार एवं विद्यालय के अभिलेख से मेल न खाने से दिक्क़त हो रही। प्राइवेट विद्यालयों द्वारा प्रयास नहीं किये जा रहे है।

मिली जानकारी के अनुसार परिषदीय विधालयो मे अध्यापको को सभी छात्रों का अपार आई डी को आदेशित किया गया है। न बनने पर वेतन बाधित होने की आशंका है। जबकि छात्रों को नाम, जन्म तिथि की बाधा आ रही है। विद्यालय के अभिलेख से नहीं मिल रहा है। वंही कुछ ऐसे बच्चे है जो बिना नाम कटाये दूसरी जगह नाम लिखा लिया है। बहुत से छात्रों का आधार बना ही नहीं है। उनका जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए बी एस ए के माध्यम से उप जिला अधिकारी को प्रार्थनापत्र भेजना है किन्तु अभिभावको द्वारा कोई रूचि नहीं ली जा रही है। जिससे अध्यापक परेशान है अपार आई डी बनाने मे पसीने छूट रहे है। डाकघर धानेपुर मे आधार सेवा बंद हो जाने से लोग परेशान है यदि देखा जाय तो प्राइवेट विद्यालयो मे अपार आई डी बनाने कोई दिलचस्पी नहीं ली जा रही है। कैसे सभी बच्चों का अपार आई डी बन सकेगा।

# बसंत पंचमी महापर्व पर अखंड रामायण पाठ आयोजित



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

प्राप्त विवरण के अनुसार बसंत पंचमी के महापर्व पर जहां एक तरफ जनपद के विद्यालयों में मां सरस्वती की पूजा स्तुति आरती की गई वहीं सरजू प्रसाद कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज के की प्राचार्य श्री मती गिरजा,अध्यक्ष उमेश चंद्र श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अरूप श्रीवास्तव, प्रबंधक बृजेश, उपाध्यक्ष अनुज व कोषाध्यक्ष सुशील कुमार श्रीवास्तव तथा विद्यालय की शिक्षिका ममता, अंजू, दीपा, बेबी, सरिता, प्रतिभा त्रिपाठी,विमला, नीलम, विमल सिंह, सरिता के सहयोग से विद्यालय के स्थापना दिवस पर मां सरस्वती के मंदिर में हुआ अखंड रामायण का पाठ तत्पश्चात विद्यालय में चला विशाल भंडारा !

उक्त आयोजन के बारे में बताते हुए कोषाध्यक्ष सुशील कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सरजू प्रसाद कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज की स्थापना सरजू प्रसाद भटनागर जी के द्वारा 1924 को बसंत पर्व पर आज ही के दिन की गई थी जिसकी देखरेख आज भी उनकी नातिन विजय लक्ष्मी भटनागर द्वारा किया जा रहा है उक्त विशाल भंडारे की व्यवस्था को विद्यालय प्रबंध समिति सदस्य ज्ञानचंद, सुभाष पांडे, राजन श्रीवास्तव, सुरेंद्र शर्मा के साथ ही प्रशासक/ व्यवस्थापक रामचंद्र श्रीवास्तव ने कर रखा था जहां नगर क्षेत्र के सैकड़ो लोगों ने विशाल भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया जबकि विद्यालय में पढ़ रही छात्राओं ने बसंत महापर्व पर रंग-बिरंगे पोशाक में पहुंचकर विद्यालय की गरिमा में शोभा बढ़ा रही थी और मां सरस्वती को प्रणाम करते हुए ग्रहण किया आशीर्वाद एक दूसरे को दी ढेरों शुभकामनाएं!

## अवध पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बसंत उत्सव



सोमवार को वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर अवध पब्लिक स्कूल के प्रांगण में ज्ञान की देवी माँ सरस्वती का पूजन अर्चन किया गया।या देवी सर्व भूतेशु ज्ञान रूपेण सांस्थिता,एवं या कुन्देंन्दु तुषार हार धवल... आदि मन्त्रोच्चार के साथ माँ वीणावादिनी को पुष्प अर्पित कर के वन्दन किया गया।इस पावन अवसर पर अवध पब्लिक स्कूल की निदेशिका उर्मिला शुक्ला,विद्यालय के प्र्बंध्स्क प्रोफ, शिव शरण शुक्ल, प्रिंसिपल श्री टी,बी, सिंह, प्रबंध तंत्र के उपाध्यक्ष सौमित्र शूकल,श्रध्दा श्रीवास्तव,नीलम सोनी, रेखा शर्मा, आराधना पांडेय,ममता त्रिपाठी, राधा द्विवेदी, वैभव शुक्ला, अपर्णा शर्मा, वन्दना सिंह, मदन लाल, एवं मीना और छात्र-छात्राएँ उपथित रहे।

# मेहंदी कार्यक्रम से श्री श्याम मंदिर वार्षिकोत्सव शुरू

**गोन्डा ,समृद्धि न्यूज़**



- श्याम नारायणी मंगल ग्रुप द्वारा दादीजी को अर्पण किया गया चंवर छतर

ददुआ बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर का वार्षिकोत्सव तीन दिवसीय कार्यक्रम आज 3 फरवरी से शुरू हुआ।जिसमें श्री श्याम मंदिर महिला मंडल के सदस्यों ने श्री राणी सती दादी जी की हाथों और पैरों में मेहंदी लगाई। उसके बाद सभी महिला पुरूष भक्तों ने दादी जी के नाम की मेंहदी अपने - अपने हाथों में लगवाई और फिर श्याम नारायणी मंगल ग्रुप महिला मंडल ने बसंत पंचमी के उपलक्ष पर चंवर छत्तर का कार्यक्रम हुआ जिसमें बैंड बाजे के साथ पुरुष भक्तों ने अपने सिर पर दादी जी के चंवर छत्तर को लेकर दादीजी के दरबार में पहुंचे। जिसमें महिला भक्तों ने दादी जी के चंवर छत्तर का फूलों से स्वागत किया, भजन कीर्तन किया और दादीजी के भजनों पर खूब झूमा। उसके बाद भक्तों ने दादी जी को चंवर छतर अर्पण किया। मेहंदी लगाने का कार्यक्रम देर साथ तक चलता रहा।

ट्रस्ट के मंत्री सुशील पचेरिया ने बताया कि आज 4 फ़रवरी को बाबा खाटू श्याम जी का निशान शोभायात्रा निकाली जाएगी जो पहली यात्रा रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला से निकलकर अग्रसेन चौराहा होते हुए बड़गांव पुलिस चौकी पर पहुंचेगी और दूसरी यात्रा चौक बाजार के पीपल चौराहे से निकलकर नगर में भ्रमण करते हुए पुलिस चौकी पर पहुंचकर होकर दोनों यात्राएं श्री श्याम मंदिर में पहुंचकर बाबा खाटू श्याम को निशान अर्पित करेंगे और सायंकाल की बेला पर बाहर से आए हुए आमंत्रित कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन होगा।

कार्यक्रम के दौरान श्री श्याम मंदिर महिला मंडल की अध्यक्ष सरोज अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, नीतू गर्ग, पूनम मित्तल, शारदा गर्ग, प्रेमलता सिंघल, किरन बंसल, सरोज गर्ग, ज्योति तुलस्यान एवं श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश भावसिंहका, विमलेश सिंघल, सुशील पचेरिया, अनिल मित्तल, गोविंद जालूका, अरिहंत जैन, उत्कर्ष सिंघल, पुनीत बंसल, आशीष भावसिंहका, अमित बंसल, दीपक अग्रवाल, विशाल बंसल, राजेश बंसल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### मुशायरे में शायरों ने बांधा शमां



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** बसंत पचंमी के अवसर पर रविवार रात शहर के दरबारे आलिया मीनाइया में हज़रत अमीर खुसरू की याद मे आल इंडिया नातिया मुशायरे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन हज़रत शाह जमाल मीना साहब की सरपरस्ती, डा0 लायक अली की अध्यक्षता, जावेद रज़ा सिद्दीकी के संयोजन व हसन रज़ा अतहर के कुशल संचालन में हुआ। तिलावते कलामे पाक के बाद मुशायरे के अध्यक्ष हाजी डा0 लायक अली साहब ने अपने खुतबऐ सदारत मे हज़रत अमीर खुसरो की शायरी, उर्दू अदब में गोंडा का मकाम और ख़ानकाहे आलिया मीनाईया के फैजान पर रोशनी डाली। इस अवसर पर आजम मीनाई, अकील सिद्दीकी बरेलवी, तनवीर जमाल उस्मानी , अम्बर मुशाहिदी, दिलकश रांचवी, सय्यद शकील रहबर चैनपुरी, जावेद सिद्दीकी, मौलाना मुकीम मुशाहिदी, कारी शकील मीनाई लखनवी आदि ने अपने अपने कलाम पेश किया। इस मौके पर मुख्यत: डॉ लायक अली, मौलाना वहीद गोंडवी,वली मो0, कारी निसार अहमद मीनाई, बाबा फ़कीर मोहम्मद,मौलाना मुजक्किर, एहसान मीनाई, रफीक आलम मीनाई, हाफिज सगीर मीनाई, इशरत अजीज, तबरेज आलम, हाशिम अली मीनाई समेत हजारों अकीदतमंद उपस्थित रहे।

### विद्यारंभ संस्कार आयोजित



**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** सोमवार को सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में विद्यारंभ संस्कार, बसंत पंचमी एवं पाटी पूजन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पं. वीरेंद्र पाठक द्वारा हवन पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के यजमान वरिष्ठ आचार्य चंद्रशेखर तिवारी रहें। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत 22 छात्र छात्राओं का पाटी पूजन कराया गया। विद्यालय द्वारा छात्र-छात्राओं को पेंसिल, बाल श्याम पट्टिका एवं चाक देकर ? लिखवाकर विद्यारंभ कराया गया। सभी छात्र छात्राओं ने हवन में सहभागिता की।कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह ने अपने सम्बोधन में विद्यार्थियों से अनुशासित एवं संस्कारवान बनने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय अध्यापक रमेश चंद्र, अर्जुन प्रताप मौर्य, रामबाबू,प्रखर, सोनाली सिंह, पुष्पा, रमन, सुशील कुमार, अर्पित कुमार के अलावा के सभी शिक्षक शिखिकाएँ उपस्थित रही।

### एसडीएम ने की दिव्यांगों को रोजगार से जोड़ने की पहल



**कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज।** उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह ने तहसील क्षेत्र के दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ने और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है दिन सोमवार को तहसील सभागार में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को बुलाकर उनके जरूरी कागजात जमा कराए गए और उन्हें स्वयं सहायता समूह से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की गई इसके तहत 10 दिव्यांगजनों का एक समूह बनाया गया है जिसमें प्रत्येक सदस्य प्रतिमाह 100 रुपये जमा करेगा इस राशि का उपयोग कर समूह के सदस्य अपना रोजगार शुरू कर सकेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे दिव्यांग पेंशन आदि का लाभ दिलाना है और स्वयं सहायता समूह के माध्यम से दिव्यांगजनों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और वे समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकेंगे एस डी एम आश्वासन दिया कि आने वाले दिनों में और भी दिव्यांगजनों को इस योजना से जोड़ा जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। इस दौरान दिव्यांग संतोष पटेल, सचिन दुवे, सियाराम, संगीता, मंजू देवी, बकील अहमद, दीपक, अशोक रामसिंह और श्याम सुंदर सहित तमाम दिव्यांगजन मौजूद रहे। वहीं दिव्यांगजनों ने एसडीएम की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त होने का मौका मिलेगा।

# शारदा बाल विद्या मंदिर स्कूल में हवन पूजन कर मनाया गया बसंत पंचमी पर्व

**जरवलरोड, बहराइच समृद्धि न्यूज।**





- छात्रों एवं शिक्षकों ने हवन पूजन कर लिया मां सरस्वती का आशीर्वाद

शारदा बाल विद्या मंदिर स्कूल जरवल रोड में सोमवार को बसंत पंचमी का पर्व धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। विद्यालय प्रधानाचार्य संत बक्स यादव की अध्यक्षता में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक द्वीप प्रज्वलन के बाद सरस्वती वंदना से हुई। तत्पश्चात सामूहिक हवन यज्ञ में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने आहुति दी। अंत में सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को प्रसाद विपरीत किया गया।वही इस दिन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य संत बस यादव ने कहा कि इस दिन विद्या की देवी सरस्वती का जन्म हुआ था इसी दिन देवी सरस्वती ने अवतरित होकर अपनी वीणा का मधुर नांद किया था जिससे संसार के समस्त प्राणियों को वाणी प्राप्त हुई।

उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी का दिन केवल मौसम परिवर्तन का प्रतीक नहीं है बल्कि यह जीवन में नई ऊर्जा और उमंग का संचार करता है। कार्यक्रम के इस मौके पर पंडित गोलू मिश्रा, डॉ रामू सैनी, प्रदीप अग्निहोत्री, धन लाल यादव, शिक्षक एसपी यादव, शिक्षिका प्रीति , शांति देवी सहित सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## मां ज्ञान की ज्योत जगा दे... बसंत पंचमी पर जिले भर में आयोजित हुआ कार्यक्रम



जिले में सोमवार को बसंत पंचमी धूमधाम से मनाया गया। स्कूलों के साथ प्रतिष्ठानों में मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर ज्ञान का वर मांगा। बसंत पंचमी के साथ ही पतझड़ का मौसम भी शुरू हो गया है। हवाओं के साथ पत्ते गिरने लगे।शहर में समाजशास्त्र विभाग द्वारा संचालित बिहान आवासीय बालिका विद्यालय में सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाया गया। छात्राओं ने शिक्षकों के साथ मां सरस्वती की पूजा की। वार्डन प्रिया प्रसाद के द्वारा सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। हे शारदे मां सरस्वती वंदना कर सभी बच्चों ने सरस्वती माता से बुद्धिबल और विद्या का वरदान मांगा। साथ ही सभी बच्चों ने सरस्वती माता पर पुष्प अर्पित किया मान्यता यह है कि आज के दिन से होली की शुरुआत होती है। इसलिए सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाया और प्रसाद प्राप्त किया। इस अवसर पर वार्डन प्रिया प्रसाद, धर्मेंद्र वर्मा, श्रद्धा रैकवार, निधि मिश्रा, प्रियंका श्रीवास्तव, भू रत्न प्रभा शामिल रहे। गुरुकुल पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी पर यज्ञ और सामूहिक जाप हुआ। माता सरस्वती के अवतरण दिवस बसंत पंचमी के पावन अवसर पर गुरुकुल पब्लिक स्कूल, टिकोरा मोड़ में भव्य यज्ञ एवं सामूहिक जप का आयोजन हुआ। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने ऐं सरस्वते नम: और गायत्री मंत्र का सामूहिक जप किया। इसके पश्चात गुरुकुल की यज्ञशाला में सामूहिक यज्ञ किया गया।यज्ञाचार्य के रूप में विद्वान आचार्य पंडित विपिन मिश्रा ने विधिवत माता सरस्वती का पूजन और यज्ञ संपन्न कराया। इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में विद्यालय के संस्थापक-प्रबंधक एवं विश्व हिंदू परिषद अवध प्रांत के कार्याध्यक्ष राजदेव सिंह ने सपरिवार जप और यज्ञ में भाग लिया।भव्य यज्ञ और जप से संपूर्ण गुरुकुल का वातावरण आध्यात्मिक और सरस्वतीमय हो गया।

## पोते ने फावड़े से किया दादी पर हमला, घायल

**शराब के नशे में पास आने से रोकने पर किया हमला**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के बाबापुरवा जब्दी गांव निवासी एक वृद्ध महिला ने पोते को शराब के नशे में पास आने से इंकार किया तो उसने फावड़े से हमला कर दिया। वृद्ध महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राम गांव थाना क्षेत्र के ग्राम बाबापुरवा जब्दी गांव छोटका देवी (65) पत्नी पुत्ती रविवार रात को फूस की टटिया लगाकर सोने जा रही थी। तभी पोता अजय आया। उसने दादी से खुद फूस की टटिया लगाने की बात कही। दादी ने शराब के नशे में नजदीक न आने की बात कही। इससे नाराज पोते ने दादी पर फावड़े से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गई। परिवार के लोगों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। परिवार के धनीराम ने बताया कि चाचा के लड़के ने दादी पर हमला किया है। इस मामले में थानाध्यक्ष हरेंद्र राय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। गांव में पुलिस भी भेजी गई थी। लेकिन अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जायेगा।

# गन्ना बकाया दिलाएं जिलाधिकारी

- किसानों ने बकाया के लिए प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**



जिले के चिलवरिया में स्थित शिंभावली शुगर मिल में गन्ना किसानों का पिछले सत्र का ही करोड़ों रूपये बकाया है। किसानों की मांग पर मिल प्रशासन ने 15 जनवरी तक भुगतान की बात कही थी। लेकिन अभी तक किसानों का भुगतान नहीं हो सका है।भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष चौधरी रामकुमार वर्मा की अगुवाई में सोमवार को किसान जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। सभी ने गन्ना बकाया किसानों को दिलाने की मांग की। जिलाध्यक्ष ने बताया कि शिम्भावली शुगर मिल में किसानों का पिछले सत्र का 100 करोड़ रूपये से अधिक बकाया है। किसानों की मांग पर मिल प्रशासन ने 15 जनवरी तक भुगतान करवाने की बात कही थी। लेकिन 20 दिन बीत गए हैं। किसानों का कोई भुगतान नहीं किया जा रहा है। इससे किसानों की स्थिति दयनीय होती जा रही है। किसान भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मिल को इस वर्ष दिए गए गन्ने का भी भुगतान नहीं हुआ है। प्रदर्शन के बाद सब्जी ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को दिया। इस दौरान किसान मौजूद रहे।

# कुंए के सुंदरीकरण के लिए किया भूमि पूजन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

- गुल्लाबीर मंदिर में बसंत पंचमी पर शुभारंभ



गुल्लावीर मंदिर में स्वर्णकार समाज द्वारा कराए जा रहे प्रथम पूजित कुंए के सुंदरीकरण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम बसंत पंचमी महापर्व के अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। भूमि पूजन कार्यक्रम वरिष्ठ स्वर्णकार मदन लाल रस्तोगी व उमा शंकर सोनी द्वारा सम्पन्न कराया गया।


कार्यक्रम में मौजूद शहरवासियों को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के शहर अध्यक्ष दीपक सोनी 'दाऊजी' ने बताया कि प्रथम पूजित कुंए के सुन्दरीकरण की प्रेरणा राम लीला कमेटी अध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल से मिली थी। उनके मार्गदर्शन में तथा राधेश्याम त्रिपाठी व सुरेश गुप्ता की देखरेख में स्वर्णकार समाज के सौजन्य से इसका निर्माण कराया जा रहा है। वरिष्ठ सर्राफा व्यवसायी नागेश्वर नाथ रस्तोगी ने कहा कि बहराइच के स्वर्णकार समाज द्वारा प्रतिष्ठित गुल्लाबीर मंदिर परिसर में स्थित इस प्राचीन कुएं का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण कराया जाना बहुप्रतीक्षित था।

बसन्त पंचमी के पावन अवसर पर भूमि पूजन के साथ इसका शुभारम्भ किया जा रहा है। यह स्थान सर्वसमाज के काम आए इस मकसद से इसका निर्माण कराया जा रहा है। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष समाजसेवी श्याम करन टेकड़ीवाल, मदन लाल रस्तोगी, उमाशंकर सोनी, नागेश्वर नाथ रस्तोगी, सतेन्द्र रस्तोगी, राजेश रस्तोगी, सुमित खन्ना, रवि रस्तोगी, मोहित सोनी, राधेश्याम त्रिपाठी, श्री सुरेश गुप्ता सहित स्वर्णकार समाज व अन्य समाजों के सम्मानित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नसबंदी के चार साल बाद महिला हुई गर्भवती

- सीएमओ से की जांच की मांग, मांगा मुआवजा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के आनंद नगर के एक गांव निवासी महिला ने चार वर्ष पूर्व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नसबंदी कराई थी। लेकिन नसबंदी के बाद भी महिला गर्भवती हो गई है। परेशान महिला ने सीएमओ को पत्र भेजकर जांच की मांग की है।विकास खंड मिहीपुरवा अंतर्गत एक पंचायत आनंद नगर के एक गांव निवासी महिला के दो बेटे और एक बेटी हैं। परिवार पूरा होने पर महिला ने 4 वर्ष पूर्व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुजौली में लगे शिविर में नसबंदी करवाया था। महिला का कहना है कि तीन बच्चों के पढ़ाई और अन्य खर्च को देखते हुए उसने नसबंदी करवा ली। लेकिन नसबंदी सफल नहीं हुआ। महिला पुनः गर्भवती हो गई है। ऐसे में वह काफी परेशान है। महिला ने सीएमओ डॉ संजय कुमार शर्मा को पत्र भेजकर मामले की जांच करने और मुआवजा की मांग की है। मालूम हो कि महिला का पति परिवार का खर्च चलाने के लिए दूसरे प्रदेश में काम करता है। इस मामले में सीएमओ डॉ संजय कुमार शर्मा ने कहा की जांच कराई जाएगी। शिकायती पत्र मिलने पर सरकार द्वारा प्रदत्त राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

# चौक बाजार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह सम्पन्न

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

- व्यापार मंडल का उद्देश्य व्यापारियों की समस्याओं व उत्पीड़न का निदान करना है : गौरी शंकर




शहर के मोहल्ला छावनी में स्थित थोक कपड़ा अतिथि भवन के सभागार में चौक बाजार एसोसिएशन रजिस्टर्ड का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह वरिष्ठ व्यापारी एवं उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष गौरीशंकर भानीरामका की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गौरी शंकर भानीरामका ने कहा कि व्यापार मंडल का उद्देश्य व्यापारियों की समस्याओं व उत्पीड़न का निदान करना है, इसमें सफलता तभी मिलेगी जब व्यापारियों में एकता व आपसी तालमेल होता है। उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष दीपक सोनी उर्फ दाऊजी ने कहा कि संगठन व्यापारियों की ताकत होता है जो व्यापारियों के हितों के लिए संघर्ष करता है इसलिए व्यापारियों में आपसी एकता व एकजुट आवश्यक है। व्यापारियों के हितों के रक्षक माने जाने वाले कमल शेखर गुप्ता ने कहा कि सरकार किसी की भी हो हमें व्यापारियों को राहत दिलाने एवं उनका उत्पीड़न रोकने के लिए संघर्ष करना होगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान वर्तमान समय में व्यापारी बहुत कठिनाइयों के दौर से गुजर रहा है। इससे पूर्व चौक बाजार एसोसिएशन रजिस्टर्ड के नवनियुक्त पदाधिकारी को व्यापारियों के हित में काम करने की शपथ ग्रहण कराई गई तथा उन्हें प्रमाण पत्र एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शफात अली ने किया, जबकि अंत में संगठन के नवनियुक्त अध्यक्ष शाहिद अली ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। इस कार्यक्रम में आशीष कंछल, डॉ एस सी निगम, अवधेश नारायण अग्रवाल, अब्दुल हमीद शाह, मोहम्मद सलीम रोमी, अल्ताफ अहमद, मकीन मेकरानी, मुख्तार आलम एडवोकेट, राशिद नईम, चंद्रशेखर सोनी,अब्दुल शाहिद, अंकित जैन, विक्की, प्रकाश मल्होत्रा, रत्नाकर सिंह, दानिश हाशमी, सौरभ गांधी, गुरदेव सिंह नागर, सुमित खन्ना, मोबीन अहमद, संतोष अग्रवाल, पुलकित अग्रवाल, अद्वैत गुप्ता, शाहनवाज खान व दानिश मुमताज आदि मौजूद रहे।

# लाखों श्रद्धालुओं ने बाबा ओरीदास तपोस्थली में टेका माथा

**सोमवार को दंगल तीतर की लड़ाई सहित अन्य जनपदों से और राज्यों से आए झूले एवं अन्य दुकानें रही आकर्षण का मुख्य केंद्र**



**महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

दो तारीख से शुरू हुआ बाबा ओरीदास दास का मेला आज बसंत पंचमी के दिन पूरे उफान पर रहा जहां लाखों लोगों द्वारा बाबा ओरीदास दास के स्थान पर पहुंच कर पूजा अर्चना की गई तो वहीं रायबरेली छोड़कर अन्य जिले से आए दुकानदार तथा कई राज्यों से आए श्रद्धालु आकर्षण का केंद्र रहे तरह-तरह के झूले एवं दंगल तीतर की लड़ाई तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे बाबा ओरीदास तपोस्थली मोन बाबा ओरीदास दास मोन गांव के ही निवासी थे ब्राह्मण परिवार में इनका जन्म 17वीं शताब्दी में हुआ था वही धीरे-धीरे इनकी ख्याति बढ़ती चली गई और आज लाखों लोग इनके स्थान पर पहुंचकर अपना दुख दर्द बाबा को बताते हैं और सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगते हैं। 2 फरवरी से शुरू हुआ मेला आज 3 फरवरी को विशाल रूप ले लिया लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने जहां बाबा ओरीदास से आशीर्वाद मांगा तो मेले का भी जमकर लुफ्त उठाया चाट चाऊमीन जलेबी का जहां आनंद उठाया तो वहीं तरह-तरह के झूलों में झूल कर मेले का लुफ्त उठाया लगभग डेढ़ सौ वर्षों से लगातार चल रहा है या मेला तीन दिवसीय रहता है मंगलवार को मुख्य मेले का समापन हो जाएगा उसके बावजूद भी बक्से सहित लकड़ी की दुकान महीने भर से अधिक समय तक लगी रहेगी ।रायबरेली जिले में अपना एक अलग स्थान रखता है।

## बसंत पंचमी पर साहित्यकारों ने आयोजित किया कार्यक्रम



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** बसंत पंचमी के अवसर पर डलमऊ के साहित्यकारों द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें साहित्यकारों ने सरस्वती पूजन व साहित्यकार सूर्य कांत त्रिपाठी निराला के जीवन पर प्रकाश डाला गया और उनके विचारों को बताया गया मान्यता है कि बसंत पंचमी का पर्व मां सरस्वती का जन्मदिन है। इसी दिन महाप्राण निराला भी अपना जन्मदिन मनाते थे। साहित्यकारों द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार राम नारायण रमण ने कहा कि इस दिन को साहित्य पर्व के रूप में मनाये जाने की मान्यता होनी चाहिए। कवि रमाकांत ने कहा कि डलमऊ निराला की कर्मभूमि होने के कारण गौरवान्वित है। कवि एवं आलोचक डा. वेद प्रकाश ने कहा कि निराला जी सामाजिक क्रांति के पैरोकार थे। वे क्रांतिधर्मी मनस्विता के महान सरस्वती साधक थे। सविता यादव ने कहा कि हम निराला के रुढ़ि भंजक स्वरूप को बारम्बार प्रणाम करते हैं। प्रदीप श्रीवास्तव ने कहा कि निराला समानता के महान उद्घोषक थे। ओमप्रकाश ने कहा कि निराला हमारे समय के विलक्षण एवं युगांतरकारी कवि हैं। इस मौके पर सत्य प्रकाश, सम्राट,अमित यादव, आन्या प्रिया, आभास, एंजेलिना प्रिया, वेद प्रकाश, बसंत लाल गुप्ता, दयाराम यादव,सत्य प्रकाश त्रिवेदी, आर्यन यादव, पूनम सिंह, खुशबू महक खुशी, सौम्या, सत्येन्द्र कुमार आदि ने उपस्थित रहकर महाप्राण निराला को पुष्पांजलि अर्पित की।

## बसंत पंचमी पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** बसंत पंचमी पर सोमवार को डलमऊ, ऊंचाहार और सरेनी के गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं ने स्नान किया। मां गंगे की पूजा अर्चना कर अपने परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। ऊंचाहार के गोकनाघाट पर ऊंचाहार, जगतपुर दीनशाहगौरा, रोहनिया, सलोन, राही, डीह, छतोह सहित अमेठी व प्रतापगढ़ जिले के लोग बाइकों, कार व बस के सहारे घाट पर पहुंचे। भोर से स्नान शुरू हो गया। भक्त हर हर गंगे के जयघोष के साथ स्नान करते रहे। घाट पर मंदिरों में पूजा अर्चना की। धूप दीप नैवेद्य चढ़ाया और अपने परिजनों की कुशलता का आशीर्वाद मांगा। घाट पर लगे मेले में महिलाओं ने श्रृंगार के सामानों की खरीददारी की। सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने दो स्टीमरों व नावों पर सिपाही तैनात रहे। मां गंगा गोकर्ण जन कल्याण सेवा समिति के समिति के सचिव जितेंद्र द्विवेदी ने बताया कि श्रद्धालुओं ने स्नान दान किया है।

## खबरें एक नजर में

### तेज रफ्तार स्कार्पियो ने स्कूटीसवार वृद्ध दंपति को मारी टक्कर, दोनों घायल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत चुरुवा पश्चिम गांव बाईपास पर शेखपुर समोधा गांव के पास अपनी बेटी के ससुराल से वापस अपने घर जा रहे स्कूटी सवार वृद्ध दम्पति को तेज रफ्तार अनियंत्रित स्कार्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा दोनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की वृद्ध दंपति राम प्रसाद पुत्र स्वर्गीय जालिम उम्र 70 वर्ष निवासी मदारपुर मजरे करौरा थाना नगराम जनपद लखनऊ अपनी पत्नी जनक दुलारी उम्र 65 वर्ष के साथ अपनी बेटी की ससुराल जानकी खेड़ा मजरे बन्नावा थाना बछरावां से वापस अपने घर जा रहे थे, तभी चुरुवा पश्चिम गांव बाईपास पर शेखपुर समोधा गांव के पास एक तेज रफ्तार स्कार्पियो ने उन्हे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरो की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा घायल अवस्था में उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार करने के पश्चात चिकित्सक गणनायक पांडे ने राम प्रसाद की हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। इस बाबत थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### घरेलू विवाद में युवक को परिजनों ने लाठी-डंडों से पीटकर किया घायल, जिला अस्पताल रेफर

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** घरेलू विवाद में युवक के पिता व छोटे भाई ने उसे जमकर लाठी डंडों से पीटकर किया घायल, घायल अवस्था में युवक को प्राथमिक उपचार के पश्चात जिला अस्पताल किया गया रेफर। घटना रविवार देर शाम 7:00 बजे के आसपास की है। जब लोधई खेड़ा थाना बछरावां के निवासी युवक को घरेलू विवाद के चलते उसके छोटे भाई एवं पिता के द्वारा लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया गया। जानकारी प्राप्त हुई है कि युवक अखिलेश कुमार पुत्र ननकू अपने परिवार से अलग छप्पर द्य डालकर अपने बच्चों व पत्नी के साथ निवास करता है। घर में बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। जिसमें नाराज पिता ननकू एवं छोटे भाई पवन कुमार ने मिलकर लाठी डंडे से युवक की घर के सामने सड़क पर जमकर पिटाई कर दी। युवक घायल होकर बेहोश हो गया था तभी आसपास के लोगों के द्वारा 112 पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के द्वारा एंबुलेंस से उसे इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी पहुंचाया गया। जहां युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। जहां युवक का इलाज किया जा रहा है। जिला अस्पताल के डॉक्टर के मुताबिक युवक के सिर एवं हाथ में गंभीर चोट बताई है, जिसका इलाज किया जा रहा है।

### मुरादाबाद ने आजमगढ़ को हराकर ट्रॉफी पर किया कब्ज़ा



**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** अचलपुर चौधरी मे खेले जा रहे स्टार वालीबाल प्रतियोगिता के प्रांतीय फाइनल मुकाबले में सईद कम्पनी आजमगढ़ और मुरादाबाद के बीच खेला गया।जिसमे मुरादाबाद ने 3–2 से जीत दर्ज कर ट्राफी पर कब्ज़ा किया। सईद कंपनी आजमगढ़ और माज कंपनी आजमगढ़ के बीच सेमीफाइनल खेला गया। जिसमें 3–1 से सईद कंपनी आजमगढ़ जीत दर्ज कर फाइनल मे प्रवेश किया। प्रातींय वालीबाल प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र पाण्डेय ने फीता काट कर किया। खिलाडियों का परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया। महेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि गाँव मे ऐसी खेल स्पर्धा होने से ग्रामीण अंचलों से खिलाडीं निकलते है। इस अवसर पर आयोजक बनवारी लाल वर्मा, असगर अली मिर्जा, इरशाद अहमद, सुशील गुप्ता, संतोष मिश्रा, राम संवारे, मो रईस, राजेश वर्मा, इदरीश सहित अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला में दो महीने से शुगर जांच बाधित, मरीज परेशान





**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) उतरौला में ब्लड शुगर जांच की सुविधा पिछले दो महीनों से ठप पड़ी हुई है। जांच के लिए आवश्यक ग्लूकोज टेस्टिंग चिप की अनुपलब्धता के कारण मरीजों को निजी पैथालॉजी केंद्रों का सहारा लेना पड़ रहा है। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार मधुमेह (डायबिटीज) मरीजों के लिए नियमित ब्लड शुगर जांच बेहद जरूरी होती है। ब्लड शुगर का स्तर बढ़ने या घटने पर समय से इलाज ना मिलने पर गंभीर जटिलताएं हो सकती हैं। इसके अलावा, गर्भवती महिलाओं के लिए भी यह जांच अनिवार्य होती है, क्योंकि अनियंत्रित शुगर स्तर से गर्भ में पल रहे शिशु के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। लेकिन, सीएचसी में चिप न होने के कारण उन्हें बाहर महंगे दरों पर जांच करवानी पड़ रही है। स्वास्थ्य केंद्र पर आए अनिल कुमार ने कहा, सरकारी अस्पताल में मुफ्त शुगर जांच की सुविधा है, लेकिन चिप न होने की वजह से दो महीने से हमें बाहर निजी लैब में जांच करवानी पड़ रही है। गरीब मरीजों के लिए यह बहुत मुश्किल हो रहा है। वहीं, गर्भवती महिला अनीता देवी ने बताया, डॉक्टर हर बार शुगर जांच करवाने की सलाह देते हैं, लेकिन यहां जांच नहीं हो रही। निजी लैब में 100 से 150 रुपये देने पड़ते हैं, जो हर हफ्ते कराना संभव नहीं है। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला के अधीक्षक डॉ. सी.पी. सिंह ने बताया, ब्लड शुगर जांच में उपयोग होने वाली चिप खत्म हो चुकी है। हमने इसकी आपूर्ति के लिए विभागीय अधिकारियों को सूचना भेज दी है, लेकिन अब तक हमें नई चिप नहीं मिली है। जैसे ही चिप की आपूर्ति होगी, मरीजों को फिर से निःशुल्क शुगर जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। स्वास्थ्य केंद्र में ब्लड शुगर जांच बाधित होने से सैकड़ों मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विभाग को जल्द से जल्द आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराकर निःशुल्क शुगर जांच दोबारा शुरू करनी चाहिए, ताकि गरीब व जरूरतमंद मरीजों को राहत मिल सके।

## शादी समारोह के दौरान दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट, वीडियो वायरल

**बछरावां, रायबरेली।** शादी समारोह के बीच दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर मारपीट हो गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मामले को कराया गया शांत। घटना रविवार सोमवार की मध्य रात्रि 2:00 बजे के आसपास की घटना बताई जा रही है। जब महाराजगंज बछरावां मार्ग पर स्थित स्वयंवर मैरिज लॉन में शादी समारोह का आयोजन चल रहा था। किसी बात को लेकर बरतियो एवं जनातियों में विवाद हो गया। विवाद इस कदर बढ़ा की मैरिज लॉन से मारपीट शुरू हुई और महाराजगंज मार्ग तक मारपीट पहुंच गई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो के बारे में जानकारी प्राप्त हुई है, कि सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा दोनों पक्षों के बीच मामले को शांत करवाया गया है। मामले में मारपीट की वजह जानने के लिए पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

## बगैर अशोक चक्र के तिरंगा फहराने का वीडियो वायरल



**डीह रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** जहां एक तरफ गणतंत्र दिवस काफी धूमधाम से मनाया गया।तो वही एक जगह बगैर अशोक चक्र के झंडा फहराकर राष्ट्रध्वज का अपमान किया गया।जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जानकारी के मुताबिक सलोन तहसील क्षेत्र के डीह थाना अंतर्गत परसदेपुर चौकी के सामने बिना अशोक चक्र के तिरंगा झंडा फहराया गया।जिससे राष्ट्रध्वज का अपमान किया गया है। वहीं सबसे बड़ी बात की झंडा फहराने के दौरान किसी की नजर नहीं पड़ी। स्थानीय लोगों का जब इस ओर ध्यान गया तो इसका वीडियो बना सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।कहा जा रहा कि तिरंगे झंडे में अशोक चक्र नहीं था तो दूसरा फहराया जाता। फिलहाल वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## अनियंत्रित ट्रक ने ई-रिक्शा में पीछे से मारी टक्कर, छह घायल, दो गंभीर की हालत में ट्रामा सेंटर रेफर

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने आगे चल रहे ई-रिक्शा में टक्कर मार दी, हादसे में रिक्शे में सवार छह लोग गंभीर घायल हुए, वहीं ट्रक भी सड़क से काफी दूर खाई में चला गया, जिसके चालक व परिचालक दोनों मौके से फरार हो गए। घटना सोमवार दोपहर 1:30 के आसपास की बताई गई है जब बांदा बहराइच मार्ग पर तद्दीपुर गांव के निकट शिवगढ़ से बछरावां की ओर जा रहे ई-रिक्शा में शिवगढ़ की ही तरफ से आ रहे एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर जोरदार होने के चलते ई रिक्शा में सवार सभी 6 लोग घायल हो गए। ट्रक भी टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर सड़क से काफी दूर खेतों की तरफ चला गया। वही ट्रक चालक व परिचालक मौके से फरार हो गया। ई-रिक्शा में घायल सभी लोगों को आसपास के लोग तथा राहगीरो की मदद से एंबुलेंस की सहायता से बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जिसमें दो लोगों की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने दो घायलों को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया। तथा अन्य चार को जिला अस्पताल रायबरेली रेफर किया है। ई रिक्शा पर सवार उषा देवी पत्नी भगीरथ पटेल निवासी वार्ड नंबर तीन कस्बा बछरावां, पुष्पा देवी पत्नी सतीश कुमार निवासी असहन जगतपुर , प्रीति पत्नी गौतम व उसका बेटा वैभव निवासी कुंदनगंज, सनी कुमार पुत्र हनुमान निवासी टिकरा महराजगंज, ई रिक्शा चालक रामनारायण पुत्र हनुमान निवासी आनंद कुंवर खेड़ा शिवगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गए । सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां सभी घायलों का बछरावां सीएचसी में प्राथमिक इलाज किया गया। वही मौका पाकर ट्रक चालक घटनास्थल से फरार हो गया है। तेज टक्कर से ई रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



**शिवगढ़ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

विकास क्षेत्र की भौसी ग्राम सभा में दिनांक 3 फरवरी से 9 फरवरी तक आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के कार्यक्रम की शुरुआत के साथ प्रारंभ हो गया। मुख्य यजमान दिवाकर मिश्र ने अपनी सपत्नी पुष्पा सहित कथा व्यास श्री अनिल मिश्र शास्त्री के सानिध्य में श्रीमद्भागवत महापुराण की पूजा अर्चना कर की इसके पश्चात भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहे। तत्पश्चात कार्यक्रम में मुख्य आचार्य की भूमिका निभा रहे गौरव मिश्रा के द्वारा मंडप पूजन एवं वेदी पूजन का कार्यक्रम संपन्न कराया गया।

## सेहगो के व्यवसायी हत्याकांड में ग्रामीणों ने थाने पर किया प्रदर्शन, पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



23 जनवरी की रात नवपुरवा मजरे सेहगो पूरब गांव में व्यवसायी लवकुश चौरसिया की उसके पालेसर की छत पर निर्मम हत्या के मामले में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। लोगों को पूछताछ के लिए थाने लाया जाता है । इसी से प्रताड़ित ग्रामीणों ने थाने में पहुंचकर प्रदर्शन किया है। साथ ही पुलिस पर गंभीर आरोप भी लगाए गए हैं। नव पुरवा के रहने वाले विजय कुमार ने बताया की दो दिन पूर्व सादी वर्दी वाली पुलिस उसको उसके घर से उठाकर थाने लेकर आई । फिर यहां दूसरी गाड़ी में बैठाकर रायबरेली ले गई। जहां उसके हाथ पीछे बांधकर उल्टा लटका दिया और जमकर धुनाई कर दी । पुलिस की मारपीट में उसका हाथ टूट गया । इसी गांव की रहने वाली सविता ने बताया कि उसका पति लवकुश थाने में बंद है । पुलिस मारपीट कर उसके द्वारा चोरी की घटना कारित करने की बात कबूल करना चाहती है । यही नहीं बर्बर पुलिस ने उसके मासूम बच्चों को भी डराया धमकाया है । और यह कबूल कराया कि उनके पिता चोर है । जिसका पुलिस ने वीडीओ भी बनाया है । इसी गांव की एक किशोरी का आरोप है की पुलिस ने प्रताड़ित करते हुए मृतक लवकुश चौरसिया के साथ अवैध संबंधों की बात कबूल करवाना चाहती है और उसके भाइयों पर हत्या का आरोप लगा रही है । इन्हीं सब बातों से नाराज ग्रामीणों ने भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक के पदाधिकारी के साथ थाने में प्रदर्शन किया है । जिला अध्यक्ष विपनेश कुमार ने बताया कि हत्याकांड का खुलासा हो, यह सभी ग्रामीण चाह रहे हैं, पर निर्दोष लोगों को पुलिस मारपीट कर उन्हें परेशान कर रही है । थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि पूछताछ के लिए नामजद आरोपितों को थाने लाया गया है । ग्रामीणों को समझा बूझाकर शांत कर दिया गया है । सभी ग्रामीण व किसान नेता वापस चले गए हैं ।

## दबंगों ने खेत से सरसों की फसल काटी

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** दबंगों ने भूमिधारी खेत पर बोई हुई सरसों की फसल काट दी जिसको लेकर हुए विवाद की शिकायत पीड़िता ने डलमऊ कोतवाली में की है और कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मामला मामला डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे बिचला मजरे कनहा का है। गांव निवासी सुनीता पत्नी राकेश ने कोतवाली डलमऊ में चार लोगों के विरुद्ध शिकायत पत्र देते हुए बताया हैं कि सूरजपाल पुत्र रघुवीर, लक्ष्मी, सोनम, निवासी पूरे लाल जी मजरे रजौली, पिंटू पुत्र सुरेश निवासी सिकरोहड़ी ने उसकी भूमिधारी जमीन पर बोई हुई सरसों की फसल सरहंगी के बल से खुरपा, हसिया से काट डाला हैं प्रार्थनी के मना करने पर विपक्षी गणों ने उसको व बच्चों को मारा पीटा है। जिससे उन्हें अंदरूनी चोटे आई हैं तथा विरोधियों ने उसका मंगलसूत्र भी छीन लिया पीड़ित ने बताया कि घटना के समय मौके पर 112 पुलिस भी मौजूद रही, लेकिन दबंगों ने उनका कहना भी नहीं माना।

## कार्य को पूर्ण दिखाकर निकाले गए लाखों रुपए डीएम से शिकायत

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



अधूरे विकाश कार्य को पूरा दिखाकर करा लिया गया जिसकी शिकायत ग्रामवासियों ने जिलाधिकारी रायबरेली से की है। डलमऊ विकास खंड के ग्राम पूरे दीना मजरे बलीपुर में इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में लापरवाही सामने आ रही है। जिससे अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं और पंचायती राज विभाग द्वारा कराए गए विकास कार्य में भ्रष्टाचार अनियमितता और अधूरे विकास कार्य के भुगतान के मामले की शिकायत की गई है पंचायत राज विभाग के द्वारा वर्ष 2024 सितंबर माह में कराये गए अधूरे कार्य को लेकर ग्रामवासी बबलू, अभिषेक यादव, अवधेश कुमार, अरविंद कुमार, अनुज, अमित कुमार, रवि कुमार सहित दो दर्जनों से ज्यादा लोगों ने इसकी शिकायत डीएम से की है दिए गए शिकायती पत्र में बताया गया हैं कि डलमऊ ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पूरे दीना बलीपुर गांव में पंचायत राज विभाग द्वारा इंटरलॉकिंग का कार्य लगवाया गया है जो राम गुलाम के दरवाजे से छोटेलाल यादव के घर तक के नाम पर दर्ज है जो लगभग 200 मीटर कम है जिसमें क्लासिफिकेशन स्कीम 5 स्टेट फाइनेंस कमीशन पंचायत राज प्रोग्राम के द्वारा अधूरे इंटरलॉकिंग कार्य को पूर्ण दिखाकर 7 लाख 18 हजार दो सौ रुपए का भुगतान करा लिया गया जबकि आगे का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है ग्रामीणों ने बताया कि यह हमारे गांव के एक टोला का मुख्य मार्ग तक पहुंचाने का एक मात्र रास्ता है बारिश के समय इस रास्ते पर कीचड़ होने से हम सभी को समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं। ग्रामीणों ने दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## धूमधाम से हुआ मां सरस्वती पूजन, भक्ति व ज्ञान की गूंज से गूंजा माहौल

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के सभी निजी तथा सरकारी विद्यालयों में बुधवार को मां सरस्वती पूजन धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। विद्यालयों में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भक्ति और श्रद्धा के साथ विद्या, बुद्धि व ज्ञान की देवी मां सरस्वती की आराधना की।

नगर के भारतीय विद्यालय इंटर कॉलेज में शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा का विधिपूर्वक पूजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कुमेश सरोज ने कहा, मां सरस्वती की कृपा से ही मनुष्य को ज्ञान, विवेक और समृद्धि प्राप्त होती है। शिक्षा के बिना समाज का विकास असंभव है, इसलिए सभी छात्रों को निष्ठा और अनुशासन के साथ अध्ययन करना चाहिए। ए.जी.एस. इंटरनेशनल स्कूल में भी भव्य तरीके से सरस्वती पूजन हुआ। विद्यालय के प्रबंधक सुरेंद्र कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा, आज के युग में शिक्षा ही असली धन है। मां सरस्वती के आशीर्वाद से विद्यार्थी जीवन में नई ऊंचाइयां प्राप्त कर सकते हैं। हमें शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों को भी महत्व देना चाहिए। टाइनी टाट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भी भव्य पूजा-अर्चना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह ने कहा, मां सरस्वती हमें ज्ञान और विवेक की शक्ति देती हैं। हमें सदैव अपने माता-पिता, गुरुजनों और बड़ों का सम्मान करना चाहिए और सच्ची लगन से पढ़ाई करनी चाहिए। पूजन के बाद विद्यालयों में भजन, संस्कृत श्लोक पाठ, नृत्य व संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अंत में सभी विद्यार्थियों को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालयों के शिक्षकगण, अभिभावक और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** तेज रफ्तार ट्रक ने बा ईक सवार को रौंदकर फरार छ्वर्षीय बालक की कुचलकर मौत हो गई। सादुल्लानगर-मनकापुर मुख्य मार्ग पर थाना सादुल्लानगर के मददौ घाट जंगल में अपराह्न लगभग तीन बजे सादुल्लानगर की ओर आ रहे बाईक सवार रामू वर्मा 30वर्ष पुत्र स्वर्गीय रोहित वर्मा निवासी ग्राम लौकिया ताहिर थाना सादुल्लानगर अज्ञात बाईक से टकरा कर रोड पर पुत्र सहित गिर पड़े पीछे से सादुल्लानगर की ओर जा रही अज्ञात ट्रक ने छ:वर्षीय अनमोल को रौंद दिया। जिससे मौके पर ही अनमोल की मौत हो गई। ट्रक चालक फरार हो गया। डायल 112 मनकापुर के लालबिहारी यादव व चालक होमगार्ड राकेश पांडेय ने घायल रामू वर्मा को सीएचसी सादुल्लानगर में भर्ती कराया है। बाईक सवार रामू मनकापुर के उपाध्यायपुर ग्रिंट स्थित अपने बहन के घर से वापस घर आ रहे थे। थाना प्रभारी सादुल्लानगर मनोज कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

## राम अवध यादव इण्टर कॉलेज रेडवलिया में खेल समारोह संपन्न

**विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया**

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



राम अवध यादव इण्टर कॉलेज रेडवलिया में आयोजित तीन दिवसीय खेल समारोह के अंतिम दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को विद्यालय प्रबंधक आज्ञा राम यादव, प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद और निदेशक संतोष कुमार यादव द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। इस आयोजन में उतरौला, सादुल्लाह नगर, श्रीदत्तगंज, रेहरा बाजार और गैण्डास बुजुर्ग विकास खंड के कई विद्यालयों ने भाग लिया।

5000 मीटर की रेस प्रतियोगिता में ए जी हाशमी इंटर कॉलेज सादुल्लाह नगर की मघू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, गीता ने द्वितीय स्थान, कोमल वर्मा ने तृतीय और अर्चिता ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। राम अवध यादव इंटर कॉलेज रेडवलिया की सुमी ने पांचवें स्थान पर अपनी जगह बनाई। सीनियर ब्वायज की गोला फेंक प्रतियोगिता में एजी हाशमी इंटर कॉलेज सादुल्लाह नगर के मेराज अहमद ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि राम अवध यादव इंटर कॉलेज के साबिर अली ने द्वितीय और वहीदुद्दीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में लंबी कूद की प्रतियोगिता में शांति वर्मा ने प्रथम स्थान, नाइमा खातून ने द्वितीय स्थान और नैन्सी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर वर्ग में दीपस्वी मौर्या ने प्रथम, निर्मला यादव ने द्वितीय और कोमल वर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया। भाला फेंक प्रतियोगिता में मेराज अहमद ने प्रथम स्थान, जयंत नाथ ने द्वितीय स्थान और अमरीन अहमद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समारोह के समापन पर सभी विजेता विद्यार्थियों को शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधक आज्ञा राम यादव ने इस अवसर पर सभी छात्रों को मेहनत और सपने पूरे करने की प्रेरणा दी। साथ ही, उन्होंने आगामी प्रतियोगिताओं में और अधिक उत्साह और परिश्रम के साथ भाग लेने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। समारोह का संचालन विद्यालय के शारीरिक शिक्षा शिक्षक द्वारा किया गया, और यह आयोजन विद्यालय के समग्र विकास में एक अहम कड़ी साबित हुआ।

## वित्तीय संकट से जूझती मनरेगा

ग्रामीण श्रमिकों के शहर की तरफ पलायन रोकने के लिए और उन्हें उनके निवास के आस-पास ही कम से कम 100 दिन के रोजगार की गारंटी देने की सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा वित्तीय संकट से जूझती नजर आ रही है। वर्ष 2024-25 में 9754 हजार करोड़ रुपए की वित्तीय घाटे में रही इस योजना को बजट 2025 में और अधिक धनराशि की आस थी, किंतु बजट 2024 की उसी 86 हजार करोड़ रुपए को बजट 2025 में भी यथावत रखा जाना सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना पर पानी फेरता नजर आ रहा है। पहले से घाटे की दंश झेल रही मनरेगा को इस बार कुछ ज्यादा की वित्तीय संकटों से जूझना पड़ेगा। ग्रामीण श्रमिकों की जीवन रेखा कही जाने वाली मनरेगा लाभार्थी एक बार फिर गांव से शहर को ओर पलायित करने पर मजबूर होंगे। जबकि यह योजना उन जॉब कार्ड धारकों को उनके अपने ही गांव के आसपास श्रम दिलाने में काम करता है। यहां यह उल्लेखनीय है कि 2023-24 में इस योजना के केवल 6 माह में ही 6146 करोड रुपए का घाटा हुआ था जो 2024-25 में बढ़कर 9754 करोड़ हो गया। इसी तरह 2023-24 में 89 हजार 4 सौ करोड़ का संशोधित धनराशि का आवंटन मूल बजट से 35त्न अधिक ग्रामीण श्रमिकों के लिए लाई गई मनरेगा योजना की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए की गई। इस पर वार्षिक राशि आवंटन को लेकर सवाल उठने भी लाजिमी हैं और केंद्र सरकार की वित्त पोषण की प्राथमिकताओं को लेकर कई प्रासांगिक प्रश्न भी उठाती है और इस योजना की क्रियान्यवन में वित्तीय तंगी तंत्र की विसंगतियों को ही दर्शाती है। मौजूदा वक्त में प्राथमिकता समय पर पर्याप्त धन आवंटन करने तथा प्रमाणीकृत विसंगतियों को दूर करना होनी चाहिए। भुगतान के लिए अपनाई गई प्रणाली से श्रमिकों को भुगतान में परेशानी आती रही है। आधार कार्ड आधारित भुगतान की ब्रिज प्रणाली और राष्ट्रीय मोबाइल निगरानी प्रणाली जैसे तकनीक कारकों ने भुगतान की उलझनों को बढ़ाया है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी इंटरनेट की कनेक्टिविटी की बाधाओं और आधार सत्यापन की आवश्यकताओं के कारण बड़े पैमाने पर जॉब कार्ड हटाए गए हैं। यही वजह है कि अनेक कारणों के चलते 2024 आते आते करीब 5.18 करोड़ श्रमिकों ने इस योजना तक अपनी पहुंच खो दी है जो लाखों श्रमिकों के लिए आजीविका के मार्ग में बाधा है। निःसंदेह गांवों में गरीबी उन्मूलन में मनरेगा के योगदान को कम करके नहीं आंका जा सकता और आंतरिक पलायन को रोकने के लिए यह योजना कारगर साबित हो सकती है।




# भाप से बिजली तक का सफर : भारतीय रेल में विद्युतीकरण के 100 साल

डॉ. जयदीप गुप्ता

भारतीय रेल का इतिहास नवपरिवर्तन और उन्नति की गाथा है, जो देश की प्रगति को दर्शाता है। चूंकि विद्युतीकरण की शुरुआत को 100 वर्ष पूरे हो चुके हैं, इसलिए भाप इंजन से लेकर बिजली के ट्रैक्शन की बिना शोर लेकिन शक्तिशाली पावर की यह यात्रा इंजीनियरिंग की श्रेष्ठता का प्रमाण है। 3 फरवरी, 1925 को भारत ने महत्वपूर्ण घटना देखी- तत्कालीन भारतीय रेल नेटवर्क पर पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन की शुरुआत। विक्टोरिया टर्मिनस को कुर्ला से जोड़ने वाली यह पहली यात्रा मील का पत्थर साबित हुई, जिसने हमारे देश की जीवनरेखा के असीम भविष्य की झलक पेश की। जैसे-जैसे हम इस शताब्दी वर्ष के करीब पहुंच रहे हैं, हम न केवल एक अग्रणी तकनीकी उपलब्धि का जश्न मना रहे हैं, बल्कि प्रगति की उस अदम्य भावना का भी जश्न मना रहे हैं जो भारतीय रेल की विशेषता बनी हुई है।

**भाप से डीजल तक :-** भारतीय रेल की कहानी 1853 में एक ऐतिहासिक क्षण से शुरू हुई। बोरीबंदर (अब मुंबई) और ठाणे के बीच 34 किलोमीटर की पहली यात्रा। आयातित भाप इंजनों द्वारा संचालित इन शुरुआती ट्रेनों ने कनेक्टिविटी के एक नए युग की शुरुआत की। हालाँकि, यह 1895 में हुआ था जब भारत ने एफ-क्लास स्टीम लोकोमोटिव के साथ अपनी औद्योगिक क्षमता का प्रदर्शन किया, जो अजमेर में निर्मित होने वाला पहला स्वदेशी इंजन था। 38 टन वजनी और रु. 15,869 की लागत से निर्मित यह एक नवोदित राष्ट्र की इंजीनियरिंग महत्वाकांक्षाओं का प्रतीक था। शुरुआती वर्षों में इनका महत्व होने के बावजूद भाप इंजन ने चुनौतियां पेश कीं। कोयले और पानी पर इनकी निर्भरता ने इन्हें परिचालन में बोझिल बना दिया और आधुनिक मानकों के अनुसार उनकी अक्षमता जल्द ही सामने आ गई।

20वीं सदी के मध्य में डीजल इंजनों का उदय हुआ, जिसने रेल परिवहन में क्रांति ला दी। वाईडीएम क्लास जैसे अधिक शक्तिशाली, विश्वसनीय और लागत प्रभावी डीजल इंजनों ने रेल को ऊबड़-खाबड़ इलाकों में जाने और दूरदराज के क्षेत्रों को जोड़ने में सक्षम बनाया, जिससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिला। फिर भी, इन इंजनों की भी सीमाएँ थीं, विशेष रूप से पर्यावरणीय स्थिरता में, जिसने एक स्वच्छ और अधिक कुशल समाधान- विद्युतीकरण का मार्ग प्रशस्त किया।

**विद्युतीकरण :-** एक आदर्श बदलाव भारतीय रेल का विद्युतीकरण 1925 में शुरू हुआ, जब विक्टोरिया टर्मिनस (अब छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस) और कुर्ला के बीच 1.5 केवी डीसी सिस्टम पर पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन चली। यह परिवर्तनकारी कदम गति, दक्षता और पर्यावरण पर कम नकारात्मक प्रभाव का अग्रदूत था। इस प्रणाली ने अपने पूर्ववर्तियों की कई अक्षमताओं को समाप्त किया, जिससे एक टिकाऊ भविष्य की नींव रखी गई। 1957 में 25 केवी एसी ट्रैक्शन को अपनाने के साथ एक महत्वपूर्ण मोड़ आया, जो फ्रांसीसी विशेषज्ञता से प्रेरित एक तकनीक थी। इस उन्नत तकनीक ने ऊर्जा संचरण घाटे को नाटकीय रूप से कम किया, बिजली उत्पादन में वृद्धि की तथा लंबी और तेज़ ट्रेनों के परिचालन को सक्षम बनाया। बर्द्धमान-मुगलसराय और टाटानगर-राउरकेला खंड इस प्रणाली को अपनाने वाले शुरुआती खंड बन गए, जिससे विद्युतीकृत रेल के विस्तार में तेजी आई। इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन में बदलाव करके, भारतीय रेल ने न केवल अपने संचालन को आधुनिक बनाया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए।

**तकनीकी उपलब्धियां:-** एबीबी और उससे आगे भारतीय रेल के आधुनिकीकरण में एक महत्वपूर्ण क्षण 23 जुलाई, 1993 को आया, जब एबीबी ट्रांसपोर्टेशन (स्विट्जरलैंड) के साथ एक अनुबंध के तहत भारत में अत्याधुनिक लोकोमोटिव तकनीक की शुरुआत हुई। इस समझौते के तहत, उन्नत माल और यात्री इंजनों का आयात किया गया, साथ ही प्रौद्योगिकी हस्तांतरण से स्वदेशी विनिर्माण संभव हुआ। 5,400 एचपी की पावर आउटपुट और 180 किमी/घंटा तक की गति वाला डब्ल्यूएपी 5, 1995-96 में शुरू हुआ, जिसने अपनी ऊर्जा दक्षता और माइक्रोप्रोसेसर-आधारित नियंत्रणों के साथ रेल परिवहन में क्रांति ला दी। इसी तरह, 1996 में आए डब्ल्यूएजी 9 फ्रेट लोकोमोटिव, अपनी 6,000 एचपी क्षमता के साथ भारी भार ढोने के लिए एक बेंचमार्क बन गया। इन नवपरिवर्तनों के बाद किए गए विकास कार्यों के लिए आधार तैयार किया, जिसमें डब्ल्यूएपी7 (यात्री सेवाओं के लिए) और डब्लूएजी12बी, भारी माल परिवहन के लिए डिज़ाइन किया गया 12,000 एचपी फ्रेट लोकोमोटिव शामिल है।

वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत ने भारतीय रेल की उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जोड़ दी है। सेल्फ-प्रोपेल्ड इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट्स (ईएमयू) की सुविधा वाली यह सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन उन्नत प्रपल्शन सिस्टम, हल्के वजन वाली सामग्री और विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ 180 किमी/घंटा तक की गति प्रदान करती है। यह सिर्फ़ एक ट्रेन नहीं है, बल्कि भारत की इंजीनियरिंग और विनिर्माण क्षमता की भी प्रतीक है।

**आगे की राह:-** उत्प्रेरक के रूप में विद्युतीकरण भारतीय रेल विद्युतीकरण के 100 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है, अतीत की उपलब्धियाँ एक महत्वाकांक्षी भविष्य के लिए खाका तैयार करती हैं। 2025 तक 97 प्रतिशत से ज़्यादा नेटवर्क के विद्युतीकरण के साथ, अब सभी मार्गों पर विद्युतीकरण को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। रेल प्रौद्योगिकी में अग्रणी देशों के साथ सहयोग और स्वदेशी अनुसंधान एवं विकास में निवेश, इस यात्रा के अगले अध्याय को आकार देने का वादा करता है।

भाप से बिजली तक का सफ़र सिर्फ़ इंजनों की कहानी नहीं है, बल्कि लचीलेपन, सरलता और दूरदर्शिता की कहानी है। प्रत्येक तकनीकी छलांग ने देश के परिवहन ढांचे को मज़बूत किया है, पर्यावरण पर इसके प्रभाव को कम किया है और वैश्विक स्तर पर इसकी स्थिति को बढ़ाया है। विद्युतीकरण के फलस्वरूप भारत की रेल पटरियाँ रोशन होने के साथ एक टिकाऊ और समृद्ध भविष्य का मार्ग प्रशस्त करती है।

**(लेखक, रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन, रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य हैं।)**



**भारतीय रेल के आधुनिकीकरण में एक महत्वपूर्ण क्षण 23 जुलाई, 1993 को आया, जब एबीबी ट्रांसपोर्टेशन (स्विट्ज़रलैंड) के साथ एक अनुबंध के तहत भारत में अत्याधुनिक लोकोमोटिव तकनीक की शुरुआत हुई। इस समझौते के तहत, उन्नत माल और यात्री इंजनों का आयात किया गया, साथ ही प्रौद्योगिकी हस्तांतरण से स्वदेशी विनिर्माण संभव हुआ। 5,400 एचपी की पावर आउटपुट और 180 किमी/घंटा तक की गति वाला डब्ल्यूएपी 5, 1995-96 में शुरू हुआ, जिसने अपनी ऊर्जा दक्षता और माइक्रोप्रोसेसर-आधारित नियंत्रणों के साथ रेल परिवहन में क्रांति ला दी। इसी तरह, 1996 में आए डब्ल्यूएजी 9 फ्रेट लोकोमोटिव, अपनी 6,000 एचपी क्षमता के साथ भारी भार ढोने के लिए एक बेंचमार्क बन गया। इन नवपरिवर्तनों के बाद किए गए विकास कार्यों के लिए आधार तैयार किया, जिसमें डब्ल्यूएपी7 (यात्री सेवाओं के लिए) और डब्लूएजी12बी, भारी माल परिवहन के लिए डिज़ाइन किया गया 12,000 एचपी फ्रेट लोकोमोटिव शामिल है। वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत ने भारतीय रेल की उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जोड़ दी है। सेल्फ-प्रोपेल्ड इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट्स (ईएमयू) की सुविधा वाली यह सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन उन्नत प्रपल्शन सिस्टम, हल्के वजन वाली सामग्री और विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ 180 किमी/घंटा तक की गति प्रदान करती है। यह सिर्फ़ एक ट्रेन नहीं है, बल्कि भारत की इंजीनियरिंग और विनिर्माण क्षमता की भी प्रतीक है। उत्प्रेरक के रूप में विद्युतीकरण भारतीय रेल विद्युतीकरण के 100 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है, अतीत की उपलब्धियाँ एक महत्वाकांक्षी भविष्य के लिए खाका तैयार करती हैं। 2025 तक 97 प्रतिशत से ज़्यादा नेटवर्क के विद्युतीकरण के साथ, अब सभी मार्गों पर विद्युतीकरण को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। रेल प्रौद्योगिकी में अग्रणी देशों के साथ सहयोग और स्वदेशी अनुसंधान एवं विकास में निवेश, इस यात्रा के अगले अध्याय को आकार देने का वादा करता है।**

## विचार

# चिकित्सकों को चिकित्सा की जरूरत

*अमरपाल सिंह वर्मा*

लोगों की सेवा एवं उनका इलाज करने के लिए जुटे रहने वाले डॉक्टर गंभीर संकट के दौर से गुजर रहे हैं। हाल ही में ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित एक शोध रिपोर्ट चिंतित कर देने वाली है। इस रिपोर्ट में डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य स्थिति पर गहरी चिंता जताई गई है। इसमें यह तथ्य सामने आया है कि मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों और डॉक्टरों में आत्महत्या का खतरा आम लोगों की तुलना में कहीं अधिक है। महिला डॉक्टरों पर इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव पड़ रहा है। तनाव की वजह से आत्महत्या का सबसे अधिक खतरा महिला डॉक्टरों को है।

इस शोध के अनुसार महिला डॉक्टरों में आत्महत्या का खतरा आम लोगों की तुलना में 24 प्रतिशत अधिक है। भारत में किए गए अध्ययनों से भी यह स्पष्ट हुआ है कि 40 प्रतिशत महिला डॉक्टर अत्यधिक तनाव में काम करती हैं। इस तनाव का सीधा संबंध मेंटल डिस्ऑर्डर और आत्महत्या के विचारों से है। इंडियन जर्नल ऑफ साइकियाट्री में प्रकाशित एक शोध से भारत के डॉक्टरों के लिहाज से भी चिंताजनक तस्वीर उभरती है। इस जर्नल के आंकड़ों के अनुसार, पिछले एक दशक में भारत में 358 डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों ने आत्महत्या की है, जिनमें से 70 प्रतिशत की उम्र मात्र 30 से 40 वर्ष के बीच थी। यह आंकड़ा केवल एक नंबर नहीं है, बल्कि यह समाज के लिए एक गंभीर चेतावनी है। जब देश के युवा और प्रतिभाशाली डॉक्टर तनाव और मानसिक दबाव के कारण अपनी जान लेने पर मजबूर हो रहे हैं तो यकीनन यह हमारे हेल्थ केयर सिस्टम और समाज के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है। भारत के अध्ययनों से पता चलता है कि 40 प्रतिशत महिला डॉक्टरों को अत्यधिक तनाव की हालातों में काम करना पड़ रहा है। बढ़ता मानसिक असंतुलन और आत्महत्या के विचार इसके कारण हैं। डॉक्टर एमबीबीएस के बाद विशेषज्ञ बनने के लिए पीजी की तैयारी में जुट जाते हैं। एक तरफ काम का दबाव होता है, दूसरी ओर पढ़ाई की चिंता सताती है। इससे उपजे तनाव में संतुलन रखना बहुत कठिन होता है। शायद इसी का परिणाम है कि पिछले पांच सालों में 1270 मेडिकल छात्रों ने पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी। इनमें 153 एमबीबीएस तथा 1117 पीजी में एडमिशन लेने वाले छात्र थे, जो एमबीबीएस के बाद विशेषज्ञ डॉक्टर बनने की चाह लिए हुए थे। हमारे देश में आत्महत्या करने वाली महिला डॉक्टरों में सर्वाधिक 22.4 प्रतिशत एनेस्थीसिया विभाग (निश्चेतना) की एवं 16 प्रतिशत स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की थीं। इन विभागों के डॉक्टरों के पास ही सर्वाधिक हाई-रिस्क वाले मरीज आते हैं, इसलिए उन पर काम का दबाव एवं तनाव ज्यादा होता है। डॉक्टरों की भारी कमी वाले हमारे देश में बन रहे ये हालात बहुत बुरे हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी की वजह से लोगों को इलाज के लिए बड़े शहरों की ओर भागना पड़ रहा है। केंद्र सरकार का दावा है कि देश में डॉक्टर-जनसंख्या अनुपात विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की ओर से निर्धारित मानदंडों से बेहतर है, मगर स्वास्थ्य मंत्रालय के पिछले साल के आंकड़ों से पता चलता है कि ग्रामीण भारत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी है। मंत्रालय द्वारा जारी भारत की स्वास्थ्य गतिशीलता (बुनियादी ढांचा और मानव संसाधन) 2022-23 रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में सीएचसी में जरूरी 21 हजार 964 सर्जन, प्रसूति/स्त्री रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन और बाल रोग विशेषज्ञों के मुकाबले भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में 17 हजार 551 विशेषज्ञों की कमी है। सीनियर डॉक्टरों की मानें तो मेडिकल छात्रों और डॉक्टरों पर अत्यधिक दबाव उनके लंबे और कठोर प्रशिक्षण, भारी कार्यभार, सामाजिक अपेक्षाओं और मानसिक स्वास्थ्य सहायता की कमी से उत्पन्न होता है। महिला डॉक्टरों को अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ पारिवारिक जिम्मेदारियों का भी संतुलन बनाना पड़ता है, जिससे उनकी स्थिति और जटिल हो जाती है। अस्पतालों में तोड़फोड़, डॉक्टरों से मारपीट और अभद्र व्यवहार जैसी घटनाएं भी इस स्थिति के लिए कम जिम्मेदार नहीं हैं। वर्ष 2022 में राजस्थान के लालसोट में इलाज के दौरान एक प्रसूता की मौत होने पर धरने-प्रदर्शन और पुलिस द्वारा अपने खिलाफ मुकदमा दर्ज करने से परेशान होकर सुसाइड कर लेने वाली युवा चिकित्सक डॉ. अर्चना शर्मा की मौत आज भी झकझोरती है। डॉ. अर्चना ने सुसाइड नोट में लिखा था कि मैंने कोई गलती नहीं की है, किसी को नहीं मारा। प्रसवोत्तर रक्तस्राव (पीपीएच) एक कॉम्प्लिकेशन है, इसके लिए डॉक्टरों को प्रताड़ित करना बंद करो। हाल में भरतपुर के रेडियोलॉजिस्ट डॉ. राजकुमार चौधरी ने आगरा में जाकर सुसाइड कर ली है। पूरे देश में इस तरह के मामले आते रहते हैं। यह समस्या बहुत बड़ी है जिसका त्वरित समाधान होना चाहिए, लेकिन यह तभी हो सकता है, जब समस्या की जड़ों तक पहुंचकर असलियत की थाह ली जाए। यह जरूरी है कि महिला डॉक्टरों के दृष्टिगत हेल्थ केयर सिस्टम में लिंग संवेदनशील रणनीतियां प्रभावी ढंग से लागू की जाएं। कामकाजी माहौल को महिला डॉक्टरों के लिए अधिक अनुकूल बनाना होगा। इसके साथ ही, डॉक्टरों और छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करने के लिए विशेष कार्यक्रम शुरू किए जाने चाहिए। सरकार, मेडिकल संस्थानों, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और समाज को मिलकर ऐसे उपाय करने होंगे, जिससे डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों के लिए काम और जीवन के बीच संतुलन कायम करना आसान हो। यह भी आवश्यक है कि समाज की ओर से डॉक्टरों पर अनावश्यक अपेक्षाओं का बोझ न डाला जाए। डॉक्टर भी इंसान हैं, उनकी भावनाओं और सीमाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। जिस प्रकार डॉक्टर समाज के लिए जुटे रहते हैं, उसी प्रकार समाज के प्रत्येक वर्ग को भी डॉक्टरों के मानसिक स्वास्थ्य एवं सुकून को बनाए रखने के लिए योगदान देना चाहिए।

**(स्वतंत्र लेखक हैं)**



साहित्य




### लोक-सेवकों के यहां भरा भण्डार है... ?

**संजय एम तराणेकर**

'लोक-सेवकों' के यहां भरा भण्डार है,
सरकारी नौकरी की महिमा अपार है।
भ्रष्टतंत्र की दीमक करती अपना काम,
जमा होती धन-सम्पदा होता है नाम।
कुबेर मानों स्वयं भर देते है खजाना,
यहीं जानता आम आदमी को बजाना।

'लोक-सेवकों' के यहां भरा भण्डार है,
सरकारी नौकरी की महिमा अपार है।
ऑफिस समय पर न जाना व्यापार है,
हाँ, लक्ष्मी प्रसन्न खरीद ली कार है।
देवी-देवता, पीर-फकीरों का आशीष,
दे जो मिली-भगत से झुकाते हैं शीष।

'लोक-सेवकों' के यहां भरा भण्डार है,
सरकारी नौकरी की महिमा अपार है।
कार में कई किलो सोना,नगदी माया,
विदेशों में भी मस्ती बेड़ा पार लगाया।
अनुकंपा नियुक्ति पर भी हैं मालामाल,
भ्रष्टाचार की जननी का सपूत लाल।



## राशिफल

**मेषः-** कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। पेशे संबंधी कोई यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार बनेंगे।

**वृषभः-** स्वयं पर भरोसा रख योजनाओं को सुचारू रुप से क्रियान्वित करें। सगे-संबंधों में सरल व व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। अर्थाभाववश चिंता संभव।

**मिथुनः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध से मन हतोत्साहित होगा। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन में उत्साह का संचार होगा।

**कर्कः-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**सिंहः-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी किंतु कार्य को समय से पूर्ण करें।

**कन्याः-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नयी-नयी युक्तियों पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**तुलाः-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में संतुलित वाणी का प्रयोग करें। कोई हितैषी बिगड़े हुए संबंधों को सुधरवायेगा।

**वृश्चिकः-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु संतुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में सगे-संबंधियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**धनुः-** नये समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय में संतुलन बनाने का प्रयत्न करें। महत्वपूर्ण कार्य में आलस्य का त्याग करें।

**मकरः-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम सार्थक होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**कुंभः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता से प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कार्य की व्यस्तता रहेगी।

**मीनः-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें। रोजगार में लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे। परिवार में मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

# दिल्ली के नतीजे बताएंगे कि कांग्रेस अकेली चलेगी या फिर अनिर्णय में फंसी रहेगी

*शकील अख्तर*

राहुल ने दिल्ली चुनाव में समां बांध दिया। कांग्रेस जो दिल्ली में बिल्कुल खतम हो गई थी उसमें वापस जान फूंक दी। अगर इस चुनाव में राहुल इतने तेवर के साथ सामने नहीं आते तो कांग्रेस की स्थिति दिल्ली में भी बिहार-यूपी की तरह हो जाती। मगर सही टाइम पर राहुल ने दिल्ली का फैसला लिया और मोदी की तरह केजरीवाल पर भी उतने ही कड़े प्रहार किए या यह भी कह सकते हैं कि कांग्रेस की दिल्ली में जमीन आम आदमी पार्टी ने छीनी थी इसलिए उस पर ज्यादा फोकस किया। ज्यादा तगड़े वार! शायद सबसे बड़ा हमला वह था जब उन्होंने कहा कि- विपक्षी नेताओं में केजरीवाल सबसे ज्यादा मोदी से डरते हैं। राजनीति में डरना सबसे बड़ी कमी मानी जाती है। है तो फिल्म का डायलाग मगर राजनीति में बिल्कुल सही है कि जो डर गया समझो वह मर गया। राहुल ने केजरीवाल के राजनीतिक खात्मे की घोषणा कर दी। और यह कांग्रेस के लिए सबसे जरूरी है। राहुल ने बिल्कुल सही कहा कि कांग्रेस और भाजपा में विचारधारा की लड़ाई चल रही थी बीच में केजरीवाल आ गए। खंबे पर चढ़ गए। मगर फिर धड़ाम से गिरे भी। कांग्रेस के लिए यह बहुत जरूरी है।

मोदी से आमने-सामने की लड़ाई कांग्रेस के लिए मुश्किल नहीं मगर बहुत सारे आवरण चढ़ाए केजरीवाल से लड़ना इसके लिए शुरू से अनिश्चितता का मामला रहा। 2013 में उसके समर्थन से ही केजरीवाल पहली बार मुख्यमंत्री बने। और फ्रि 2015 और 2020 में केजरीवाल ने कांग्रेस को शून्य पर ला दिया। वोट परसेन्टेज 4.3 पर। केवल 11 साल में यह हाल हो गया। जबकि यूपी बिहार में कांग्रेस का बुरा हाल हुआ मगर शून्य पर वह कभी नहीं पहुंची। यूपी में पिछले विधानसभा चुनाव 2022 में वह सबसे कम केवल दो सीटों पर रह गई और बिहार में 2010 के विधानसभा चुनाव में वह सबसे कम केवल 4 सीटों पर रह गई थी। तीनों जगह दिल्ली, बिहार, यूपी इस बात में समानता है कि कांग्रेस कहीं भी एक निर्णय नहीं ले सकी। कभी साथ में कभी अकेले चुनाव लड़ती रही। यूपी में 1989 के बाद से वह सत्ता से बाहर है। और बिहार 1990 के बाद से। मतलब करीब 35- 36 साल से। दिल्ली में भी 11 साल हो गए। मगर अब दिल्ली में कांग्रेस जागी है। कितना कर पाएगी यह तो 8 फ्रवरी को पता चलेगा।

लेकिन दिल्ली में वापस खड़ी हो गई यह अभी से दिखने लगा है। यहीं से कांग्रेस को कोई बड़ा नीतिगत फैसला लेना होगा। राष्ट्रीय स्तर पर माना जाता है कि कांग्रेस ही भाजपा से लड़ रही है। मगर यथार्थ में होता यह है कि कई बड़े राज्यों में कांग्रेस दूसरे विपक्षी दलों के मुकाबले बहुत कमजोर हो जाती है। यूपी, बिहार, दिल्ली का तो अभी बताया ही मगर जम्मू-कश्मीर, झारखंड, पंजाब, महाराष्ट्र के अलावा दक्षिण और नार्थ ईस्ट के राज्यों में भी यही हालत हो गई है। कांग्रेस तीसरे-चौथे नंबर की पार्टी बन गई है। यह तब है जब उसके पास इस समय देश का सबसे निडर, मेहनती और आम जनता से सबसे ज्यादा मिलने जुलने वाला नेता है। सच तो यह है कि कई बार यह कहा जाता है कि देश के लोग राहुल को नहीं पहचान पा रहे। सही बात है। चमक-दमक के इस झालर, पन्नी के दौर में असली मेटल को लोग नहीं पहचान पा रहे। मगर लोगों से शिकायत तो तब बनती है जब खुद उनकी पार्टी उन्हें सही से पहचान लेती! मुख्य बात तो यही है कि खुद कांग्रेस के नेता राहुल को नहीं पहचान पाए। उनके लिए राहुल भी एक चेहरा तो हैं मगर यह नहीं समझ पाए कि एक ऐसा शख्स उनके पास है जो कभी भी बाजी पलट सकता है। उनको सत्ता में ला सकता है। मुकाबला बहुत मुश्किल है। मोदी ने देश में एक ऐसा माहौल बना दिया है कि जनता पर किसी बात का असर नहीं हो रहा है। अभी कुंभ में भगदड़ में मारे गए लोगों की खबर छुपाई गई। अखिलेश यादव ने लोकसभा में बजट से पहले कुंभ में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने की मांग करते हुए कहा कि हमें बजट के आंकड़ें नहीं लापता लोगों के आंकड़े चाहिए। कितने लोग मारे गए। कितने घायल हैं और कितनों का पता नहीं है। विपक्षी दलों ने लोकसभा में जोरदार मांग उठाई, वाक आउट तक कर गए मगर सरकार निश्चिंत बनी रही। उसे लगता है विपक्ष आवाज उठाता रहे जनता नहीं सुनेगी। जनता को नफ्रत के ऐसे नशे में डाल दिया है कि वह कुछ भी नहीं सुनती, सोचती। बस उसे नफ्रती बातों से ही खुशी मिलती रहती है। कोई भी बड़ी से बड़ी घटना हो जाए जनता का नशा टूटता नहीं है। नोटबंदी, किसानों का आंदोलन, कोविड में बिना इलाज लोगों का मरना, चिता तक का इंतजाम नहीं, पुलों से लाशों का नीचे फेंकना, लॉकडाउन, लाखों मजदूरों का पैदल जाना, चीन द्वारा घुस कर हमारे आदमियों को मारना, फिर वापस न जाना, प्रधानमंत्री का इस बात को भी नकार देना, कहना न कोई घुसा है न कोई है, मगर किसी बात का असर नहीं होना। ऐसे में राहुल का बिना हिम्मत हारे लगातार लड़ते रहना ही एक मात्र आशा की किरण रही। यहीं यह सवाल पैदा होता है कि क्या कांग्रेसियों को यह नहीं दिखता? या वह अपनी आदत से मजबूर हैं कि राहुल को जो करना है करें मगर हम तो उसी तरह गुटबाजी, काम न करना, अपने स्वार्थों में लिप्त रहना में लगे रहेंगे। जी-23 सिर्फ और सिर्फ राहुल के खिलाफ ही बनाया गया था। 2019 में उन्हीं से अध्यक्ष पद से इस्तीफ दिलवाया गया था। राजस्थान चुनाव पूरी तरह गुटबाजी की वजह से हारा था। और फ्रि हरियाणा भी ऐसे ही हाथ में आया हुआ गंवाया गया था। लोग बाकी राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्रकी हार को भी इसी क्रम में खड़ा करने लगते हैं। मगर इन राज्यों में कारण अलग थे। राजस्थान और हरियाणा शुद्ध रूप से सिर्फ गंदी गुटबाजी की वजह हारे गए थे। अगर कांग्रेस हरियाणा जो कि वह जीत रही थी जीत जाती तो क्या महाराष्ट्र के यह नतीजे आते? कांग्रेस हरियाणा जीत जाती तो देश का माहौल ही कुछ और होता। 8 महीने पहले 240 पर रोक कर जो मोदी को झटका दिया था उसका असर जारी रहता। प्रधानमंत्री मोदी ने जो फिर से आत्मविश्वास पा लिया है वह नहीं होता। पता नहीं कांग्रेस समझेगी या नहीं! अभी तक के कांग्रेसियों का इतिहास तो यह बताता है कि कांग्रेसी नेता खुद से कभी नहीं समझते। उन्हें तो डंडे के बल पर समझाना पड़ता है। राहुल ने अभी वंचित समाज के दिल्ली सम्मेलन में यह माना कि कि कांग्रेस वह नहीं रह गई जो इन्दिरा गांधी के समय थी। सही बात है। राहुल को यहीं से आगे लाइन लेना चाहिए कि इन्दिरा गांधी कैसी सख्ती से पार्टी को डील करती थीं। जो वे कह रहे थे कि पिछले कुछ सालों में पार्टी कमजोर हो गई तो उसका कारण ही यही है कि नेतृत्व ने सख्त निर्णय लेना छोड़ दिए।

दिल्ली चुनाव के बाद राहुल को पूरा समय पार्टी संगठन के पुनर्निर्माण में लगाना चाहिए। जाने कितने साल हो गए कुछ लोग पदों पर बैठे हुए हैं। उनका कमरा बदल दिया जाता है। जिम्मेदारी बदल दी जाती है। मगर पद बरकरार रहता है। कुर्सियों से चिपके हैं। इनकी क्या उपयोगिता है? इनके बदले और लोगों को मौका देना चाहिए। साल 2025 कांग्रेस ने संगठन का साल घोषित किया है। अगर सही मायनों में हो गया तो पार्टी की तकदीर बदल सकती है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**स्थानीय संपादक आर.बी. सिंह, संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# आटो को टक्कर मार डंपर में घुसी रोडवेज बस, डेढ़ दर्जन सवारियां घायल

▸ आधा दर्जन की हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर, राठ डिपो की है बस, कानपुर से हमीरपुर रहीं थी

घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।







सोमवार दोपहर को सजेती थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुजेला गांव के पास आआटो मे टक्कर मारने के बाद रोडवेज की बस खड़े डंपर में जा घुसी जिससे डेढ़ दर्जन से अधिक सवारियां घायल हो गई घायलों को स्वस्थ बिभाग की एंबुलेंस से सीएचसी घाटमपुर में भर्ती कराया गया। जहां आधा दर्जन सवारी की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें जिला अस्पताल कानपुर रेफर किया गया है घटना की सूचना पाकर ए आर एम हमीरपुर भी घाटमपुर सीएससी पहुंचे और घायलों के हाल-चाल जाने उधर, राठ निवासी रोडवेज बस चालक शमीम अहमद ने बताया वह अपने साथी परिचालक कासगंज के नगलावास निवासी लोकेंद्र के साथ रोडवेज बस में लगभग 55 सवारियां लेकर राठ डिपो लेकर जा रहे थे, तभी कानपुर सागर हाइवे पर स्थित सजेती थाना क्षेत्र के गुजेला गांव के पास पहुंचते ही बस के आगे अचानक ऑटो आ गया, जिससे रोडवेज बस अनियंत्रित होकर ऑटो में टक्कर मारते हुए एक डंफर में पीछे से जा घुसी, हादसे में बस में सवार सात सवारियां घायल हो गईं।

वही ऑटो में सवार नौ सवारियां घायल हो गई, राहगीरों की सूचना पर पहुंची सजेती पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर आधा दर्जन गंभीर घायलों को कानपुर जिलास्पताल रेफर कर दिया, घटना की सूचना मिलते रोडवेज बस के एआरएम रामप्रताप साहू ने घाटमपुर सीएचसी पहुंचकर घायलों से घटना की जानकारी जुटाई, इसके साथ ही उन्होंने घायलों को उपचार हेतु हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है, इधर राठ डिपो की रोडवेज बस में सवार घाटमपुर के कोटद्वार निवासी 75 वर्षीय शिवदेवी व उनके पति सुरेश चंद्र गुप्ता घायल हो गए, उन्नाव के बांगरमऊ निवासी 35 वर्षीय चांदनी पत्नी पप्पू, कानपुर के जरौली निवासी 50 वर्षीय श्री कृष्ण,महोबा के चरखारी निवासी 85 वर्षीय गन्शी, उन्नाव के बांगरमऊ निवासी 14 वर्षीय धीरज व 4 वर्षीय शिब्बू घायल हो गए, हादसे में ऑटो सवार घाटमपुर निवासी 2 वर्षीय दिव्यांश, 22 वर्षीय सीमांशु, 35 वर्षीय गुड़िया, 65 वर्षीय श्यामादेवी, हरदौली निवासी 70 वर्षीय नरेंद्र, दिव्यांशी 6 वर्षीय, 50 वर्षीय रामचंद्र,70 वर्षीय झल्लू यादव घायल हो गए।

पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर घायलों को कानपुर जिलास्पताल रेफर कर दिया,अन्य को प्राथमिक उपचार कर घर भेजा गया,वहीं घटना की जानकारी होते ही रोडवेज बस के एआरएम रामप्रताप साहू ने बताया कि घाटमपुर सीएचसी पहुंचकर उन्होंने घायलों से घटना की जानकारी जुटाई है, इसकी रिपोर्ट वह उच्चाधिरयों को सौंपेंगे। उन्होंने घाटमपुर सीएचसी में मौजूद घायलों को उपचार के लिए हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया है,उधर हादसे को लेकर घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया है,घटना के बाद हाइवे पर खड़े क्षतिग्रस्त वाहनों को पीएनसी की क्रेन की मदद से किनारे करवाकर हाइवे पर यातयात बहाल कराया गया है।

## कुत्तों का निवाला बन रहे हैं नवजात बछड़े

**मौदहा(हमीरपुर)।** क्षेत्र की गौशालाओं में गायों की दुर्दशा आए दिन सोशल मीडिया में वायरल होती रही है ऐसा ही एक मामला जिला पंचायत की गौशाला में प्रसव के दौरान गाय के बछड़ों को कुत्तों द्वारा निवाला बनाए जाने का वीडियो सोशल मीडिया में चर्चा का विषय बना हुआ है। सिसोलर गांव में जिला पंचायत द्वारा गौशाला के लिए बनाई गई बिल्डिंग में गौवंश संरक्षित किए गए हैं जहां लगभग 18 गाए संरक्षित हैं। बीते रविवार की शाम सोशल साइट पर प्रसव के दौरान बछड़े को कुत्तों ने निवाला बना डाला। सरकार गौवंश को संरक्षित करने को गौशालाएं एवं चौकीदार नियुक्त हैं जिससे भोजन पानी आदि के लिए भारी भरकम राशि की वित्तीय सहायता दी जाती है फिर भी गौवंश की दुर्दशा क्षेत्र में सुर्खियां बटोर रहा है। पशु चिकित्सा अधिकारी उपेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया के वीडियो के आधार पर गौवंश को देखने के लिए गया था जिसकी सम्मान पूर्वक पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई है।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने तीन शातिर बदमाशों को अवैध असलहे के साथ धरा

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग व रात्रि गश्त के दौरान कुर्रा रोड पर तीन शातिर बदमाशों को तमंचा सहित चोरी करने के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि रविवार की रात में एसआई विनेश गौतम रोहित साहू पुलिस बल साथ गस्त पर थे। तभी कुर्रा रोड पर तीन युवक चोरी करने की फिराक में खड़े थे। तालाशी लेने पर एक तमंचा तीन कारतूस व चोरी करने के लिए एक सब्बल बरामद हुआ है। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम हिमांशू राजपूत पुत्र अखिलेख निवासी कुल्हैंडा थाना मझगवांए रोहित कुमार उर्फ भूरा पुत्र रामगोपाल निवासी इटैलिया बाजा थाना जरियाए प्रवीन पुत्र हरि सिंह निवासी कुल्हैंडा थाना मझगवां बताया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह लोग राहगीरों के रुपए व सामान लूटने के लिये खड़े थे। आने जाने वाले लोगों को डंडे से मारकर घायल कर देते है। उनके रुपए व सामान लेकर आपस में बटवारा कर लेते है। हम लोग कार से सून सान जगहों पर जाते है कार को दूर खड़ी कर आने जाने वाले लोगों के साथ मारपीट कर लूटपाट की घटना करते है। बताया कि घरों में पीछे से छत के रास्ते घर में घुसकर चोरी भी करते है। कोतवाल ने बताया कि तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### स्टार क्रिकेट एकेडमी ने आर-आर अकादमी को सात विकेट से हराया



**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।** कैप्टन सुखवासी जनता ग्राउंड में चल रहे लीग मैच में ब्लू स्टार 7 विकेट से विजय रही। ब्लू स्टार ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी आरआर अकादमी ने 17 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 111 रन बनाएं। जिसमें प्रिंस पाल ने 21रन, विशाल कटिहार ने 19 रन,धर्मेंद्र ने 15 रन और श्री ने 12 रन बनाए। गेंदबाजी करते हुए ब्लू स्टार की तरफ से नक्षत्र पांडे ने 6 विकेट और अमन, ऋषिकेश यादव, प्रिंशु यादव ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ब्लू स्टार क्रिकेट अकादमी ने 20 ओवर में तीन विकेट खोकर अपना लक्ष्य हासिल किया जिसमें आयुष वर्मा नाबाद 47 रन, राहुल सिंह नाबाद 25 रन और मृत्युंजय ने 15 रन बनाए। आरआर अकादमी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अनिकेत और धर्मेंद्र ने एक-एक विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच अश्वनी मिश्रा द्वारा नक्षय पांडे को दिया गया। बेस्ट बैट्समैन आयुष वर्मा और बेस्ट बॉलर नक्ष्य पांडे को दिया गया। अतिथि के रूप में राका यादव, सुमित यादव, आमिर ज़ैदी और भूप किशोर विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

### चाचा-भतीजा का शव आते ही सभी की आंखें छलकीं

**राठ(हमीरपुर)।** रविवार को मऊरानीपुर हाईवे पर एक कंटेनर ने बाइक सवार चाचा भतीजे व भांजे को रौंद दिया था। इस हादसे से तीनों युवकों की दर्दनाक मौत हो गई थी। मऊरानीपुर पुलिस ने तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराया है। सोमवार को चाचा भतीजे का शव गांव आते ही स्वजनों में मातम सा छा गया और ग्रामीणों की आंखों में आसू छलक पड़े। कोतवाली के बहगांव निवासी 19 वर्षीय अंकित अपने चाचा 36 वर्षीय धर्मेंद्र के साथ शनिवार को अपनी बुआ रजनी के लिए मऊरानीपुर के चुरारा गांव में लड़का देखने के लिए चला गया था। रविवार को चाचा भतीजे वापस बाइक से लौट रहे थे। तभी रास्ते में धर्मेन्द्र ने अपने भांजे मप्र के रायपुर थाने के टेहरका निवासी 17 वर्षीय सानू को भी साथ ले लिया था। तभी मऊरानीपुर हाईवे पर कंटेनर ने टक्कर मार दी जिससे तीनों की मौत हो गई थी। सोमवार को गांव में एक साथ चाचा भतीजे का शव देखकर ग्रामीणों के रोंगटे खड़े हो गए और आंखों से आंसू छलक पड़े। चाचा भतीजे के अंतिम संस्कार में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। मृतक के पिता ने बताया कि उसके तीन पुत्र श्यामकरन संतोषए धर्मेंद्र थे। धर्मेन्द्र मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। वह 14 दिन पहले ही पिता बना था।

### दुल्हन की विदायी लग्जरी गाड़ी से नहीं बैलगाड़ी से करायी, पुरानी परंपरा को रखा जिंदा



**राठ(हमीरपुर)।** दूल्हे ने शादी के दौरान पुरानी रस्म को जीवित रखते हुये दुल्हन की विदाई गाड़ी बैल से करायी और खूब सुर्खिया बटोरी। कस्बे के चरखारी रोड निवासी राजीव उर्फ राजू द्विवेदी एक किसान है। उनके पास 55 बीघा जमीन हैं। उन्होंने अपने पुत्र विवेक उर्फ राजा द्विवेदी की शादी जनपद महोबा के सूपा गांव निवासी राकेश शुक्ला की पुत्री रोहिणी के साथ तय की थी। कन्या पक्ष के लोगों ने कस्बे में आकर गेस्ट हाउस में शादी संपन्न कराने के लिए इंतजाम किए थे। बैंडबाजे के साथ बारात गेस्ट हाउस पहुंची जहां बारातियों का जोरदार स्वागत और सत्कार किया गया। द्वारचार के बाद वरमाला की रस्में की गई। बाद में शादी के मंडप में दूल्हे ने दुल्हन के साथ सात फेरे लिए। शादी संपन्न होने के बाद सोमवार को विदाई की बेला आई तो दूल्हे ने लक्जरी कार से विदाई कराने से साफ इंकार कर दिया। उसने दुल्हन पक्ष के लोगों से कहा कि पिता की इच्छा है कि पुरानी परम्परा के तहत बैलगाड़ी से ही दुल्हन की विदाई कराई जाए। बैलगाड़ी को खूब सजाया गया। विदाई की बेला में दुल्हन को बैलगाड़ी में दुल्हन को बैलगाड़ी में बैठाने के बाद दूल्हा खुद ही बैलगाड़ी को हांकते घर तक ले गया। बैलगाड़ी से दुल्हन की विदाई का नजारा देख आम लोग दंग रह गए।

### जिला प्रशासन द्वारा बंद कराने के बावजूद चल रहा है अवैध मदरसा, बंद करने के आदेश



**मौदहा हमीरपुर।** कम्हरिया रोड मौदहा में स्थित गैर मान्यता प्राप्त मदरसा शेख अब्दुल कादिर जीलानी हमेशा विवादों में घिरा रहता है। गैर मान्यता प्राप्त होने कारण दिनांक 20 सितंबर 24 को जिलाधिकारी के आदेश पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी व नायब तहसीलदार मौदहा के संयुक्त हस्ताक्षरित नोटिस देकर बंद करवा दिया गया था परंतु उक्त मदरसा अवैध रूप से आज भी संचालित है जिसकी पुनः जांच के लिए सोमवार को उपजिलाधिकारी राज कुमार गुप्त सहित जिले अल्पसंख्यक अधिकारी व तहसीलदार की मौजूदगी में जांच पड़ताल की गई मगर नतीजा सिफर ही रहा और मौदहा तहसील प्रशासन द्वारा गैर प्राप्त अवैध मदरसा संचालकों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नही की गई जो जिलाधिकारी के आदेश की धज्जियां उड़ा रहा है। मदरसा की न तो कहीं से मान्यता है और न ही कोई लेखा.जोखा है जिसमे लाखों रुपए का चंदा भी आता है। किसी भी आवासीय विद्यालय आवासीय मदरसा ;यतीम खाना आदि चलाने के लिए महिला एवं बाल विकास कल्याण विभाग से मान्यता लेना अनिवार्य होता है परंतु मदरसा की ना तो महिला एवं बाल विकास कल्याण से कोई मान्यता है और ना ही मदरसा बोर्ड से कोई मान्यता है तो फिर किस के शह पर संचालित है जबकि मदरसे की कई विभागों द्वारा जांच कर आख्या उपजिलाधिकरी मौदहा को प्रेषित की जा चुकी है। मदरसा शेख अब्दुल कादिर जिलानी के नाम से पूरे जनपद समेत पड़ौसी जिला महोबा व बांदा में लगभग 30-32 शाखाएं चलाई जा रही हैं जो जांच का विषय है। हालांकि उक्त जांच के बाद जिला अल्पसंख्यक अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने बताया की मदरसा संचालक को आदेशित किया गया है कि वह वहां रह रहे बच्चों के अभिभावकों को बुला कर बच्चे उनके सुपुर्द कर दे और मदरसे को तब तक के लिए बंद कर दें जब तक मदरसे को संचालित करने की अनुमति नही मिल जाती है।

# भ्रष्टाचार की जांच रिपोर्ट शासन को भेजने के बाद सीएमओ पर लटकी कार्रवाई की तलवार

▸ भाजपा के सदर विधायक ने विधानसभा के प्रमुख सचिव से की थी शिकायत, एडी ने कहा कि मंडल से रिपोर्ट भेजी जा चुकी है, पैथालॉजी की जांच बनी सीएमओ के गले की हड्डी, जांच के बाद अभी भी कई पैथालॉजी पर नहीं हुई कार्रवाई

विनोद शुक्ला

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के भाजपा के सदर विधायक द्वारा सीएमओ व अन्य कर्मचारियों के भ्रष्टाचार में लिप्त होने की शिकायत शासन स्तर पर पहुंचने व स्थानीय समिति द्वारा जांच में दोषी पाये जाने पर सीएमओ के गर्दन पर खतरे की तलवार लटकना शुरु हो गयी है। विधायक ने विधानसभा प्रमुख सचिव से कार्यवाही किये जाने मांग की है वही मामले में को गंभीरता से लेते हुये विशेष सचिव ने स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर सूचना का जबाव न देने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने को कहा है। विधायक सदर ने बताया कि जिलाधिकारी के स्तर से भी रिपोर्ट शासन को भिजवा दी गयी है कार्यवाही क्या होती है यह समय ही बतायेगा।

जानकारी के मुताबिक विधानसभा सत्र के दौरान सीएमओ डा गीतम सिंह के भ्रष्टाचार की लिखित शिकायत प्रमुख सचिव विधानसभा से की थी कि कुरारा के कृष्णा पैथालॉजी समेत कई पैथालॉजी के आवेदनों में समस्त शर्तें पूरी होने के बाद भी उनको निरस्त कर दिया गया था इसके बाद अपंजीकृत पैथालाजी पर कोई कार्यवाही नहीं की गयी जिलाधिकारी ने मामले में दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गयी जिसमे पाया गया कि सीएमओ ने जानबूझकर लोगों के आवेदन निरस्त किये है लिहाजा साबित हो गया कि सीएमओ व अन्य कर्मचारी भ्रष्टाचार का बढ़ावा दे रहे है। विधायक ने प्रमुख सचिव को बताया कि नियम 301 के अन्तर्गत साक्ष्यो के अनुसार सीएमओ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाये। सदन में मामला उठने के बाद विशेष सचिव मोहम्मद मुशाहिद ने स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर कहा है कि मामले की जांच कराकर सूचना सदन में भिजवा दे ताकि उसका जबाव पटल में रखा जा सके यदि इस मामले में विलंब होता है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाये।मामले को गंभीरता से लेते हुये शासन ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर रिपोर्ट मांगी थी जो भिजवा दी गयी है। भाजपा के सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति का कहना है कि जांच शासन स्तर पर भेज दी गयी है कोई न कोई कार्यवाही होना चाहिये क्योकि तभी जनता को राहत मिलेगी। यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान पैथालॉजी व झोलाछाप डाक्टरों के खिलाफ ढेर सारी जांचे कर सीएमओ को दी गयी थी मगर आज तक उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नही की गयी है। हालाकि सदर विधायक का कहना है कि जिलाधिकारी ने भी जांच रिपोर्ट शासन को भेज दी है। कार्रवाई कब तक होती है यह समय ही बतायेगा।

### एडी ने जांच रिपोर्ट भेजी शासन को

**हमीरपुर।** इस मामले में चित्रकूटधाम मंडल बांदा के अपरनिदेशक डा. रेखारानी का कहना है कि मामले में उनसे जवाब मांगा गया था इस पर उन्होंने सीएमओ व सदर विधायक से बात कर शासन को भिजवा दिया है। एडी ने बताया कि शासन ने अंतिम रिपोर्ट जिलाधिकारी हमीरपुर से मांगी है। उसी के आधार पर शासन कार्यवाही करेगा। उन्होंने बताया कि मामला शासन स्तर का है इस पर वह कुछ कह नही सकती है।

### जांच समिति को नहीं दिये जा रहे है अभिलेख

**हमीरपुर।** महिला व पुरुष जिला अस्पताल में गुणवत्ता युक्त भोजन न मिलने के मामले में जिलाधिकारी द्वारा करायी गयी जांच में पुरुष अस्पताल से दो माह बाद भी अभी तक जांच समिति को अभिलेख नही दिये गये है जिससे जांच नही हो पा रही है, बताया जाता है कि जब भी जांच समिति पुरुष अस्पताल से जांच के अभिलेख मांगते है नही दिये जाते है कहा गया है कि कमेटी सीएमएस कक्ष में आकर अभिलेख ले यही जांच करे, जिससे जांच की अवधि बढ़ती जा रही है। उधर महिला अस्पताल की सीएमएस ने जांच के कागज भेज दिये है जिसमे काफी अनियमितताएं पायी गयी है। मामला फंसता देख जांच कराने के लिये अधिकारी तमाम प्रकार के बहाने बना रहे है।

## रिश्वत लेने वाले दारोगा को किया लाइन हाजिर, वीडियो हुआ था वायरल



**मौदहा हमीरपुर।** कोतवाली परिसर के अंदर दरोगा द्वारा रिश्वत की रकम लेकर जेब में डालने के मामले का वीडियो सोशल मीडिया में इस समय सुर्खियां बटोर रहा है जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ। वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई करते हुए एस आई को लाइन हाजिर कर दिया। वाइरल वीडियो कोतवाली परिसर मौदहा के अंदर धाराएं कम करने के नाम पर एस आई राजेश सिंह द्वारा पीड़ित से रकम ऐंड कर जेब में डालने का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वाइरल हो रहा है जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है सुबे के मुखिया लगातार भ्रष्टाचार मुक्त बनाने साफ स्वच्छ प्रदेश बनाने के लिए प्रयासरत हैं। इसके बावजूद वर्दी धारी आए दिन आम जनमानस कि गाड़ी कमाई का पैसा किसी न किसी बहाने से लेकर प्रदेश सरकार के जीरो टॉलरेंस की नीति को धता बुला रहे हैं वीडियो को संज्ञान में लेकर पुलिस अधीक्षक ने मौदहा कोतवाली परिसर में तैनात दरोगा राजेश सिंह को लाइन हाजिर कर दिया वहीं कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि उक्त वीडियो 6 माह पुराना बताया जा रहा है जिसकी जांच पड़ताल की जा रही है।

## असेट स्कूल में बसंत पंचमी व कक्षा-12 के छात्र/छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित

घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।



सोमवार को असेंट पब्लिक स्कूल घाटमपुर में बसंत पंचमी समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया। इसी अवसर पर विद्यालय में कक्षा-12 के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह टेम्पोरा फेलीशिया का भी आयोजन किया गया, जिससे माहौल भावनात्मक और यादगार बन गया। इस शुभ अवसर पर पूरे विद्यालय परिसर को फूलों की आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया, जिससे वातावरण उल्लासमय और आनंददायक हो उठा। समारोह का शुभारंभ विद्यालय प्रांगण में माँ सरस्वती की वंदना और पूजन के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने पूरे श्रद्धा भाव से ज्ञान, विद्या और बुद्धि की देवी माँ सरस्वती का आह्वान किया। विद्यालय प्रांगण में सरस्वती वंदना गूंज उठी, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। बसंत पंचमी समारोह के साथ-साथ विद्यालय में कक्षा-12 के विद्यार्थियों के लिए एक भावुक विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया। विद्यालय के जूनियर छात्रों ने अपने वरिष्ठ साथियों के लिए एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। संगीत, नृत्य और नाटक की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे छात्रों ने पारंपरिक लोक नृत्य, भजन संध्या और सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर कक्षा-12 के छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यालय में बिताए गए वर्षों को याद किया और शिक्षकों तथा विद्यालय प्रबंधन का गुणवत्तापूर्ण तथा संस्कारयुक्त शिक्षा देने के लिये आभार व्यक्त किया। उन्होंने विद्यालय से मिली शिक्षा, संस्कार और मार्गदर्शन के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन रमेश वर्मा ने उपस्थित छात्र -छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बसंत पंचमी ज्ञान और विद्या की देवी माँ सरस्वती की आराधना का पर्व है, जो विद्यार्थियों के लिए विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कक्षा-12 के छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे अपने जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करें और सच्ची लगन व मेहनत से उन्हें प्राप्त करें। विद्यालय के सचिव संदीप वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी जीवन में विद्या, संस्कार और नैतिकता का विशेष महत्व है। बसंत पंचमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि ज्ञान और बुद्धि के विकास का प्रतीक है। उन्होंने सभी छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रबंध समिति की सदस्या आरती वर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि छात्रों को नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों को भी आत्मसात करना चाहिए।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय सामान्य शिविर का आयोजन



**महोबा।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चरखारी में बसंत उत्सव के अवसर पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के सामान्य शिविर का आयोजन हुआ। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चरखारी में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी के निर्देश के अनुक्रम में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना का सामान्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सभी लोगों ने मां सरस्वती पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन तथा दीप प्रज्वलन करके उनकी महिमा के विषय में बताया गया द्य इस अवसर पर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र एवं छात्राओं द्वारा सफाई अभियान का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. आनंद गोस्वामी, प्रोफेसर डॉ. उमाशंकर त्रिपाठी, डॉ. अशोक कुमार, डॉक्टर मंजू सिंह, डॉक्टर रुचि जयसवाल, डॉ नित्य किशोर सोनी, डॉक्टर दीपक सिंह, डॉक्टर सुमन सिंह, डॉक्टर संजीव कुमार गुप्ता, डॉक्टर रितु चतुर्वेदी, डॉक्टर अजीत नारायण गुप्ता, गजेंद्र सिंह, अरुण कुमार, जितेंद्र सोनी, आलोक द्विवेदी, अनुपम उपाध्याय, जितेंद्र मिश्रा, गणेशीलाल, राजचंद्र, राजू, चमन लाल एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर हरिओम सिंह वर्मा ने किया एवं सभी का आभार व्यक्त किया।

## लोकपथ चैरिटेबल ट्रस्ट ने लैंगिक आसमानता के लिए आजादी किशोरी मंच को दिया प्रशिक्षण

महोबा, समृद्धि न्यूज़।



किशोरियों के नेतृत्व विकास और स्वास्थ्य जागरूकता के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न लोकपथ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आज़ादी किशोरी मंच की लीडर किशोरियों के लिए दो दिवसीय नेतृत्व एवं सशक्तिकरण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन अनिल गेस्ट हाउस में किया गया। प्रशिक्षण में चरखारी विकासखंड के 11 गांवों की 60 किशोरियों ने भाग लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को नेतृत्व क्षमता, माहवारी स्वच्छता, सूचना एवं लर्निंग केंद्र संचालन की जानकारी, समुदाय में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान फील्ड समन्वयक अपर्णा त्रिवेदी ने माहवारी स्वच्छता और उससे जुड़ी भ्रांतियोंको दूर करने के लिए समूह चर्चा कराई गई एवं किशोरियों को बताया कि माहवारी के दौरान क्या करें और क्या न करें। परियोजना समन्वयक दीपक सिंह ने खेल आधारित गतिविधियों के माध्यम से किशोरियों की झिझक दूर करने और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण में फील्ड समन्वयक ब्रजेन्द्र ने आज़ादी किशोरी मंच और सूचना एवं लर्निंग केंद्र संचालन की विस्तृत जानकारी दी, जिससे किशोरियाँ शिक्षा, स्वास्थ्य और लैंगिक समानता के प्रति जागरूक हो सकें। सचिव राजेंद्र निगम ने किशोरियों को नेतृत्व कौशल सिखाने के साथ-साथ साथी एप के उपयोग की जानकारी दी जिससे वे डिजिटल माध्यम से महत्वपूर्ण सूचनाएँ प्राप्त कर सकें।

# सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया बसंत पंचमी का पर्व

महोबा, समृद्धि न्यूज़।



सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय में विधि-विधान के साथ विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई। छात्र-छात्राएं पीले वस्त्र में नजर आए।

आल्हा चौक स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रांगण में मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन किया गया। गायत्री मंदिर से आई बहिन आकांक्षा तिवारी ने मंत्रोच्चार के साथ हवन कराया। कार्यक्रम के संचालन व व्यवस्था में विद्यालय की प्रधानमंत्री बहिन नव्या सिंह ने अपने मंत्रिमंडल के साथ भरपूर सहयोग किया। विद्यालय के संगीताचार्य पंडित जगपप्रसाद तिवारी के निर्देशन में विद्यालय के भैया बहिनों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यालय परिवार ने स्कूल में प्रवेश लेने वाले नये छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों का स्वागत कर पाटी पूजन के साथ हवन पूजन किया। प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने सभी को वसंत पंचमी की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक मनोज, जिला प्रचारक चन्दन, जिला विद्यालय निरीक्षक गिरधारी लाल कोली, प्रधानाचार्य कमलेश सिंह के साथ समस्त आचार्य अभिभावक और छात्र छात्रायें व विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

## बसंत पचंमी पर जनपद न्यायालय में संगोष्ठी का आयोजन



**महोबा।** बसंत पचंमी के अवसर पर जनपद न्यायालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जेपी यादव ने की। सर्वप्रथम जनपद न्यायाधीश द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वालित किये गये तत्श्चात सरस्वती वन्दना की स्तुति की गयी। संगोष्ठी में ध्रुव राय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम लखविन्दर सिंह सूद, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश एससी, एसटी एक्ट, तेन्द्र पाल अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सर्वोत्तमा नागेश शर्मा, अपर सत्र न्यायाधीश, एफटीसी, शिवार्थ खरे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, पुष्पेन्द्र चैधरी, सिविल जज सीडि एफटीसी, निकिता सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय, नेहा अग्रवाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त संगोष्ठी में बताया कि बसंत पंचमी का त्योहार ज्ञान, विद्या और कला के महत्व को दर्शाता है। इस दिन मां सरस्वती की पूजा कर उनसे ज्ञान, बुद्धि एवं कला का आर्शीवाद प्राप्त करते है।

# एहतराम के साथ हजरत इमाम का निकला जुलूस

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जैदपुर कस्बे मे अंजुमन हुसैनिया रजि.द्वारा रसूले खुदा स.व.स. के नवासे हजरत इमाम हुसैन अ. की मदीने से कर्बला सफर करने की याद मे आज 4 शाबान को सफरे इमामे हुसैन अ. का जुलूस पूरी अकीदत और एहतराम के साथ निकाला गया।जुलूस की शुरूआत सुबह 9 बजे शिया जामा मस्जिद मे मजलिसे अजा से हुई।मजलिस को मौलाना अली रिजवान साहब ने खिताब किया।

उन्होने इमाम हुसैन के मदीने से हिजरत करने को बयान करते हुए कहाकि जब यजीद तख्त पर बैठा तब उसने इमाम हुसैन से बैअत लेने का हुक्म दिया।जिसे इमाम हुसैन ने यह कहते हुए ठुकरा दिया कि मुझ जैसा उस जैसे की बैअत नही कर सकता।

इमाम हुसैन ने यह बात इसलिए कही थी कि यजीत हर वह गलत काम करता था जिसे इस्लाम मे करने को मना किया गया था।इसलिए सन् 60 हिजरी को इमाम हुसैन अ. ने अपने नाना के दीन को बचाने और उम्मत व इंसानियत की इस्लाह के लिए मदीने को छोड़ा और कर्बला के मैदान मे अपने जानिसारो की कुर्बानी पेश की।अन्त मे उन्होने कर्बला के मसाएब बयान किये जिसे सुनकर अजादार रो पड़े।मजलिस की समाप्ति पर अंजुमन हुसैनिया के तत्वावधान मे जुलूस बरामद हुआ।जिसमे अजादार काले



कपड़े धारण किये कर या हुसैन या हुसैन की सदा लगाते हुए साथ साथ चल रहे थे।

जुलूस मे शबीहे जुलजनाह, अमारी, झूला हजरत अली असगर, अलम मुबारक आदि प्रतीक चिन्ह मौजूद थे। जुलूस के दौरान अंजुमन हुसैनिया के नौहाख्वान द्वारा नौहाख्वानी और नौजवान दस्ते द्वारा सीनाजनी के साथ ही जंजीर का मातम कर नजराने अकीदत पेश की गयी।यह कदीमी जुलूस गढ़ी कदीम, मुख्खिन, बांध चौराहा, पीरपांजू, पचदरी, छोटा इमामबाड़ा, बड़ी सरकार, बड़ी बाजार होते हुए थाना चौराहा स्थित शबीहे कर्बला पहुंचकर समाप्त हुआ। जहां जुलूस की अलविदाई को खिताब करते हुए मौलाना सैय्यद मोहम्मद इब्ने अब्बास ने मसाएब बयान किये।

जुलूस की समाप्ति पर अंजुमन हुसैनिया के ओहदेदारो और सभी सदस्यो ने आये हुए अजादारो का शुक्रिया अदा किया।साथ ही इस मौके पर सुरक्षा के दृष्टिगत भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

जुलूस के दौरान पचदरी मस्जिद,गढ़ी जदीद,छोटी बाजार, हीरो मोटरसाइकिल शोरूम सहित अन्य जगहो पर समाजसेवियो द्वारा जुलूस मे शामिल अजादारो के लिए सबील का इंतेजाम किया गया था।



### बसन्त पंचमी पर हुआ हवन-पूजन

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** बसंत पंचमी के अवसर पर सोमवार को भी सरस्वती पूंजन व हवन के कार्यक्रम संपन्न हुए। कस्बा के ब्रम्हनान वार्ड में सेवानिवृत्त राजस्वकर्मी तेज प्रकाश द्विवेदी के अवासीय परिसर में हुए आयोजन में ज्ञान की देवी मां सरस्वती के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूंजन के बाद हवन किया गया। चेयरमैन आलोक तिवारी, राजू भैया, प्रधान अरुण शुक्ला तेज़बहादुर सिंह, पंकज मिश्रा, संतोष कुमार, करुणेश द्विवेदी भानू मिश्रा,हनुमान विश्वकर्मा,रोहित मिश्रा राजकुमार सोनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इसी क्रम में पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैदरगढ़ स्थित मंदिर में मां सरस्वती का पूजन, आरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया इस अवसर पर चेयरमैन अलोक तिवारी,ओम प्रकाश गुप्ता, आशा देवी, राजू भैया, विवेक कुमार गुप्ता,अधिवक्ता विभोर गुप्ता, योगेश द्विवेदी,रानू सोनी, शिवा वर्मा, श्रवण शुक्ल आदि उपस्थित रहे।

## प्रॉपर्टी डीलर के आत्महत्या का कथित वीडियो सन्देश के आधार पर पुलिस कर रही छानबीन

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** एक 32 वर्षीय प्रॉपर्टी डीलर युवक ने कथित तौर पर आत्महत्या करने से पहले अपने भाई को वीडियो संदेश भेजा। लखनऊ में रहकर प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करने वाले रसीलुद्दीन ने 2 फरवरी की शाम लगभग 5:26 बजे अपने भाई को एक वीडियो भेजा, जिसमें उन्होंने कसरैला झाल में जाकर आत्महत्या करने की बात कही। घटना की सूचना मिलते ही भाई जावेद अंसारी परिवार के साथ कोतवाली बदोसरांय पहुंचे और फिर कसरैला झाल की ओर गए। वहां उन्हें रसीलूद्दीन की बाइक, मोबाइल फोन और एक सुसाइड नोट मिला, जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। सुसाइड नोट में रसीलूद्दीन ने लिखा है कि वह गंभीर डिप्रेशन से जूझ रहे थे और जीने की इच्छा खो चुके थे। उन्होंने अपने परिवार से माफी मांगी और स्पष्ट किया कि इस कदम के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है। जावेद अंसारी ने थाना प्रभारी को दी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि उनके भाई ने किसी अज्ञात व्यक्ति की प्रताड़ना से परेशान होकर यह कदम उठाया है। 3 फरवरी को शारदा सहायक समानांतर नहर के पास सैकड़ों लोग रसीलूद्दीन की तलाश में जुटे हैं। स्थानीय लोग सरांयरज्जन और दरियाबाद तक की झालों में भी खोजबीन कर रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खबरें एक नजर में

### छप्पर में लगी आग, गाय की जलकर मौत, पड़ोसी पर आग लगाने का पीड़ित ने लगाया आरोप

**सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** असंद्रा थाना क्षेत्र के दुनिया का पुरवा मजरे लकड़िया गांव में बीती रात छप्पर में आग लगने से उसके नीचे बंधी एक गाय की जलकर मौत हो गई। पीड़ित पक्ष ने गांव के पिता पुत्रों पर आग लगाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। थाना क्षेत्र के दुनिया का पुरवा मजरे लकड़िया गांव निवासी नकछेद अपने घर से करीब पचास मीटर की दूरी पर स्थित आबादी की जमीन पर छप्पर रखकर उसके नीचे जानवरों को बांधता है ।इस जमीन को लेकर उसका गांव के ही रामकिशोर से विवाद चल रहा है। बीती रात करीब एक बजे उक्त छप्पर में अचानक आग लग गई और पूरा छप्पर धू धू कर जलने लगा। जानकारी होने पर जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक पूरा छप्पर जलकर खाक हो गया ।छप्पर के नीचे बंधी एक गाय भी जलकर मर गई। नकछेद का आरोप है कि भूमि पर कब्जा करने की खातिर विपक्षी रामकिशोर ने अपने पुत्रों अमन और अमन के साथ मिलकर मेरे छप्पर में आग लगा दी जिससे गाय जलकर मर गई। पीड़ित ने सोमवार को थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की। इस संबंध में इंस्पेक्टर असंद्रा जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शिकायत की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### श्रवण कुमार द्विवेदी क्रिकेट टूर्नामेंट का उरई में शानदार आगाज



**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** शहर के इंदिरा स्टेडियम में ''श्रवण कुमार द्विवेदी क्रिकेट टूर्नामेंट'' की शुरुआत धूमधाम से हुई। वन विभाग के अधिकारी प्रदीप कुमार, जिला क्रीड़ा अधिकारी शैलेंद्र कुशवाहा, वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा और संरक्षक पंडित श्रवण कुमार द्विवेदी ने संयुक्त रूप से इसका शुभारंभ किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह में ''डीएफओ प्रदीप कुमार'' ने कहा, ष्ऐसे आयोजन युवाओं को बड़े मंच तक पहुंचाने में मदद करते हैं। खेल न केवल मनोरंजन है, बल्कि यह भविष्य बनाने का जरिया भी है। वहीं, ''संरक्षक पंडित श्रवण कुमार द्विवेदी'' ने बताया कि यह टूर्नामेंट जिले की प्रतिभाओं को प्रदेश स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रहेंगे। उद्घाटन मैच में ''रसूलपुर इलेवन'' और ''इंदिरा स्टेडियम 11'' आमने–सामने थे। टॉस जीतकर रसूलपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ''130 रन'' का स्कोर खड़ा किया। ''शाहनवाज'' ने 46 रन की चमकदार पारी खेली, जबकि आकिब, ऋषि और डिविलियर्स ने भी योगदान दिया। जवाब में इंदिरा स्टेडियम की टीम ''मात्र 76 रन'' पर सिमट गई। विशाल और नेहरू के संघर्ष के बावजूद बाकी बल्लेबाज फ्लॉप रहे। ''शाहनवाज'' को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफद मैच चुना गया। कार्यक्रम में सुनीता द्विवेदी, विकास गुप्ता, नरेंद्र शुक्ला, अभिनाश शर्मा'' समेत कई गणमान्य हस्तियां उपस्थित रहीं। आयोजकों ने बताया कि टूर्नामेंट में जिले की 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनके बीच प्रतिस्पर्धा 10 दिनों तक जारी रहेगी।

### मौर्या ने नगर पालिका के अवर अभियंता का पदभार ग्रहण कर गिनाई प्राथमिकताएं



**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** चार वर्षो के लंबे इंतजार के उपरांत नगर पालिका परिषद कालपी में स्थाई अवर अभियंता की नियुक्ति हो गई है। पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव के निर्देश के अनुरूप नवागंतुक अवर अभियंता प्रवीण कुमार मौर्या ने पदभार ग्रहण करके शासकीय कार्यों को शुरू कर दिया है। विदित हो कि पिछले पंचवर्षीय में नगर पालिका परिषद कालपी में इंजी. तोताराम की नियुक्ति थी, लेकिन उनका स्थानांतरण नगर पालिका महोबा हो गया था। तब से कोई भी स्थाई तौर पर नगर पालिका परिषद कालपी में स्थाई नियुक्त नहीं किया गया था, जिससे करीब चार वर्षो से लोक निर्माण विभाग खंड तीन के अवर अभियंता बृजेंद्र सिंह को नगर पालिका परिषद कालपी के अवर अभियंता की जिम्मेदारी देकर सम्बद्ध किया गया था। लगातार चार वर्षो से इंजी. बृजेंद्र सिंह कार्यवाहक का पद संभाले हुए थे। आयोग के द्वारा वर्ष 2024 में चयनित इंजी. प्रवीण कुमार मौर्या की शासन के द्वारा नगर पालिका परिषद कालपी में अवर अभियंता के पद पर नियुक्त किया गया है, नवनियुक्त अवर अभियंता बलिया जनपद के मूल निवासी हैं तथा डेढ़ वर्ष तक सिंचाई विभाग में कार्यरत रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि शासन की नीतियों तथा पालिका बोर्ड की कार्य योजना के तहत नगर के विकास तथा निर्माण कार्यों को गतिशीलता से कराना मेरी प्राथमिकता रहेगी।

## जबरिया भूमि का बैनामा कराने के लिए सादे स्टाम्प पेपर पर करवा लिया हस्ताक्षर

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

विपक्षियों ने पहले तो बिना पूरा पैसा दिए पीड़ित पर भूमि का बैनामा करने का दबाव बनाया। पीड़ित के मना करने पर जबरिया कार में बैठाकर हैदरगढ़ लाये जबरिया स्टांप पेपर और कई सादे कागजों पर हस्ताक्षर बनवा लिया। यही नहीं हैदरगढ़ स्थित एक विद्यालय के निकट स्थित मकान के कमरे में बंद कर दिया। किसी तरह वहां से निकलकर सोमवार को तीसरे दिन पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचे पीड़ित ने प्रार्थना पत्र देकर जान माल की रक्षा की गुहार के साथ-साथ विपक्षियों पर उचित कानूनी कार्यवाही की गुहार लगाई है।

लोनी कटरा थाना क्षेत्र अंतर्गत दहिला ग्राम निवासी राजेश प्रताप सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री राम सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि लोनी कटरा थाना क्षेत्र के कान्हूपुर गांव निवासी रिंकू पाल के साथ सत्ताइस बिस्वा खेत के लिए 32 लाख 94 हजार रुपए में सौदा तय किया था और अक्टूबर 2024 में



विपक्षी से छः लाख रुपये प्राप्त किए थे। विपक्षी कहा था जब पूरी धनराशि खाते में पहुंच जाएगी तो बैनामा कर देना लेकिन इसके बाद बिना पैसे दिए विपक्षी द्वारा बैनामें का दबाव बनाया जाने लगा । जिस पर मेरे द्वारा जमीन बेचने से इनकार कर दिया गया।

पीड़ित ने बताया कि गत 1 फरवरी को वह ऑटो पर बैठकर डाकघर के लिए आ रहा था कि तभी विपक्षी रिंकू और उनके रिश्तेदार शनि पाल द्वारा जबरिया ऑटो से उतारकर कार में बैठा लिया गया। आगे बताया कि लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर वन विभाग के निकट स्थित एक विद्यालय के पास उतार कर उससे जबरदस्ती सादे स्टाम्प और कुछ कागज पर हस्ताक्षर बनवा लिए गए और कमरे में बंद कर दिया गया। बंद कमरे से किसी तरह बाहर निकले राजेश प्रताप ने सोमवार को दी गई तहरीर में बताया कि जान माल के खतरे के चलते वह थाने जाने की बजाय सीधे जिला मुख्यालय पहुंचकर शिकायत कर रहा है। पीड़ित ने जान माल व हत्या के अलावा भूमि हड़प लेने के खतरे की आशंका जताते हुए विपक्षियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की।

## सुहागिन महिलाओं की आस्था का केंद्र है शैलानी माता मंदिर

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सतरिख क्षेत्र में गोमती नदी के तट पर स्थित शैलानी माता का मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। शैलानी माता मंदिर के पास अविरल निकलने वाला जलस्रोत श्रद्धालुओं की आस्था को परवान चढ़ा रहा है, श्रद्धालु जलस्रोत के जल से आचमन कर पवित्र भावनाओं शैलानी माता मंदिर में प्रसाद चढ़ाने और पूजन हवन कर मनोकामना पूरी होने की प्रार्थना करते हैं। नवरात्रि के दिनों के अतिरिक्त प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को श्रदालुओं की भीड़ इकट्ठी होती है। आसपास ही नही दूर दराज और दूसरे जिलों के लोग खासकर बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाएं दुरदुरैया चबवाने और शैलानी माता की कथा सुनने आती हैं। मन्दिर परिसर में अनेक स्थानों पर गोलदारे में बैठी महिलाएं अपने अपने सामने लाई चना गुड़ का कूरा रखकर शैलानी माता की दुरदुरैया चबवाने की कथा सुनने का दृश्य



### हवन के धुंए से मधुमक्खियों ने बोला श्रद्धालुओं पर हमला, कई जख्मी

**बाराबंकी।** गोमती नदी के तट पर स्थित शैलानी माता मंदिर प्राकृतिक वातावरण में होने, बड़े बड़े पेड़ों की छांव में दर्शनार्थी आस्था में सराबोर होकर कुछ फुर्सत के पल बिताते हैं। नीम व पीपल के दरख़्त से सटे बने शैलानी माता मंदिर पर पूजन हवन होता रहता है। सोमवार की दोपहर में मन्दिर पर हो रहे हवन के धुंआ से पेड़ पर लगी मधुमखियों ने श्रद्धालुओं पर हमला बोल दिया। पूरे मेले में अफरा तफरी मच गई। लोग अपने सिर को ढककर इधर उधर भागने लगे। मेला परिसर में कई स्थानों पर धुंआ सुलगवाया गया और काफी देर बाद स्थिति सामान्य हुई।

आस्था से सराबोर करता नजर आता है। देवा क्षेत्र के विशुनपुर चौकी निवासी सुनीता यादव, अंजली, प्रेमा सिंह, मानसी, राधा आदि नौ महिलाएं गोलाई में बैठी शैलानी माता का गीत माता की चुनरिया रेशम की, सखी गोटा लगा देना... गा कर दुरदुरैया चबवा रही थी जिन्होने बताया कि हम अपने सुहाग की रक्षा और परिवार सुखी होने की मन्नत मांगने आई हैं और यह दुरदुरैया माने थे जो आज माता जी के यहां आयी हैं।

### एडीओ पंचायत ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के बदोसराय ग्राम पंचायत में सहायक विकास अधिकारी पंचायत शंभू नाथ पाठक ने व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय, आरआरसी सेंटर और वाटर रिचार्ज प्रोजेक्ट का गहन मुआयना किया।निरीक्षण के दौरान एडीओ ने स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने सफाई मित्रों को दैनिक मजदूरी पर नियुक्त कर विशेष सफाई अभियान चलवाया। इस दौरान कचरा पात्रों की सफाई पर भी जोर दिया गया। साथ ही, ग्राम और बाजार के निवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।इस मौके ग्राम प्रधान निसार मेहंदी, सचिव बीरेंद्र तिवारी, पंचायत सहायक और खंड प्रेरक सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। एडीओ पंचायत ने ग्राम पंचायत के समग्र विकास और स्वच्छता को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

## अपार आईडी को लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में मचा घमासान



- संयुक्त शिक्षक मोर्चा ने कार्यालय में धरना देकर बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा मांग पत्र
- बीएसए के टालमटोल जवाब से नाराज शिक्षकों ने जमकर की नारेबाजी

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

शासन के निर्देशानुसार छात्र-छात्राओं की अपार आईडी बनाए जाने के दौरान तकनीकी खामियों को देखते हुए सोमवार को संयुक्त शिक्षक मोर्चा ने बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में धरना देकर जहां एक और अपनी नाराजगी दिखलाई तो वही बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा दिए गए टालमटोल जवाब से आक्रोशित शिक्षकों ने जिला प्रशासन मुर्दाबाद के जमकर नारे लगाए एक साथ कई संगठनों के सैकड़ो शिक्षकों की मौजूदगी में अपनी बात कहकर जैसे ही बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से निकलकर अपनी गाड़ी में बैठे तो इस बात से नाराज शिक्षकों ने दौड़कर उनकी गाड़ी को घेर लिया और उन्हें दोबारा से दफ्तर में अंदर आकर बात करने के लिए विवश कर दिया लगभग 1 घंटे तक बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमकर हड़कंप मचा रहा।

बताते चलें कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए अपार आईडी बनाए जाने के निर्देश दिए गए थे उक्त निर्देशों के क्रम में शिक्षकों ने उक्त कार्य को लगभग 80: भी पूर्ण कर लिया किंतु शेष काम में ऐसी कई तकनीकी खामियां शिक्षकों के समक्ष आ रही थी जिनको देखते हुए शिक्षकों में काफी समय से नाराजगी देखी जा रही थी जब शिक्षकों की उक्त समस्याओं का निराकरण जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों द्वारा नहीं किया गया तो इस बात से नाराज शिक्षकों ने सोमवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संयुक्त शिक्षा मोर्चा के तत्वदान में अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर धरना शुरू कर दिया इस दौरान उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश को आठ सूत्री मांगों से जुड़ा ज्ञापन सोपा और उनसे समस्याओं के निराकरण की मांग की जिस पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अपने स्तर से शिक्षकों को समझने का प्रयास किया किंतु शिक्षक इस बात से संतुष्ट नहीं हुए और वह कार्यालय के बाहर नारेबाजी करने लगे इसी बीच जब बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से निकलकर जाने को हुए और उन्होंने गाड़ी में प्रवेश किया तो इस दौरान कई शिक्षक दौड़कर उनकी गाड़ी के चारों ओर खड़े हो गए। शिक्षकों के आक्रोश को देखते हुये बीएसए ने शिक्षकों का वेतन रोकने का आदेश वापस लेने की घोषणा की। विरोध प्रदर्शन में सरक्षक रामराजा दुवे, गिरीन्द्र कुशवाहा एवं संगठनों के अध्यक्ष मंत्री क्रमशः प्रदीप चौहान, ठाकुरदास यादव,धर्मेन्द्र चौहान, आफ़ताब आलम, इलियास मंसूरी, आलोक पाठक, विशाल रावत, व्यंजना सिंह, रामप्रकाश गौतम,अजय निरजन, अशोक तिवारी, इंद्रजीत विश्कर्मा, प्रभाकर दुबे, बृजेश श्रीवास्तव, भानु यादव, वंदना श्रीवास्तव, संगीता सिंह, सुनील निरंजन, सहित सैकड़ो शिक्षको ने विरोध दर्ज कराया।

## बसंत उत्सव पर आयोजित हुए आध्यात्मिक संस्कृति के विविध रूप

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

- पुरवार संग्रहालय में पूजनोपयोगी पात्र वीथिका का हुआ शुभारम्भ



बसंत उत्सव के अवसर पर सोमवार को यहां नगर में विभिन्न आध्यात्मिक संस्कृति के विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए इसी क्रम में पुरवार संग्रहालय में मॉ वीणा पाणिनी के प्रकाट्य उत्सव के महापर्व पर पूजन में उपयोग में आनेवाले पात्रों की वीथिका का शुभारम्भ हुआ अपने जनपद के सरल सहृदय जिला पंचायत राज्य अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद गुप्त ने प्रथम पूज्य श्री गणेशजी व ज्ञान दायिनी माता सरस्वती जी के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पूजनोपयोगी पात्र वीथिका का शुभारम्भ किया गया इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज मैने अद्भुत बीथिका देखी पूजन में उपयोग में आनेवाले विभिन्न प्रकार के प्राचीन और नवीन पात्रों का विलक्षण संगम इस वीथिका में देखने को मिला।डा0 पुरवार की अटूट लगन की स्पष्ट छाप वीथिका में दृष्टिगोचर हुई।

बसंत पंचमी के अवसर पर आयोजित इस वीथिका में हवन कुण्ड से लेकर हवन के उपयोग में आनेवाले काष्ठ पात्र स्रुवा , प्रोक्तनी , आदि के साथ-साथ पीतल की बनी दक्षिण भारतीय स्रुवा आदि विशेष हैं। हवन के अलावा भगवान की विभिन्न प्रकार की आरतियां , कपूर आरतियां, धूप आरतियां, हस्त दीप, विभिन्न प्रकार के कलश , जलार्पण लोरियां, गुलाब जल के छिड़काव वाले गुलाब पांस, झूला,दीप धारणियां, गंगाजली , प्रसाद कटोरा , भोजन थाल , घन्टियां, घन्टे गरुण घन्टियां भी इस वीथिका में प्रदर्शित की गई हैं।वीथिका का विशेष आकर्षण वीथिका में प्रदर्शित आचमनियां तथा पंच पात्र हैं।आचमनियों में श्री गणेश आचमनियां, श्री गरुण आचमनियां, श्री विष्णु आचमनियां, श्री शिव आचमनियां, श्री कृष्ण आचमनियां, छींटा प्रसादी आचमनियों के साथ साथ सब्जी प्रसाद वितरणी, जल प्रसाद वितरणी, जल संग्रहणी जंगाल, बाल्टियां, आदि भी प्रदर्शित की गई इस वीथिका में मॉ सरस्वती के चित्र से युक्त अपने भारत व इन्डोनेशिया के डाक टिकट तथा दक्षिण भारतीय तन्जावुल, मदुरै रियासतों की पन्द्रहवीं शताब्दी की ताम्र मुद्राओं के साथ पलाऊ देश की रंगीन मुद्रा अति विशिष्ट है। वीथिका में 12 वीं शताब्दी की बलुआ पत्थर पर उकेरी गई मॉ वीणा धारिणी की मूर्ति अति दुर्लभ व विशिष्ट है वीथिका में ईश आराधना तथा कीर्तन आदि के समय उपयोग में आनेवाले वाद्य यन्त्र जैसे ढोलक, चटकोला, झांझ, घडयाल, लुप्तप्राय रमतूला, मजींरा, सिंगारी, बांसुरी, शंख आदि भी दृष्टव्य हैं। वीथिका में प्रदर्शित समस्त सामग्री श्री मती सन्ध्या पुरवार व डा0 हरीमोहन पुरवार के निजी संग्रह से प्रस्तुत की गई। वीथिका अवलोकन में श्रीमती प्रियन्का अग्रवाल, श्रीमती ऊषा सिंह निरंजन, श्रीमती मनीषा द्विवेदी सक्सेना, राहुल पाटकर, डा0 रघुवीर सिंह मण्डलोई, श्रीमती सपना व्यास, प्यारी स्वरा मण्डलोई आदि का विशेष योगदान रहा। अंत में डा0 हरी मोहन पुरवार ने मुख्य अतिथि राम अयोध्या प्रसाद को अंग वस्त्र उढाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## श्री आर जे पी पब्लिक स्कूल का फीता काटकर पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने किया शुभारम्भ



**कुठौंद (जालौन), समृद्धि न्यूज।** सिरसा कलार कस्बा के मुख्य मार्ग पर खुले श्री आर जे पी पब्लिक स्कूल का सोमवार को पूर्व ब्लॉक् प्रमुख सुदामा दीक्षित ने फ़ीता काटकर शुभारम्भ किया। इसी क्रम में अतिथियों ने माँ सरस्वती पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प चढ़ाए ।विद्यालय के प्रिंसिपल सीमा भदौरिया ने विद्यालय की रूप रेखा बता कर कहा कि यहाँ अचछी और सस्ती गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बारे में बताया ।पूर्व प्रधानाचार्य बाबू सिंह सेंगर ने बताया कि शिक्षा जगत का वह हथियार है जिससे आप दुनिया बदल सकते है इसलिए बच्चो को अच्छे शिक्षा के केंद्र में भेजे ।प्रधानाचार्य अंगद सिंह तोमर ने प्रबंधन का सराहनीय प्रयास बताया कहा कि मनुष्य को शिखर पर भेजने वाली शिक्षा ही है सरंक्षक पंडित रामजी अवस्थी पूर्व प्रवक्त ने कहा कि एस आर जे पी पब्लिक स्कूल में बच्चो को अच्छी शिक्षा मिले इस का शुभारंभ हो चुका है।

कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता जीतेन्द्र सिंह ने किया। इस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्य बाबू सिंह सेंगर प्रधानाचार्य अंगद सिंह तोमर रामजीवन पांडेय प्रधानाचार्य मुवीन शेख प्रिंसी प्रधानाचार्य राजेश सिंह तिवारी रमासरे शुक्ला राजीव पांडेय, शिवम तिवारी पंडितपुर आदि रहे।

## पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल इटावा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वसंत पंचमी का पर्व

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



प्रधानाचार्य डॉक्टर कैलाश चंद्र यादव, डीटीसी सीबीएसई ने सभी शिक्षकों और छात्रों को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस दिन को ज्ञान और बुद्धि की देवी सरस्वती की उपासना का दिन बताते हुए छात्रों को उनकी पढ़ाई में सफलता की कामना की।

बसंत पंचमी हिंदू कैलेंडर के अनुसार माघ माह की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाई जाती है। यह पर्व मुख्य रूप से सरस्वती पूजा के रूप में मनाया जाता है, जो ज्ञान, संगीत, कला और विद्या की देवी हैं। इस दिन को बसंत ऋतु के आगमन के रूप में भी मनाया जाता है, क्योंकि इस समय प्रकृति में नया जीवन और हरियाली का संचार होता है। बसंत ऋतु के आगमन से वातावरण में सुख, समृद्धि और नयापन का अहसास होता है।

डॉ कैलाश चंद्र यादव ने बताया बसंत पंचमी का महत्व इसलिए भी है क्योंकि इसे विद्या और ज्ञान की देवी सरस्वती की पूजा का दिन माना जाता है। इस दिन लोग अपनी किताबों और वाद्य यंत्रों को सरस्वती के चरणों में अर्पित करते हैं और उनसे विद्या, बुद्धि और सफलता की कामना करते हैं। इसके अलावा, इस दिन को भारत में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक, शैक्षिक और सामाजिक आयोजन भी होते हैं।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया और स्कूल परिसर में उल्लास का माहौल बना रहा।

इस विशेष अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्रों ने बसंत के इस पर्व का आनंद लिया और इसे एक यादगार अनुभव बनाया।

### वसंत ऋतु के आगमन व मां सरस्वती की वंदना का दिन है वसंत पंचमी



माँ सरस्वती जिन्हें वाणी,वीणापाणि,गिरा,भाषा आद्या,शारदा,वागीश्वरी आदि कई नाम से जाना जाता है। आज वसंत ऋतु के प्रारंभ के साथ मां सरस्वती के पूजन का दिवस भी है ।कर्वाखेड़ा स्थित ज्ञानस्थली आवासीय विद्यालय में वसंत पंचमी का दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।विद्यालय की प्रातः वंदना से पूर्व विद्यालय समिति के उपाध्यक्ष( वाइस चेयरमैन)श्री विनीत यादव जी व विद्यालय की प्रधानाचार्या चंदा श्रीवास्तव ने माँ सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित कर पुष्पहार किया तथा सभी के लिए सद्बुद्धि की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि बसंत ऋतु के आगमन के साथ प्रकृति में नवजीवन का संचार होता है, उसी तरह हमें भी अपने जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह के साथ आगे बढ़ना चाहिए। बसंत पंचमी का त्योहार हमारे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। विद्यालय के नन्हे बाल कलाकारों के द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष सरस्वती वंदना नृत्य के साथ प्रस्तुत की गई ।कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन के मुख्य सदस्य श्री शिवमंगल सर तथा खेल विभाग प्रमुख वासिफ खान सर तथा वित्त विभाग प्रमुख नीरज त्रिपाठी सर व विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक गण मौजूद थे।

### तीन गांजा तस्कर गिरफ्तार



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** गांजा तस्करों को बसरेहर थाना क्षेत्र के पत्तापुरा अयारा पुलिया के पास से चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। रंजीत सिंह निवासी कुदरकोट औरैया, सोनू चौहान निवासी किशनी मैनपुरी, तेजप्रताप सिंह उर्फ आशीष चौहान निवासी किशनी मैनपुरी को किया गया गिरफ्तार। एसएसपी संजय कुमार और एसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह के निर्देशन में सीओ सैफई पहुप सिंह, इंस्पेक्टर जितेन्द्र प्रसाद शर्मा प्रभारी एसओजी, उ0नि0 नागेन्द्र चौधरी प्रभारी सर्विलान्स और समित चौधरी थानाध्यक्ष बसरेहर, उ0नि0 सौरभ राणा, उ0नि0 जसवन्त और उनकी टीम ने की कार्यवाही।

# 20 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

- मां सरस्वती समिति ने कराया सामूहिक विवाह
- सभी दूल्हों का स्वागत मां सरस्वती के मंदिर में सामूहिक विवाह आयोजक पंडित राजकिशोर एवं कमेटी ने किया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मां सरस्वती महा मृत्युंजय समाज सेवा समिति के तत्वाधान में पंडित राजकिशोर के संयोजन में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति बसंतपंचमी को दोपहर बारात पांडेश्वर नाथ मंदिर से आरंभ हुई। 20 दूल्हे घोड़ों पर सवार होकर बैंड बाजा की धुन पर बारातियों के साथ नाचते गाते हुए निकले। बीच में मठिया देवी मंदिर में मां सरस्वती का आशीर्वाद वहा के पुजारी राजकिशोर ने दिलवाया।



घोड़ों पर सवार होकर जाते दूल्हे

सभी दूल्हों का स्वागत मां सरस्वती के मंदिर में सामूहिक विवाह आयोजक पंडित राजकिशोर एवं कमेटी ने किया। बारात डीजे की धुन पर नाचते गाते हुए चौक, पक्का पुल, टाउनहाल होकर मऊ दरवाजा स्थित गुड़गांव देवी मंदिर पहुंची। दरवाजे पर सभी दूल्हों का स्वागत सत्कार किया गया। मंदिर के हाल में मंच पर सभी दूल्हों का कन्याओं ने बारी बारी से माल्यार्पण किया। 20 जोड़ों के माल्यार्पण के बाद पुष्प वर्षा की गई। मंडप में विद्वान पंडितो ने विधि विधान से वैदिक मंत्रोचार के बीच पाणिग्रहण संस्कार सभी जोड़ो का संपन्न कराया। नई गृहस्थी के लिए सभी दूल्हा दुल्हन को उपहार भी दिया गया। जोड़ो के विवाह संपन्न हुए उनमें शोभित श्रीवास्तव संग मुस्कान, राजन श्रीवास्तव संग दीक्षा, मूलचंद्र संग सीमा बाथम, संजय श्रीवास्तव संग पायल, अनुज कुमार संग प्रियंका, अनुज कुमार-2 संग शिल्पी देवी, राघव संग सुनाली, गौतम संग अक्षया, सुमित कुमार संग साधना, गांधी संग रानी, मोनू बाथम संग राखी, आशीष संग सोनाली, सिकंदर सिंह संग रेनू, सचिन कुमार संग अमन, रितेश बाथम संग काजल, सत्यम संग शीतला, वीरेंद्र संग मधु, वीरू कश्यप संग शिल्पी, गोविंद संग शीतला, कुंदन कठेरिया संग लवी कठेरिया आदि 20 जोड़े शामिल है।

# परीक्षक ने भौतिक विज्ञान की ली प्रयोगात्मक परीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बोर्ड परीक्षा 24 फरवरी से प्रारंभ होने वाली है। माध्यमिक विद्यालयों में प्रयोगात्मक परीक्षा 3 फरवरी सोमवार से प्रारंभ हो गयी है।

रस्तोगी इंटर कालेज में सोमवार को भौतिक विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न हुई।

विद्यांत हिन्दू इंटर कालेज लखनऊ से आये परीक्षक तजेंदर कुमार सिंह भौतिक विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न करायी। 50-50 छात्रों के बैच बनाये गए हैं। परीक्षा देने वाले 100 छात्रों में 05 अनुपस्थित रहे। मंगलवार को अन्य छात्र भी परीक्षा देंगे। रस्तोगी कालेज के भौतिक विज्ञान प्रवक्ता सुधाकर चतुर्वेदी ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद ने इस बार प्रयोगात्मक परीक्षा के अंको को अपलोड करने के लिए एक ऐप जारी किया है, जिस पर प्रतिदिन अंक अपलोड किये जा रहे हैं। भौतिक विज्ञान प्रयोगात्मक परीक्षा में प्रवक्ता विजेंद्र पाल सिंह मथुरिया, देवेंद्र कुमार, हिमांशु शुक्ला, संजीव सिंह चौहान, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, राकेश प्रसाद आदि ने सहयोग किया।



विद्यार्थियों से जानकारी लेते परीक्षक

# सपा सदर विधानसभा की बैठक में बूथों पर वोट बढ़वाने के दिये गये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सपा सदर विधानसभा की बैठक में बूथ मजबूत एवं वोट बढ़वाने हेतु चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने आवास विकास स्थित पार्टी कार्यालय पर सदर विधानसभा के पदाधिकारियों की विधान सभा में वोट बढ़वाने हेतु जुड़े जोन एवं सेक्टर प्रभारियों को बूथों की सूची सौंपते हुए कहा की प्रत्येक बूथ पर जाकर सूची के साथ सत्यापन करते हुए अलग-अलग जातियों का समन्वय बिठाते हुए बूथ कार्यकारिणी के साथ बैठक करनी है। इसके साथ ही हर बूथ पर किस जाति का क्या समीकरण है उसकी भी गणना करके जिलाध्यक्ष को अगले एक सप्ताह में सूची सौंपना है। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण कार्य अगर हमने समयबद्ध तरीके से सदर विधानसभा में कर लिया तो हमारी यह विधानसभा अत्यंत मजबूत एवं पार्टी की जीत सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि हर बूथ पर यह भी सुनिश्चित करना है कि अगर किसी का वोट कटा अथवा वोटर लिस्ट में उपस्थित नहीं है तो उस व्यक्ति का आधार कार्ड लेकर वोट बनवाने हेतु फॉर्म भरना है। हर सेक्टर में कम से कम एक मीटिंग भी करवाने के निर्देश जोन प्रभारियों को दिए। इस मौके पर जिला महासचिव इलियास मंसूरी, जिला प्रवक्ता विवेक सिंह यादव, मसरूर खां, मोहम्मद चांद खां, रमेश चंद कठेरिया, राजन यादव, रामपाल सिंह यादव, समीर मिर्जा, कमल हसन, निजाम अंसारी, मोहित यादव, मुख्तियार आलम, अखिल कठेरिया, अजय यादव आदि लोग उपस्थित रहे।



बैठक में मौजूद सपा नेता

# वैदिक क्षेत्र में उदिता आर्या ने भजन प्रस्तुत कर बांधा समा

- सुसंस्कारित करने के लिए मां की गोद, घर का आंगन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में मेला श्रीराम नगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में प्रातःकाल यज्ञ किया गया। आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने बताया कि जीवन निर्माण की वैदिक पद्धति का उल्लेख महर्षि दयानन्द सरस्वती ने किया है।

उन्होंने बताया कि जिन बच्चों को माता, पिता और आचार्य योग्य मिल जाते हैं वो बच्चे महान बनते हैं। बच्चों को सुसंस्कारित करने के लिए मां की गोदी, घर का आंगन और समाज की गलियां ठीक (श्रेष्ठ) होना अत्यावश्यक है। मां का लालन, पिता का पालन और गुरु का ताडन जिन बच्चों को मिल जाता है उन्हें इस धरती पर महान बनने से कोई नहीं रोक सकता। इसलिए परिवार, समाज और राष्ट्र को उन्नत करने के लिए बच्चों को सुसंस्कारित करना अत्यावश्यक है।




भजन प्रस्तुत करती उदिता आर्या

पण्डित धर्मवीर आर्य ने बताया कि आर्य समाज का महत्वपूर्ण कार्य अविद्या का नाश और विद्या की वृद्धि करना है। विद्या की उन्नति के लिए व्यक्ति का पुरुषार्थी होना अनिवार्य है। इस संसार में मेहनत और पुरुषार्थ के बल पर ही लोगों ने सफलता के झण्डे गाड़े हैं। किसी विचारक ने लिखा है कि पुरुषार्थी व्यक्ति की सहायता भगवान भी करते हैं। पुरुषार्थ मनुष्य जीवन की उन्नति का आधार है। पण्डित धनीराम बेधड़क, पण्डित अनिलदत्त नादान, पण्डित शिवनारायण आर्य ने भजनोपदेश के द्वारा ईश्वर भक्ति की ओर प्रेरित किया। उदिता आर्या ने देख तेरे संसार की हालत क्या हो गयी भगवान, कितना बदल गया इंसान, भजन गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। डा0 शिवराम आर्य ने संचालन किया। सभा में उत्कर्ष आर्य, उदयराज आर्य, संदीप आर्य, हरिओम शास्त्री, शिशुपाल आर्य, अजीत आर्य आदि उपस्थित रहे।

## रविदास जयंती 12 फरवरी को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सतगुरु रविदास कल्याण ट्रस्ट के तत्वाधान में नारायणपुर बगीचा में आश्रम पर 12 फरवरी बुधवार को जन्मोत्सव मनाया जायेगा। रविदास कल्याण ट्रस्ट द्वारा रविदास महाराज का जन्मोत्सव मनाया जायेगा। 10 फरवरी सोमवार को समता शास्त्र पाठ होगा। 11 फरवरी को शोभायात्रा निकाली जायेगी। 12 फरवरी को शोभायात्रा के बाद जन्मोत्सव कार्यक्रम होगा। जिसमें बड़ी संख्या में लोग भाग लेंगे।



बसंत पंचमी का आनंद लेते युवक

## बसंत पंचमी पर मौसम हुआ सुहाना, खूब उड़ी पतंगें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बसंत पंचमी पर्व पर शहर में पूजा अर्चना के साथ दूसरे दिन भी पतंगबाजी हुई। पतंगबाज सुबह से ही छत पर चढ़ गये और पतंगें उड़ायी। दो दिन का त्योहार पड़ने से पतंग उड़ाने वाले लोगों के चेहरों पर रौनक दिखी। अधिकांश स्कूलों में छुट्टी भी हो गयी। युवकों के साथ युवतियों ने भी पतंग उड़ाने का लुत्फ लिया। युवक, बुजुर्ग, महिलायें, बच्चे सभी ने पतंग उड़ाकर उत्सव मनाया और एक दूसरे की पतंग काटने को लेकर उत्साहित दिखे। महिलाओं में भी पतंग उड़ाने का क्रेज दिखा। अधिकांश लोगों ने अपनी छतों पर भोजन के अलावा आलू, दाल बाटी एवं लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। आसमान में पतंगों का नजारा दिखायी पड़ा। पीले रंग के कपड़ों का क्रेज रंग बसंती जमा रहा था। मौसम सुहावना होने के कारण पूरे दिन अपनी छतों पर बच्चे व युवाओं ने पतंग उड़ाकर धूमधाम से उत्सव मनाया। पतंग शौकीनों ने एक दूसरे को बसंत पंचमी की बधाई दी और परिवार के साथ धूमधाम से बसंतोत्सव मनाया।

# सांस्कृतिक पंडाल में मुंशी प्रेमचन्द्र का नाटक प्रस्तुत कर श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महाकुंभ के अंतर्गत मेला रामनगरिया स्थित सांस्कृतिक पंडाल में संस्कार भारती के मंच समरसता विषय पर नाटक मंत्र की संजीव प्रस्तुति की गई। उपन्यासकार, कहानीकार मुंशी प्रेमचंद ने निर्दयी डॉक्टर चड्ढा के जीवन में भगत एवं पत्नी उनके सामाजिक जीवन की कहानी द्वारा छोटे बड़े लोगों के मध्य समरसता का संदेश मंत्र नाटक देता है। जिसमें सामाजिक जीवन भगत के सजीव जीवन का चित्र किया गया।

अंधविश्वास को मिटाने का भाव एवं समरसता का भाव प्रदर्शित किया गया। रामनगरिया मेला में सांस्कृतिक पंडाल पर कादरीगेट थानाध्यक्ष एवं अध्यक्ष डॉ. नवनीत गुप्ता द्वारा भरत मुनि स्मृति दिवस के अवसर पर नाट्य शास्त्र प्रणेता भरत मुनि के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर हुआ। संस्कार भारती गीत का गायन कोषाध्यक्ष नरेन्द्र नाथ मिश्रा के द्वारा हुआ। मंच पर मुंशी प्रेमचंद द्वारा लिखित कहानी मंत्र का नाट्य रूपांतरण प्रदर्शित किया गया।




नाटक प्रस्तुत करते संस्कार भारती के कलाकार

सूत्रधार अरविंद दीक्षित द्वारा नाटक मंत्र की भूमिका प्रस्तुत की गई। भगत अपने बीमार बच्चे को लेकर डॉ0 चड्ढा के पास जाता है और डॉक्टर साहब खेलने जा रहे होते हैं, इस कारण से वह बच्चे को नहीं देखते हैं। वह अपनी पगड़ी उतार कर डॉक्टर के पैरों पर रखने के बावजूद डॉक्टर बगैर निगाह डालें कल सवेरे आओ की कहकर चले जाते हैं। भगत का बेटा रोते- रोते घर वापस आता है और घर पहुंचते ही उसका हंसता खेलता बालक अपनी जीवन लीला समाप्त कर भगवान के पास चला जाता है। पति-पत्नी बहुत रोते हैं इसके बाद डॉक्टर के बेटे की जन्मदिन की पार्टी को प्रदर्शित किया गया। जिसमें कैलाश के मित्र और डॉक्टर साहब के मित्र सम्मिलित होते हैं। नाटक में डाक्टर का चरित्र दिखाया गया है। नाटक की भूरि-भूरि प्रशंसा की। पूरा पंडाल नाटक के अंत पर तालिया से गुंजायमान हो गया। डॉक्टर चड्ढा का अभिनय प्रांतीय महामंत्री सुरेंद्र पांडे ने किया। भगत का विनय नवीन मिश्रा डब्बू ने किया। नारायणी का फाल्गुनी ने, भगत की पत्नी का सिमरन ने, डॉक्टर के मित्र में आदेश अवस्थी और नरेंद्र नाथ मिश्रा ने, कैलाश के मित्र में उज्जवल पांडे अनुभव सारस्वत ने चौकीदार का अभिनय अरविंद दीक्षित में किया हर्षित मिश्रा श्याम श्रीवास्तव, रविंद्र भदोरिया, समरेंद्र शुक्ला कवि ने नाटक में सहयोग किया। इस अवसर पर दीपक रंजन सक्सेना, डॉ. सर्वेश श्रीवास्तव, साधना श्रीवास्तव, अभिनव श्रीवास्तव, कुलभूषण श्रीवास्तव, शुभ दीक्षित आदि लोग उपस्थित रहे।

# स्वच्छता अभियान चलाकर विद्यालय में मनायी गई बसंत पंचमी




मां सरस्वती का पूजन करते प्रधानाध्यापक व बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में धूमधाम से बसंत पंचमी पर्व मनाया गया। सौम्या शुक्ला के साथ मिलकर बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ विद्या की देवी मां सरस्वती का पूजन कर विद्या का वरदान मांगा। बच्चों ने स्कूल में स्वच्छता अभियान चलाया। परिसर को झालर, बल्ब, फूलों से सजाया गया। इस अवसर पर बच्चों को हलवा और पकौड़े वितरित किए गए। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ला, आकाश पाल, उजैफ पठान, मो0 सैफ, नुजहत सुल्ताना, युक्ता शुक्ला, मोना वर्मा, सूर्यांश, आयनस वर्मा, चांदनी, अंशी, अनामिका, जानवी, आशिकी, आरुष, शिवकुमार, आशा सहित दर्जनों बच्चे उपस्थित रहे।

# आलू के भाव में 50 रुपये कुंटल का उछाल



मण्डी में लगा आलू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आलू मण्डी सातनपुर में मामूली भाव में उछाल रहा। सोमवार को आलू की आमद लगभग 50 मोटर रही। गड्डु आलू 801 रुपये से 951 रुपये कुंटल बिका। छट्टा आलू 1001 रुपये 1081 रुपये कुंटल बिका। चेचक वाला आलू 601 रुपये से 701 रुपये कुंटल से बिकवाली ठीक ठाक रही। 10 फरवरी से कोल्ड स्टोरेजों में नये सीजन की शुरुआत होगी। कोल्ड स्टोरेजों में आलू रखने के लिए कोल्ड स्टोरेज तैयार हो गये है। शीतगृह मालिक अपने-अपने कोल्ड को सजाने में लगे है। शीतगृह संघ के अध्यक्ष अजय गंगवार सन्नू ने बताया कि कोल्ड स्टोरेज में आलू 8 फरवरी से रखना शुरु हो जायेगा। जसमई स्थित चन्द्र कोल्ड स्टोरेज में 8 फरवरी को शुभ मुहूर्त के साथ आलू रखा जायेगा।

आलू भण्डारण के लिए शुभ मुहूर्त कर तैयारियां शुरु हो गयी है। कुछ किसान सीधे अपने खेत से आलू ले जाकर कोल्ड स्टोरेज में रखेंगे।

# मार्ग दुर्घटना का बोलेरो चालक पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।**

बीते दिन बोलेरो ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी थी। जिसमें बैठी सवारियां घायल हो गयी थी। उसमें एक महिला की मौके पर मौत हो गयी थी। घटना के संबंध में तहरीर के आधार पर पुलिस ने बोलेरो चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी। मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव रमापुर दलील निवासी शिवराज पुत्र राम प्रकाश ने बोलेरो संख्या यूपी 76पी/5015 के चालक विरुद्ध मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार रविवार शाम समय करीब 4:30 बजे मेरे घर वाले मोबाइल पर किसी व्यक्ति द्वारा सूचना दी कि आपके परिवार के लोगों का मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव जरहरी में दुर्घटना हो गई है। जल्द आ जाएं। इस सूचना पर मैं अपने भतीजे बबलू व अन्य लोगों के साथ गांव जरहरी पंहुचा तो मैंने देखा गांव जरहरी निवासी अनुपम तिवारी के घर के सामने एक बोलेरो संख्या यूपी 76पी/5015 ने ई-रिक्शा में सामने से टक्कर मार दी। ई-रिक्शा में बैठी बुआ सास विट्टो देवी निवासी ग्राम मेदपुर थाना कम्पिल की मृत्यु हो गई। तथा उनका 25 वर्षीय पुत्र नन्हें और थाना शमशाबाद क्षेत्र के गांव प्रहलादपुर निवासिनी भाभी नेता देवी पत्नी शिवराज व रेखा देवी पत्नी देवेंद्र तथा देवेंद्र की पुत्री सुधा गम्भीर रूप से घायल हो गई। सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस द्वारा सीएचसी कायमगंज उपचार के लिए ले जाया गया। वहीं पुलिस ने मृतक विट्टो देवी के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बोलेरो चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचना अचरा चौकी प्रभारी आनंद शर्मा को सौंपी गई है।

## स्कूल गई छात्रा लापता, मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुत्री के लापता हो जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार पीड़ित ने दर्शाया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री मेरापुर थाना क्षेत्र के एक इण्टर कालेज में कक्षा 10 की छात्रा है। वह रोज की भांति 27 जनवरी सुबह 8 बजे घर से कालेज पढ़ने गई थी। कालेज की छुट्टी हो जाने के बाद जब मेरी पुत्री वापस घर नहीं लौटी तो कालेज मैंने जाकर पता किया। वहां अध्यापकों ने बताया कि आज सुबह वह कालेज नहीं आई। इसके बाद काफी खोजबीन की पर कोई पता नहीं चला। पीड़ित ने बताया कि पुत्री अपने फोन से किसी लड़के से बात करती थी। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की।

# हत्या के मामले में अभियुक्त को आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

**हत्या के मामले में** विशेष न्यायाधीश इसी एक्ट न्यायाधीश डॉ0 अनिल कुमार सिंह ने अभियुक्त सतीश को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 2.50 लाख रुपये के जुर्माने की सजा से दंडित किया। विगत 24 वर्ष पूर्व थाना शमशाबाद क्षेत्र के खुड़िनाखार निवासी पीड़ित रामपाल पुत्र लोकनाथ ने दर्ज कराये मुकदमे में दर्शाया था कि 06 मार्च 2001 को मेरा 8 वर्षीय पुत्र प्रदीप कुमार उर्फ लल्लू रोज की तरह समय करीब 9 बजे सुबह खेलते-खेलते मेरे पड़ोसी सतीशचंद्र पुत्र मदन लाल किसान के घर चला गया था। जब मैं खेत से घर आया, तो मेरी पत्नी ने बताया कि लल्लू सुबह से घर नहीं आया है। मैंने लल्लू को तलाश किया, तो मेरे पड़ोसी रघुवीर पुत्र गुलजारी लाल व प्रेमचंद्र पुत्र नानकराम ने बताया कि तुम्हारे लड़के लल्लू को दिन में करीब 2 बजे सतीशचंद्र के आंगन में खेलते देखा था। उस समय सतीशचंद्र व उसके पिता मदनलाल पुत्र सालिगराम बच्चे के पास मौजूद थे। तुम्हारा पुत्र सतीशचंद्र के पास खेल रहा था। इस पर मैंने मदनलाल व सतीशचंद्र से पूछा, तो बताया कि तुम्हारा लड़का आया जरुर था पर वह उसी समय चला गया था। इसके बाद मैंने इधर उधर काफी तलाश किया, मगर कोई पता नहीं चला। 8 मार्च 2001 को गांव के बहुत से लोग एकत्रित हुए और सबने कहा कि पहले सतीशचंद्र के घर में देखा जाये। इस पर मैं व मेरे पड़ोसी रघुवीर, प्रेमचंद्र तथा गांव के बहुत से लोग सतीशचंद्र के घर की तरफ चले, तो सतीश व उनके पिता मदनलाल घर छोड़कर भाग गये। हम लोगों ने सतीशचंद्र के घर में जाकर देखा, तो कमरे के उत्तर तरफ एक पैर लटक रहा था। टार्च जलाकर देखा तो मेरे बच्चे की लाश पड़ी हुई थी। जो पत्तों से ढकी हुई थी। बच्चे की गर्दन व पेट पर चोट के निशान थे। मेरे पुत्र प्रदीप की आरोपी सतीश व मदन लाल ने हत्या कर दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर विशेष न्यायाधीश इसी एक्ट न्यायाधीश डॉ0 अनिल कुमार सिंह ने अभियुक्त सतीश को दोषी करार देते धारा 302 के आरोप में सश्रम आजीवन कारावास व दो लाख रुपये का जुर्माना की सजा से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 201 के आरोप में सात वर्ष के कठोर कारावास व 50 हजार रुपये के जुर्माने की सजा से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियुक्त पर लगाये गये जुर्माने की राशि में से यदि वसूल की जाती है तो जुर्माने का 80 प्रतिशत पीड़ित परिजनों को दिया जायेगा।

# रोजाना याद करने से जीव विज्ञान विषय में विद्यार्थियों को सफलता निश्चित मिलती है

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** यूपी बोर्ड की परीक्षा 24 फरवरी से सम्पन्न होने जा रही है। जिसकी तैयारियों को लेकर छात्र शिक्षकों के मार्गदर्शन में पढ़ाई कर रहे है। परीक्षा पर चर्चा के दौरान अपने अनुभव साझा करते हुए

## परीक्षा पर चर्चा

एसएनएम इंटर कॉलेज कायमगंज के जीव विज्ञान प्रवक्ता रामगोपाल सिंह ने बताया कि बहुविकल्पीय प्रश्नों का छात्र सही उत्तर लिखे। अति लघु उत्तरीय प्रश्न के अनुसार सटीक लिखे। जीव विज्ञान विषय को बार-बार दोहरायें, एवं चित्र बनाकर सही नामांकन करें। विद्यार्थी पुष्पों में लैंगिक जनन, आनुवांशिकी और विकास, जीव विज्ञान और मानव कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी और उनके अनुप्रयोग, पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण आदि पर तैयारी करें। जिससे अच्छे अंक प्राप्त हो सकें। परीक्षा देने से पहले छात्र-छात्रायें घबरायें नहीं, कम से कम आठ घंटे की नींद लें। भले ही एक टाइम खाना न खा पायें, लेकिन नींद लेना जरुरी है और सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखे। आज से ही मोबाइल से दूरी बना लें और ज्यादा सोंच विचार न करें। विज्ञान विषय कठिन भी है, लेकिन पढ़ने वाले छात्रों के लिए आसान भी है। बच्चे परीक्षा में सफलता पाना चाहते है तो अच्छे से पढ़े और उन्हें बार-बार रिविजन करें। कई प्रश्नों को बार-बार दोहराने से आसानी से उसका उत्तर याद हो जाता है। समय प्रबंधन और सकारात्मक चिंतन से छात्र-छात्रायें अच्छे से प्रश्नों के उत्तर लिखे और बोर्ड परीक्षा में अपना एक टाइम टेबल बनाकर अपनी दिनचर्या निश्चित कर लेनी चाहिए। अपने आपको कमजोर आकना नहीं चाहिए।



रामगोपाल सिंह, प्रवक्ता



संदीप कुमार, अध्यापक

मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कालेज के जीव विज्ञान अध्यापक संजीव कुमार यादव ने बताया कि विज्ञान विषय में कुल 13 पाठ ही है। आज से ही प्रण कर लो कि एक पाठ रोज याद करना है तो 13 दिन में सभी पाठ समाप्त हो जायेंगे। 13 पाठों की दो बार पुनरावृत्ति हो जायेगी। विज्ञान विषय सरल लगने लगेगा। वर्ष 2018 से वर्ष 2024 तक आये हुए प्रश्नों को हल करें। मुख्य रुप से विज्ञान विषय की पुस्तक एनसीईआरटी के प्रश्न बहुविकल्पी और दीर्घ उत्तरी प्रश्न में बहुविकल्पी प्रश्न भी निकलकर आ जायेंगे।



छात्र - अर्पित

### जीव विज्ञान में चित्रों का विशेष ध्यान दिया है: अर्पित

एसएनएम इंटर कालेज कक्षा 12 के छात्र अर्पित ने बताया कि जीव विज्ञान विषय की तैयारी बोर्ड पाठ्यक्रम के अनुसार की है, विषय को बार-बार लिखकर याद किया है। वस्तुनिष्ठ, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय प्रश्नों को समझकर एवं लिखकर तैयारी की है। चित्रों पर विशेष ध्यान दिया है। विषय अध्यापक द्वारा बताये गये महत्वपूर्ण प्रश्नों पर विशेष बल दिया है।



छात्र-राघवेन्द्र बाथम

### विज्ञान विषय को बार-बार पढ़कर टॉपिक को याद किया है: राघवेन्द्र

मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज कक्षा 10 के छात्र राघवेन्द्र बाथम ने बताया कि विज्ञान विषय को बार-बार पढ़ा है और टॉपिक को याद किया है, उन्हें दोहराया है। रसायन विज्ञान के यौगिको के सूत्रों को याद किया है। भौतिक विज्ञान में आंकिक प्रश्न हल करने के लिए सूत्र व एनसीईआरटी के उदाहरण हल किये है। जिससे मुझे परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त हो सकेंगे।


केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र में जनसभा में आप पर बोला हमला

# आप ने दिल्ली के साथ किया धोखा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा में आम आदमी पार्टी पर जमकर हमला बोला।

अमित शाह ने कहा कि देशभर में एक ही शिक्षा मंत्री है, जो शराब घोटाला मामले में जेल गया है। शिक्षा मंत्री का काम होता है, बच्चों को शिक्षा देना, स्कूल बनाना, शिक्षकों का कल्याण करना, नए कॉलेज बनाना। ये सब तो कुछ उन्होंने किया नहीं, बल्कि दिल्ली में गली-गली में शराब की दुकानें खोल दी हैं। जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा में केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि 10 वर्षों तक अनेक वादे कर केजरीवाल और उनके चट्टे-बट्टों ने दिल्ली को क्या दिया? भ्रष्टाचार दिया, कूड़ा कचरा दिया, जहरीला पानी दिया और तुष्टिकरण दिया। इन्होंने दिल्ली को धोखा दिया है। दिल्लीवाले आप-दा सरकार को 8 फरवरी को झाड़ू लगाकर बाहर फेंकने वाले हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने वादा किया था कि वे यमुनाजी के पानी को साफ करेंगे। केजरीवाल ने तो यमुनाजी को स्वच्छ नहीं किया, लेकिन दिल्ली में भाजपा की सरकार बना दीजिए, तीन साल में हम यमुना रिवर फ्रंट बनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी वाले कह रहे हैं कि भाजपा आएगी तो सारी गरीब कल्याण की योजनाएं बंद हो जाएंगी, जबकि मोदी ने वादा किया है कि गरीब कल्याण की एक भी योजना बंद नहीं होगी। इसके अलावा दिल्ली की हर गरीब महिला को प्रतिमाह 2,500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर देगी और होली व दीपावली पर दो सिलेंडर मुफ्त दिये जाएंगे। 10 लाख तक का मुफ्त इलाज दिया जाएगा और हर झुग्गी-झोपड़ी को मालिकाना हक देने का काम किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा ने वादा किया था कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाएंगे। केजरीवाल, राहुल बाबा, अखिलेश, ममता इन सभी ने विरोध किया और कहा कि अनुच्छेद 370 हटाओगे तो कश्मीर में खून की नदियां बह जाएंगी।



### भाजपा सरकार को चुनने के लिए उत्सुक हैं दिल्ली के वोटर : पीयूष

**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि आठ फरवरी को दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने वाली है। दिल्ली के वोटर भाजपा सरकार को चुनने के लिए उत्सुक हैं। पीयूष गोयल ने प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केंद्र सरकार द्वारा सर्व समाज को आर्थिक मजबूती और एक समावेशी बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि अब आप-दा से दिल्ली को मुक्त होने के लिए चंद घंटे शेष रह गए हैं। इस दौरान दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा भी मौजूद रहे।

## राजस्थान में धर्मांतरण विरोधी विधेयक पेश

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने धर्मांतरण विरोधी विधेयक राजस्थान विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक 2025 प्रस्तुत किया। इस विधेयक पर बजट सत्र में चर्चा के बाद इसे पारित होने की तिथि बाद में तय की जाएगी। विधेयक के प्रावधानों के अनुसार स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन करने पर भी कलेक्टर को सूचना देना अनिवार्य होगा। इच्छानुसार धर्म परिवर्तन करने के लिए 60 दिन पहले कलेक्टर को सूचना देना आवश्यक होगा और यह प्रक्रिया अपनाना अनिवार्य होगी। विधेयक में लव जिहाद के खिलाफ भी प्रावधान किए गए हैं। विधेयक में लव जिहाद को परिभाषित करते हुए कहा गया है कि यदि कोई व्यक्ति धर्म परिवर्तन के लिए विवाह करता है, तो इसे लव जिहाद माना जाएगा। यदि यह प्रमाणित होता है कि विवाह का उद्देश्य धर्म परिवर्तन है, तो ऐसे विवाह को रद्द करने का प्रावधान किया गया है।

# विधानसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र में जोड़े गए हिमाचल जितने मतदाता : राहुल गांधी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले कथित तौर पर बड़ी संख्या में मतदाता जोड़े जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों के बीच हिमाचल प्रदेश की आबादी जितने मतदाताओं को महाराष्ट्र की मतदाता सूची में जोड़ा गया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में पांच साल में इतने मतदाता नहीं जुड़े जितने लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच के समय में जोड़े गए हैं।

शिरडी की एक बिल्डिंग में 7 हजार मतदाताओं का पंजीकरण हुआ है। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि इसमें कुछ नया नहीं था। उन्हीं बातों को दोहराया गया है जिन्हें पहले भी कहा जाता रहा है। राहुल ने चुनाव आयोग



की चयन प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए, और कहा कि आने वाले दिनों में चुनाव आयुक्त को तय किया जाना है और उन्हें लगता कि वे केवल समिति की बैठक में भाग ही ले पाएंगे, भागीदारी नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि वे आरोप नहीं लगा रहे, सिर्फ सवाल पूछ रहे हैं कि वे मांग कर रहे हैं कि चुनाव आयोग लोकसभा और विधानसभा चुनावों की मतदाता सूची प्रदान करे। उन्हें लगता है कि ज्यादातर मतदाता उन क्षेत्रों में जोड़े गए जहां भाजपा हारती रही है। राहुल ने अपने भाषण की शुरुआत में वैज्ञानिक प्रगति का विषय उठाया और कहा कि इस देश का भविष्य भारत के युवा तय करेंगे। आने वाले समय में बैटरी, इलेक्ट्रिक मोटर और ऑप्टिक्स जैसे क्षेत्रों में रिवोल्यूशन ला रहे हैं। इससे दुनिया बदल रही है। इसका भागीदार बनने के लिए देश में इनका बड़े स्तर पर उत्पादन होना चाहिए। चीन इस मामले में हमसे आगे है। उन्होंने कृत्रिम मेधा (एआई) का विषय भी उठाया और कहा कि एआई के लिए डाटा की आवश्यकता है। हमारे पास डेटा नहीं है। ज्यादातर सोशल मीडिया कंपनियां अमेरिकी हैं और सारा डेटा उन्हीं के पास है। हमें एआई में आगे बढ़ने के लिए डेटा की आवश्यकता है। राहुल ने डेटा का विषय जातीय जनगणना से भी जोड़ा और सरकार पर निशाना साधा राहुल ने कहा कि तेलंगाना का जातीय सर्वे बताता है कि वहां 90 प्रतिशत दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक हैं। भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हमें डेटा की आवश्यकता है। वे जातीय जनगणना की मांग करते हैं।

## कबड्डी में उत्तर प्रदेश की टीम ने जीता स्वर्ण




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।** उत्तर प्रदेश की पुरुष कबड्डी टीम ने उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल में फुर्ती, रणनीति और शानदार टीमवर्क के सहारे बेहतरीन धमाल मचाते हुए स्वर्णिम सफलता हासिल की। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के लिए दूसरा स्वर्ण योगासन में आर्टिस्टिक पुरुष एकल में प्रवीण कुमार पाठक ने जीता। इस सफलता पर उत्तर प्रदेश के खिखाड़ियों और खेल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गयी। उप्र ओलंपिक संघ के महासचिव आनंदेश्वर पांडेय ने कहा कि इस समय शासन स्तर से खिलाड़ियों को मिल रहे प्रोत्साहन का असर दिख रहा है। आगे चलकर प्रदेश के खिलाड़ियों की प्रतिभा में और अधिक निखार आएगा। उप्र के युवा वर्ग में खेल के प्रति उत्साह बढ़ा है। वहीं खेल निदेशक आर.पी. सिंह ने कहा कि उप्र में खिलाड़ियों में ऊर्जा बनी रहे। उनको किसी तरह की परेशानी न हो, इसका ध्यान शासन स्तर से विशेष रूप से देखा जा रहा है। योगासन के आर्टिस्टिक महिला पेयर में आर्यांशी स्वामी व सिमरन की जोड़ी ने रजत पदक जीता। वहीं महिला टीम इवेंट में उत्तर प्रदेश की स्क्वाश टीम को कांस्य पदक मिला। उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने रविवार को 2 स्वर्ण, 2 रजत व 1 कांस्य पदक जीते।

# स्कूली शिक्षा में बड़ा बदलाव, प्राथमिक से उच्च माध्यमिक तक नए विषय शामिल

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** उत्तराखंड में स्कूली शिक्षा को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप नया स्वरूप दिया जा रहा है। अब प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर छात्रों को अधिक विषयों का अध्ययन करना होगा। राज्य पाठ्यचर्या की स्टीयरिंग कमेटी ने इस ड्राफ्ट को अनुमोदित कर दिया है, जिसे अंतिम स्वीकृति के लिए शासन को भेजने की तैयारी है। ननूरखेड़ा स्थित सभागार में अपर निदेशक एससीईआरटी प्रदीप रावत की अध्यक्षता में राज्य पाठ्यचर्या का ड्राफ्ट स्टीयरिंग कमेटी के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

अनुमोदित ड्राफ्ट के अनुसार, प्राथमिक स्तर पर अब तीसरी से पांचवीं कक्षा तक के छात्रों को सात विषय पढ़ाए जाएंगे। इनमें हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, हमारे चारों ओर का संसार, कला शिक्षा और शारीरिक शिक्षा शामिल हैं।



इससे पहले इन कक्षाओं में केवल हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, पर्यावरण और गणित की पढ़ाई होती थी। इसी प्रकार उच्च प्राथमिक स्तर पर छठी से आठवीं कक्षा तक उच्च प्राथमिक स्तर पर कुल नौ विषयों को शामिल किया गया है। इनमें हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, कला, शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य, और व्यावसायिक शिक्षा प्रमुख हैं। इसके अलावा, छात्रों को ऑनलाइन माध्यम से भी पढ़ाई की सुविधा दी जाएगी, जिससे अनुपस्थित रहने पर उनकी शिक्षा बाधित न हो। नौवीं व 10वीं कक्षा में गणित अनिवार्य स्कूल शिक्षा के तहत नौवीं व 10वीं में गणित विषय अनिवार्य किया गया है, लेकिन इसका मूल्यांकन सामान्य और उच्च स्तर पर किया जाएगा।

## हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में लगे भूकम्प के झटके 3.4 रही तीव्रता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में कड़ाके की ठंड के बीच भूकम्प के झटके लगे हैं। पर्वतीय जिला कुल्लू में सोमवार सुबह भूकम्प के हल्के झटकों से धरती हिली। भूकम्प की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.4 रही। ये झटके सुबह 6 बजकर 50 मिनट पर कुछ सेकंड तक रहे। इसका असर कुल्लू जिला से सटे इलाकों में भी महसूस किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक भूकम्प का केंद्र कुल्लू में 31.76 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 77.49 डिग्री पूर्वी देशांतर पर रहा और इसकी गहराई जमीन की सतह से पांच किलोमीटर नीचे दर्ज किया गया। भूकंप के झटकों के कारण किसी तरह का जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि भूकम्प की तीव्रता कम होने की वजह से कुल्लू जिला व साथ लगते क्षेत्रों में किसी तरह के नुकसान की रिपोर्ट नहीं है।

# कमिश्नर ने लिया यातायात व्यवस्था का जायजा

समृद्धि न्यूज

**मिर्जापुर।** प्रयागराज महाकुंभ-2025 एवं बसंत पंचमी पर मां विन्ध्यवासिनी धाम में दर्शन-पूजन हेतु भारी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी व पुलिस महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र आरपी सिंह द्वारा विन्ध्याचल धाम परिसर का भ्रमण कर निरीक्षण करते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं ड्यूटी पर तैनात अधिकारी व कर्मचारीगण को श्रद्धालुओं को सुगमता पूर्वक दर्शन कराने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने श्रद्धालुओं से वार्ता की एवं उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया।

इस दौरान मण्डलायुक्त व पुलिस महानिरीक्षक द्वारा श्रद्धालुओं को सुगम व सुरक्षित यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद मिर्जापुर के विन्ध्याचल टोल प्लाजा, नटवां तिराहा, गैपुरा चौराहा सहित अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर लगातार भ्रमणशील रहकर सम्पूर्ण यातायात प्रबंधन/ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। इस अवसर पर अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



### बसंत पंचमी पर गंगा में लगाई डुबकी

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** बसंत पंचमी के अवसर पर मिर्जापुर जिले में मंदिरों से लेकर घाटों तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखी। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालु पंचमुखी महादेव व तारकेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन- पूजन के लिए पहुंचे। वहीं मां विंध्यवासिनी दरबार में भक्तों की कतार लगी रही। बसंत पंचमी पर सोमवार को श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। नगर सहित ग्रामीण अंचलों में स्थित गंगा घाट भोर से ही श्रद्धालुओं से गुलजार रहे। गंगा स्नान के पश्चात लोगों ने घाटों पर स्थित विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर दर्शन-पूजन किया।नगर स्थित बरियाघाट, बावाघाट, पक्काघाट, कचहरीघाट सहित अन्य घाटों पर पुरुषों और महिलाओं का सोमवार को झुंड पहुंच रहा था। स्नानार्थियों में महिलाओं की संख्या अधिक रही। बरियाघाट पर गंगा स्नान कर श्रद्धालुओं ने श्री पंचमुखी महादेव व तारकेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर दर्शन-पूजन किया। बसंत पंचमी पर विकास खंड कोन के विभिन्न गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं ने स्नान किया।

## कचरा फेंके जाने से प्रदूषित हो रही है बेलन नदी

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत बरौधा स्थित बेलन नदी कूड़ा कचरा फेंके जाने से जीवनदायनी बेलन नदी का पानी प्रदूषित हो रहा है। यह हाल तब है जब लाखों रूपये की लागत से ग्राम पंचायत बरौधा में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत कूड़ा संग्रहण केंद्र का निर्माण कार्य कराया गया है जो शोपीस साबित हो रहा है। बाजार का कूड़ा कचरा प्लास्टिक कचरा बेलन नदी में फेंक दिया जा रहा है जिसका परिणाम यह है की कचरा पानी के बहाव के साथ नदी में चला जा रहा जिससे नदी का पानी पूरी तरह से प्रदूषित हो रहा है। ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान सचिव की लापरवाही से बेलन नदी लगातार प्रदूषित हो रहा है। बरौधा बाजार के साहेब बाबा घाट पर कचरे का अम्बार लगा है। एडीओ पंचायत हलिया रुपेश श्रीवास्तव ने बताया कि नदी किनारे कूड़ा फेंकना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। अगर नदी किनारे कूड़ा फेंका जा रहा है तो मामले की जांच कराते हुए कार्रवाई की जाएगी।

# स्वर्गीय सरोज सिंह की स्मृति में तीसरा क्रिकेट संस्करण आयोजित

समृद्धि न्यूज

**चुनार (मिर्जापुर)।** प्रीमियर लीग का तीसरा क्रिकेट संस्करण स्टेडियम चुनार में आयोजन हुआ। जिसके मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के डायरेक्टर जावेद अख्तर, विशिष्ट अतिथि वाराणसी क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त सचिव पीपी आनन्द और जमाल अख्तर रहे।

पहला मैच विंध्य क्रिकेट एसोसिएशन और बी, एन, एस, क्रिकेट एकेडमी वाराणसी के बीच खेला गया। टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। विंध्य क्रिकेट एसोसिएशन बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 106 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। बल्लेबाज टीम से सुमित कुमार यादव ने 28 रन बनाए,वही गेंदबाजी टीम से अनुज ने 3 विकेट प्राप्त किए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बीएनएस क्रिकेट एकेडमी, वाराणसी की टीम 9 ओवर में 107 रन बनाकर ये मैच 9 विकेट से



विजयी हुई।मैन ऑफद मैच का पुरस्कार अनूप को दिया गया। दूसरा मैच एमटीसी अकादमी वाराणसी और भारतीय स्पोर्टस क्रिकेट अकादमी चुनार, मिर्जापुर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एमटीसी अकादमी ने 112 रन बनाएं, बल्लेबाजी टीम से आशीष सिंह ने 28 रन बनाए। गेंदबाजी टीम से रौनक सिंह ने 3 विकेट प्राप्त किए।लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय स्पोर्टस क्रिकेट अकादमी चुनार मिर्जापुर की टीम 11 ओवर में 115 रन बनाकर विजयी हुई। बल्लेबाजी टीम से देवराज ने 50 रन और मुकेश यादव ने 48 रन बनाए। मैन ऑफद मैच रौनक सिंह को दिया गया।

## खबरें एक नजर में

### जापान ने नई पीढ़ी के एच3 रॉकेट से नेविगेशन उपग्रह किया लॉन्च

**टोक्यो।** जापान ने अपनी अंतरिक्ष क्षमताओं को और मजबूत करते हुए रविवार को एच3 रॉकेट के माध्यम से एक महत्वपूर्ण नेविगेशन उपग्रह का सफल प्रक्षेपण किया। यह उपग्रह जापान की अधिक सटीक और स्वायत्त स्थान निर्धारण प्रणाली विकसित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। मिचिबिकी-6 नामक इस उपग्रह को तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया गया, जो जापान के दक्षिण-पश्चिमी द्वीप पर स्थित है। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी ने पुष्टि की कि लॉन्च के सभी चरण सफलतापूर्वक पूरे हुए और उपग्रह को सही कक्षा में स्थापित कर दिया गया। वर्तमान में जापान की अर्ध-जेनिथ उपग्रह प्रणाली (क्यूजेडएसएस) चार उपग्रहों के साथ कार्यरत है, जिसे 2018 में पूरी तरह सक्रिय किया गया था। यह प्रणाली अमेरिकी जीपीएस तकनीक के साथ मिलकर स्मार्टफोन, ऑटोमोबाइल, समुद्री नेविगेशन और ड्रोन संचालन के लिए उच्च-स्तरीय स्थान संबंधी जानकारी प्रदान करती है। जापान मार्च 2026 तक सात उपग्रहों का नेटवर्क विकसित करने के लिए दो और उपग्रहों का प्रक्षेपण करेगा। इसके अलावा, 2030 के दशक के अंत तक 11 उपग्रहों का पूर्ण नेटवर्क स्थापित करने की योजना बनाई गई है, जिससे जापान की नेविगेशन प्रणाली और भी सटीक और आत्मनिर्भर हो जाएगी। यह प्रक्षेपण जापान के अंतरिक्ष अन्वेषण और तकनीकी नवाचार में बढ़ती ताकत को दर्शाता है। भविष्य में, यह प्रणाली वैश्विक स्तर पर संचार और नेविगेशन सेवाओं को नया आयाम देने में योगदान दे सकती है।

### एफआईएच प्रो लीग 2024-25 मैचों के लिए मुफ्त होंगे टिकट

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने 15 से 25 फरवरी तक एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 मैचों के लिए भुवनेश्वर के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में सभी प्रशंसकों के लिए मुफ्त प्रवेश की घोषणा की है। भुवनेश्वर चरण में भारत, इंग्लैंड, स्पेन, जर्मनी और आयरलैंड की शीर्ष पुरुष टीमें भाग लेंगी, जबकि महिला प्रतियोगिता में भारत का सामना जर्मनी, इंग्लैंड, नीदरलैंड और स्पेन से होगा। प्रत्येक टीम एक दूसरे के खिलाफ दो बार खेलेंगी। भारत का अभियान 15 फरवरी को शुरू होगा, जिसमें महिला टीम का सामना इंग्लैंड से होगा, उसके बाद पुरुष टीम का सामना स्पेन से होगा। भुवनेश्वर में हॉकी प्रो लीग मैचों के लिए मुफ़्त टिकट प्राप्त करने की प्रक्रिया- प्रशंसक वर्चुअल टिकट प्राप्त करने के लिए www.ticketgenie.in पर पंजीकरण कर सकते हैं, जिससे मैच के दिनों में परेशानी मुक्त प्रवेश सुनिश्चित होगा। मुफ़्त टिकट Ticketgenie के वेब पोर्टल और ऐप पर प्राप्त किए जा सकते हैं।

### मोदी सरकार अमीरों को और अमीर बना रही : खरगे

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी सरकार के नारे - सबका साथ विकास विकास卐 को खोखला करार देते हुए सोमवार को कहा कि यह अमीरों को और अमीर तथा गरीबों को और गरीब बना रही है। श्री खरगे ने सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि सरकार सबका साथ सबका विकास की बात करती है लेकिन गरीबों का विकास नहीं हो रहा है। केवल अमीरों का विकास हो रहा है। किसान आत्महत्या कर रहे हैं। किसानों को उनकी उपज के दाम नहीं मिल रहे हैं। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। सरकारी नौकरी की 40-50 लाख रिक्तियां हैं। उन भर्तियां नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि सबके विकास के लिए सरकारी नौकरियों पर भर्ती कर आवश्यक है।

### बसंत पंचमी पर श्रीराम लला को धारण कराया गया पीत वस्त्र

**अयोध्या।** बसंत पंचमी के अवसर पर प्रभु श्रीराम लला को विशेष पीले वस्त्र धारण कराए गए। यद्यपि दिनों के क्रम में श्वेत वस्त्र होना था, किन्तु बसंत के कारण तीर्थ क्षेत्र की ओर से विशेष रूप से आज के लिए पीत वस्त्र तैयार कराया गया था। इसके साथ ही श्री राम लला को गुलाल भी लगाया गया। प्रसाद स्वरूप अर्चकों ने भी परस्पर गुलाल लगाया। बसंत पंचमी के कारण सोमवार को श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर समेत पूरी रामनगरी में अलग ही उत्साह का वातावरण है। ब्रह्म मुहूर्त से ही पुण्य सलिला सरयू में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी हुई थी। सभी प्रमुख देवस्थानों पर श्रद्धालुओं की कतारें लगी रही। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे।


### सुरक्षा बलों व नक्सलियों के बीच मुठभेड़, एक की मौत

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर और नारायणपुर जिले के सीमावर्ती इलाकों पखांजूर और पानीडोबीर के इलाके में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। सुरक्षा बलों ने एक एसएलआर (स्ट्राइकर राइफल) हथियार भी बरामद किया है। सूत्रों के अनुसार, मुठभेड़ रुक-रुक कर जारी है। यह मुठभेड़ तब शुरू हुआ जब जिला रिजर्व गार्ड और बीएसएफ के जवान एरिया डोमिनेशन के अंतर्गत इलाके में गशत पर थे। सुरक्षा बलों को नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिली थी, जिसके बाद कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र के पानीडोबीर इलाके में नक्सलियों से मुठभेड़ शुरू की।

### त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक लोकसभा में पेश

**नई दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार को 'ग्रामीण प्रबंधन संस्थान, आनंद' (आईआरएमए) को एक विश्वविद्यालय के तौर पर स्थापित करने से जुड़ा विधेयक पेश किया गया। इस विश्वविद्यालय को 'त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय' के तौर पर जाना जाएगा। केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने आज लोकसभा में 'त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय, विधेयक-2025' विचार के लिए पेश किया। विधेयक से संस्थान को राष्ट्रीय महत्व का दर्जा प्राप्त होगा। विश्वविद्यालय सहकारी क्षेत्र में तकनीकी और प्रबंधन से जुड़ी शिक्षा पर केंद्रित होगा। इसका उद्देश्य सहकारी क्षेत्र में शोध और विकास, वैश्विक उत्कृष्टता और सहकारी आंदोलन को मजबूती प्रदान करना है। यह सरकार के 'सहकार से समृद्धि' के विजन का हिस्सा है।

### मंडलीय व जनपदीय अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** अपर आयुक्त प्रशासन डॉक्टर विश्राम की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में ई-ऑफिस प्रणाली लागू एवं क्रियान्वित किए जाने के संबंध में मंडल के सभी मंडलीय एवं जनपदीय स्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया कि जिन कार्यालय में अभी तक ई-ऑफिस से संबंधित आईडी पासवर्ड नहीं बना है वे यथाशीघ्र बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि 01 मार्च 2025 के बाद किसी भी कार्यालय में मैनुअल कार्य नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चंद्र, प्रभागीय वनाधिकारी अरविंद राज मिश्रा, उप निदेशक कृषि विकेश पटेल, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव, उप आबकारी आयुक्त श्रीराम पाण्डेय, ई डिस्टिक मैनेजर दीपचंद दीक्षित उपस्थित रहे।

# अदाणी व इस्कॉन की नारायण सेवा बनी वसंत पंचमी पर विशेष आकर्षण

▸ प्रतिदिन एक लाख श्रद्धालुओं को हो रहा महाप्रसाद का वितरण

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** प्रयागराज के महाकुंभ मेले में वसंत पंचमी का उल्लास देखते ही बना। माँ सरस्वती को समर्पित वसंत पंचमी के दिन श्रद्धालु त्रिवेणी संगम पर बहुत ही व्यापक संख्या में दूर-दराज के इलाकों से पहुँचे। महाकुंभ के दौरान माँ सरस्वती नदी में स्नान करने का सौभाग्य प्रयागराज में आने वाले लोगों को मिला।

महाकुंभ आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अदाणी समूह और इस्कॉन द्वारा साथ मिलकर की जा रही नारायण सेवा भी वसंत पंचमी पर विशेष आकर्षण का केंद्र बनी। पूरी तरह निःशुल्क स्वादिष्ट और सात्विक महाप्रसादी वितरण का लाभ प्रतिदिन 1 लाख श्रद्धालुओं को मिल रहा है। वसंत पंचमी के अवसर श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि होने के परिणामस्वरूप भोजन प्रसादी भी प्रतिदिन की अपेक्षा अधिक वितरित की गई। महाप्रसादी के वितरण के दौरान श्रद्धालुओं को चंदन तिलक



लगाकर उनका स्वागत किया गया, जिससे यह दिन और भी विशेष बन गया। पंडाल में दिनभर श्रद्धालुओं की आवा-जाही लगी रही, लेकिन कोई भी भूखा नहीं लौटा। इस दिन की एक और बात जो सबसे विशेष रही, वह यह कि अदाणी और इस्कॉन के स्वयंसेवक पूरे दिन पीले वस्त्र पहने रहे। इससे भी विशेष, बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी पीले वस्त्रों में भोजन प्रसादी लेने पहुँचे, जिसके परिणामस्वरूप पंडाल पीताम्बर से सज गया। महाकुंभ में अदाणी का यह छोटा-सा योगदान पहले दिन से जारी है, जो कि 22 दिन बाद भी समान रूप से किया जा रहा है। अब तक 25 लाख श्रद्धालु महाप्रसादी का लाभ ले चुके हैं। यह महाप्रसादी पंडाल के भीतर ही नहीं, बल्कि बाहर भी मिल रही है। यानि पंडाल में तो भोजन प्रसादी का वितरण चल ही रहा है, लेकिन अदाणी और इस्कॉन के स्वयंसेवक चौक-चौराहों, जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड जैसे भीड़-भाड़ वाले इलाकों में भी प्रसादी का वितरण कर रहे हैं, ताकि दूर-दराज इलाकों से थककर आए श्रद्धालुओं को भोजन के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े।

गौरतलब है कि देश ही नहीं, विदेशों से भी भारी संख्या में लोग महाकुंभ में पहुँच रहे हैं। आम जनता, वीआईपी, वीवीआईपी, सितारे, नेता, जानी-मानी हस्तियाँ और बड़े-बड़े नेता भी तमाम लोग महाकुंभ में पहुँच रहे हैं और गरीब हों या अमीर, साथ बैठकर समान रूप से भोजन प्रसादी का आनंद ले रहे हैं। यह विशेषता है महाकुंभ की। कहने का अर्थ है कि यह महाकुंभ है, यहाँ हर एक शख्स सिर्फ एक इंसान है। महाप्रसादी के क्षेत्र में कोई वीआईपी नहीं है और न ही किसी तरह का वीआईपी ट्रीटमेंट किसी को दिया जा रहा है। यहाँ न कोई बड़ा है, न छोटा, सब एक हैं। महाकुंभ 2025 में हर दिन अदाणी-इस्कॉन के एक किचन में 500 क्विंटल सब्जी बनाई जा रही है। सब्जी लोकल वेंडर्स से खरीदी जा रही है और महिला वेंडर्स को प्राथमिकता दी जा रही है।

## नारायण गृहस्थ आश्रम पचरांव मे मनाया गया बसन्तोत्सव



**सीखड़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** बसन्त पंचमी के शुभ पावन अवसर पर नारायण गृहस्थ आश्रम नारायण नगर पचरॉव मे माँ सरस्वती का एवं उनके वाद्ययंत्रों का पूजन किया गया। सर्वप्रथम मां के चित्र पर मालाफूल चढाकर सरस्वती वन्दना की गई। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। मां सरस्वती को पीले रग की मिठाई, पीले रंग का फल, कलम, पेन्सिल और कापी चढ़ाकर सभी आए हुए बच्चों को प्रबंधक विचित्रानंद ने प्रसाद स्वरूप बांटा। संस्थान की अध्यक्षा सबिता सिंह ने सभी आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कृपाशंकर सिंह, राजनारायण सिंह मास्टर, परशुराम सिंह मास्टर, प्रतिभा, अंकिता, अंशू, मोहित, कृष्ना, परी, अर्पिता, खुशबू, अनुष्का, दृष्टि, रूद्र, प्रांजल आदि उपस्थित थे।

## सात फीट के मगरमच्छ को वन विभाग ने जलाशय में छोड़ा

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया महादेव मजरे में रविवार की रात्रि नहर में सात फीट का मगरमच्छ चहल कदमी करता हुआ देखकर ग्रामीणों ने लाठी डंडे से मगरमच्छ को घेरकर इसकी सूचना वनक्षेत्राधिकारी अवध नारायण मिश्र को दिया। मौके पर पंहुचे वनक्षेत्राधिकारी व उप वनक्षेत्राधिकारी सीपी तिवारी एवं वन दरोगा सूरज पांडेय, अजय प्रकाश, वन्यजीव रक्षक राजकुमार, अरविन्द कुमार रामदास आदिवासी ने अथक प्रयास करते हुए ग्रामीणों के सहयोग से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते हुए बांस के सहारे मगरमच्छ को रस्सी से बांधकर पकड लिया और ट्रैक्टर ट्राली पर लादकर सुरक्षित मेजा ददरी जलाशय के गहरे पानी में छोड़ दिया। तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली मगरमच्छ को देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की भीड जुटी रहे अनुमान लगाया जा रहा है। सुसुआड नाले से भटककर बस्ती की तरफ पंहुचा था। इस संबंध में वनक्षेत्राधिकारी अवध नारायण मिश्रा ने बताया कि सात फीट का मगरमच्छ चहल कदमी करते हुए हलिया के महादेव स्थित नहर में बस्ती के समीप पंहुचा था। टीम के साथ मौके पर पंहुचकर रेस्क्यू आपरेशन चलाते हुए मगरमच्छ को पकडकर मगरमच्छ को सुरक्षित मेजा ददरी जलाशय में छोड़ दिया गया है।